हर साल सिर्फ 2 ही फिल्में करूंगी ... पेज 12 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 01 जुलाई 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 148 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00



## NEWS इन ब्रीफ

### सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में शुक्रवार को मधुपुर उपचुनाव वर्ष 2021 के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयानबाजी करने को लेकर दर्ज पांच प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट से जवाब दायर करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई निर्धारित की। कोर्ट ने इन सभी मामलों में निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पैरवी की। निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयान बाजी को लेकर देवघर टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। याचिका में याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि घटना के छह माह के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### लव जिहाद-दुष्कर्म का आरोपी आरजू गिरफ्तार

**रांची।** धर्म और पहचान छिपाकर बोकारो की युवती से शादी करने और फिर दोस्तों के साथ मिलकर उससे गैंगरेप के आरोपी आरजू मल्लिक को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। मल्लिक बोकारो के आजादनगर का रहने वाला है। उस पर बंगाल के पुरुलिया के एक भाजपा नेता की भी हत्या का आरोप है। बंगाल पुलिस ने उसे बिहार के जमुई में पकड़ा है। बोकारो की लड़की ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए मल्लिक के खिलाफ वर्ष 2021 में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद से ही वह फरार था। युवती ने 2021 में बताया था कि शादी के बाद आरजू के दोस्तों ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस इस मामले में आरजू को झारखंड के अलावा बिहार समेत अन्य जगहों पर तलाश रही थी।

## जेईई-नीट की परीक्षा में कर रहीं जिला का नाम रोशन

# सपनों की उड़ान भर रही हैं आदिवासी छात्राएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खूंटी जिले में शुरू हुई सपनों की उड़ान योजना सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। दूर-दराज के स्कूलों के छात्रों में भी अपने जीवन में कुछ कर गुजरने का हौसला बढ़ रहा है। खासतौर पर आदिवासी बच्चियां अपनी इच्छाशक्ति और मजबूत इरादों के साथ सपनों की उड़ान भर रही हैं। खूंटी जिला प्रशासन इन बच्चियों के सपनों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा। जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही सपनों की उड़ान योजना से नक्सल प्रभावित क्षेत्र के दूरस्थ इलाकों से निकलकर आदिवासी बच्चियां जेईई और मेडिकल की तैयारी कर रही हैं।



तीन वर्ष के प्रयास से जिला प्रशासन ने दर्जनों आदिवासी बच्चियों को ग्रामीण इलाकों से निकालकर उनको बेहतर शिक्षा और सपनों को साकार करने का मौका दिया है। गांव देहात जाकर जिला प्रशासन की टीम बच्चियों को स्कूल और बेहतर शिक्षा के बारे में बता रही हैं, जिससे बच्चियों को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। इस योजना के पहले बैच में 28 छात्राएं जुड़ीं, जिसमें तीन ने जेईई और दो छात्रा ने नीट की परीक्षा पास की है। वहीं दूसरे बैच से 54 लड़कियों ने दिन रात मेहनत कर तैयारी की, जिसमें 18 बच्चियों ने परीक्षा लिखीं और जेईई मेंस पास किया है। जिसमें एक बच्ची ने जेईई एडवांस पास किया जबकि तीसरे बैच में लगभग 45 आदिवासी बच्ची जेईई और मेडिकल की तैयारी कर रही हैं। जिला प्रशासन इन बच्चों को लगातार प्रोत्साहित कर रहा है ताकि वो अपने सपनों को पूरा कर सके और जिला ही नहीं देश प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

खूंटी जिला प्रशासन की पहल पर चलाई जा रही सपनों की उड़ान योजना से धीरे धीरे बच्चियां जुड़ रही हैं। जिससे अब कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में सीट से अतिरिक्त नामांकन फॉर्म जमा हो रहे हैं। जेईई और मेडिकल की परीक्षा पास करने वाली छात्राओं की संख्या लगातर बढ़ने से बच्चियां लगातार प्रोत्साहित हो रही हैं और आज कस्तूरबा स्कूल में साइंस में बच्चों की संख्या बढ़ रही है। स्कूल के शिक्षक भी बच्चियों को नीट की तैयारी करा रहे हैं। स्कूल प्रशासन के अनुसार कस्तूरबा स्कूल में साइंस के लिए 75 सीट रिजर्व है लेकिन अभी तक 100 से ज्यादा बच्चियां नामांकन के लिए आवेदन कर चुकी हैं। स्कूल प्रशासन अब टेस्ट लेने के बाद एडमिशन लेगा। पिछड़ा जिला होने के कारण और साइंस की पढ़ाई नहीं होने से जिले की अधिकांश बच्चियां स्कूल छोड़ देती थीं। लेकिन इस योजना से जुड़कर आज बड़ी संख्या में खूंटी की बच्चियां नीट में सफल हुई हैं। खूंटी के कालामाटी स्थित कस्तूरबा स्कूल में बड़ी संख्या में आदिवासी लड़कियां नीट की तैयारी कर रही हैं। छात्राओं ने बताया कि उन्हें पढ़ने का मौका मिला है, कल तक नक्सल और दूरस्थ इलाका होने के कारण परिवार वाले भी अगके की पढ़ाई नही करवाते थे। लेकिन जिला प्रशासन की पहल और नक्सल के खिलाफ लगातार कार्रवाई के कारण बेखौफ होकर हमलोग बाहर निकले हैं और अपने सपनों को पूरा करने की तैयारी कर रही हैं। आदिवासी बच्चियों का सपना है कि वो उच्च शिक्षा हासिल करके डॉक्टर और इंजीनियरिंग बनेंगी।

## मुख्यमंत्री ने करोड़ों की योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन, कहा

# बच्चे पढ़ाई पर दें ध्यान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शिक्षा एवं स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था से ही स्वस्थ और मजबूत समाज एवं राज्य बन सकता है। राज्य सरकार इसी प्रतिबद्धता के साथ के साथ अपनी कार्य योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने हूल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को अमर वीर शहीद सिदो कान्हू की पवित्र भूमि- भोगनाडीह (बरहेट, साहिबगंज) में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने साहिबगंज सदर अस्पताल में जेन नेक्स्ट ई- हॉस्पिटल सिस्टम का ऑनलाइन शुभारंभ करते हुए कहा -अब राज्यवासी विशेषज्ञ चिकित्सकों से ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श ले सकेंगे। सरकार के इस पहल से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सदैव से ही वीरों और शहीदों की धरती रही है। हमारे पुरखों और पूर्वजों ने एक तरफ शोषण और जुल्म के खिलाफ लंबा संघर्ष किया, वही ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो- कान्हू, चांद -भैरव फूलो -झानो, तिलका मांझी, नीलाम्बर -पीताम्बर जैसे हजारों वीरों ने अंग्रेजों के खिलाफ जंग में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हमें अपने इन वीर शहीदों पर गर्व है। आने वाली पीढ़ी को को इनकी वीरगाथा से अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हर वर्ग और हर तबके की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं चलाई जा रही है। जरूरत है कि आप आगे बढ़ें, आपको सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्य उपलब्ध कराएगी। हर व्यक्ति स्वावलंबी और सक्षम बने, यह हमारा संकल्प है।



### कल्याणकारी योजनाओं से कराया अवगत

सीएम ने कहा कि यह आपकी सरकार है। आपके मान-सम्मान की रक्षा के साथ आपको अपना हक और अधिकार मिले, इसके लिए सरकार पूरी तरह संकल्पित है। सीएम ने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फूलो -झानो आशीर्वाद योजना, कृषि ऋण माफी योजना, नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना, जैसी कई योजनाएं सरकार चला रही है। इन योजनाओं से आप जुड़े और अपने को सशक्त बनाएं। आपका सशक्तिकरण राज्य को सशक्त बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने की दिशा में सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सरकार ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की है। यहां निजी विद्यालयों की तर्ज पर गरीब बच्चों को निशुल्क अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। वहीं अन्य सरकारी विद्यालयों में सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। इतना ही नहीं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और अन्य कोर्स की पढ़ाई के साथ विदेशों में भी उच्च शिक्षा के पूरा खर्च सरकार वाहन करेगी। बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 16434. 841 लाख रुपए की कुल 616 योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया इसमें 1571.277 लाख रुपए की 99 योजनाओं का उद्घाटन और 14863.564 लाख रुपए की 517 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सिरफिरे नाबालिग ने खादगढ़ा बस स्टैंड में मचाया था कोहराम

### स्प्रे और लाइटर से जला डाले आठ बस

### खादगढ़ा बस स्टैंड आगजनी मामले में पुलिस ने नाबालिग को पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुवार को रांची के खादगढ़ा बस स्टैंड में हुए भीषण अग्निकांड को एक सिरफिरे नबालिग के द्वारा अंजाम दिया गया था। 15 साल के इस नाबालिग ने पांच घंटे के अंतराल में नौ बसों को आग लगा कर पूरी राजधानी को हिला डाला था। रांची पुलिस ने 12 घंटे के अंदर आग लगी की साजिश का खुलासा करते हुए नाबालिग को निरुद्ध कर लिया है। निरुद्ध किए गए नाबालिग के पास से पुलिस ने एक स्प्रे और लाइटर बरामद किया है। इसी लाइटर और स्प्रे के जरिए एक-एक कर नाबालिग ने 9 बसों को आग लगा दिया। इस आग लगी में 8 बस तो जलकर खाक हो गए थे जबकि एक को जलने से बचा लिया गया था। पुलिस के पूछताछ में नाबालिग ने यह बताया है कि उसने बस के टंकी के पास पहले इस प्रेमारा और फिर लाइटर से उसमें आग लगा दिया इस तरह की वजह से आग तेजी के साथ फैलती चली गई। फिलहाल विरुद्ध किए गए नाबालिग से पुलिस की टीम पूछताछ कर रही ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### पांच घण्टे के अंतराल में जली थीं 9 बसें

**गौरतलब** है कि गुरुवार को 5 घंटे के अंतराल में खादगढ़ा बस स्टैंड में दो बार भीषण आग लगी, इस आग लगी में 8 बस जलकर पूरी तरह से खाक हो गई, जबकि एक बस को अग्निशमन विभाग के द्वारा बचा लिया गया था। 9 वें बस में आंशिक रूप से नुकसान हुआ है, लेकिन बाकी आठ बस तो पूरी तरह से जल कर राख हो गए। पहली वारदात में कुल 5 बसों में अचानक आग लगी थी आनन-फानन में दमकल के वाहनों को बुलाया गया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ, नतीजा चार बस जलकर पूरी तरह से खाख हो गए। पहली आग लगी कि घटना के बाद दमकल के 5 वाहनों ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, आग पर काबू पाने के बाद दमकल के वाहन वापस चले गए।

## अग्रवाल बंधु हत्याकांड : लोकेश धर्मेंद्र और सुनील को उम्रकैद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में एक न्यूज चैनल के दफ्तर में दो व्यवसायी भाइयों हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या के मामले में रांची के अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने चैनल संचालक लोकेश चौधरी सहित तीन अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने बीते 26 जून को ही तीनों को दोषी करार दिया था।

शुक्रवार को सजा के बिंदु पर बहस के बाद अदालत ने फैसला सुनाया। इन तीनों पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। मामले के एक आरोपी रविशंकर लाल को अदालत ने 26 जून को बरी कर दिया था। जबकि, एक अन्य आरोपी एमके सिंह पिछले चार सालों से फरार है।

यह वारदात 6 मार्च 2019 को हुई थी। न्यूज चैनल रांची के सबसे पॉश इलाके अशोक नगर में फ्रेंचाइजी मॉडल के आधार पर संचालित होता था। उसका संचालक लोकेश चौधरी नामक शख्स था। उसने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## जेजेएमपी का एरिया कमांडर गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** पांकी पुलिस ने ताल पंचायत के खजूरी गांव से जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर प्रमोद सिंह उर्फ दीपक को किया गिरफ्तार किया है। एरिया कमांडर को उसके घर खजूरी से शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। प्रमोद सिंह उर्फ दीपक इन दिनों बीड़ी पत्ता के ठेकेदारों एवं चिमनी भट्ठा के मालिकों को लेवी के लिए धमकाने में लगा हुआ था। इसी क्रम में वह घर आया, इसकी गुप्त सूचना मिलते ही एक पुलिस टीम गठित कर छापामारी की गई और घर से भागने के क्रम में उसे धर दबोचा गया।

## जेल अधीक्षक-जेलर से पूछताछ अधीक्षक की भूमिका संदेहास्पद

### फूटेज को लेकर अफसरों को करते रहे गुमराह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जेल में बंद मनी लाउंड्रिंग के आरोपियों को अनुचित लाभ देने के मामले में ईडी ने रांची जेल अधीक्षक हामिद अख्तर की भूमिका को संदेहास्पद पाया है। शुक्रवार को ईडी ने रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर और जेलर नसीम खान से पूछताछ की। पूछताछ के क्रम में हामिद अख्तर से ईडी अधिकारियों ने गलत फूटेज सौंपने के विषय में पूछताछ की। तब हामिद अख्तर ने बताया कि उसे लगा था कि जेल में बंद अमित अग्रवाल से जुड़ा फूटेज ईडी ने मांगा है। ईडी के अधिकारियों ने तब हामिद अख्तर को लताड़ लगायी। ईडी के अधिकारियों ने हामिद से पूछा कि जेल प्रशासन को भेजे पत्र में स्पष्ट तौर पर जून से नवंबर 2022 तक के फूटेज मांगे गए थे। इस दौरान अमित अग्रवाल रांची जेल में बंद ही नहीं थे। तब क्यों जेल अधीक्षक ने उस अवधि की फूटेज नहीं दी। प्रेम प्रकाश व छवि रंजन की मुलाकात को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## राज्य में आज से बदलेगा स्कूलों का टाइम टेबल

**रांची।** आज से स्कूल में कक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर तीन बजे तक संचालित होगी। इस दौरान प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 08.45 बजे विद्यालय प्रबंधन द्वारा लंबी घंटी लगायी जाएगी। प्रातःकालीन प्रार्थना सभा क्रिया-कलाप का समय प्रातः 9 से 09.15 होगा। प्रार्थना सभा की कुल अवधि 15 मिनट की होगी। विभाग ने ऐसा राज्य में मॉनसून के दस्तक देने के बाद ही तय किया है। प्रचंड गर्मी पड़ने से स्कूलों का समय बदलने के साथ-साथ कुछ दिनों के लिए छुट्टी भी घोषित की गई थी। विभाग ने कहा था कि तापमान में गिरावट आने से एक जुलाई से बदलेगी। सरकारी स्कूलों में मॉर्निंग शिफ्ट होने की स्थिति में शिक्षकों को सुबह 6.45 बजे तक पहुंचना होगा। सात से 7:15 बजे तक प्रार्थना सभा होगी। इसके बाद क्लास में अटेंडेंस ली जाएगी और पहली घंटी 7.25 मिनट से बजेगी। पहली दो घंटियां 45-45 मिनट की होंगी और उसके बाद पांच मिनट का ब्रेक दिया जाएगा।

## समान नागरिक संहिता का पहला टेस्ट होगा उत्तराखंड में, ड्राफ्ट तैयार

# शादी का रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

भाजपा की केन्द्र सरकार लगता है उत्तराखंड को यूनिफॉर्म सिविल कोड या यूसीसी या समान नागरिक संहिता का पहला परीक्षण राज्य बनाएगी। तीन वजहें हैं: पहला- वहां भाजपा का राज होना ,दूसरा- छोटा राज्य होना, तीसरा- वहां की जनसंख्या 1,17,00,000 है, और इनमें हिन्दूओं की संख्या सबसे ज्यादा और मुस्लिमों की कम ,लगभग 18 लाख होना। लेकिन यह भी सच है कि असम के बाद यदि किसी राज्य में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है तो वह है उत्तराखंड। उप्र से सटे उत्तराखंड के जिलों में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है।

इस उत्तराखंड का समान नागरिक संहिता ड्राफ्ट तैयार हो गया है। इस ड्राफ्ट को जल्द सरकार को सौंपा जाएगा। उत्तराखंड में यूसीसी को लेकर बनाई गई ड्राफ्ट कमेटी के सदस्य और सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में इसे लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ड्राफ्ट को लेकर कई लोगों के सुझाव आए थे। कई बैठकें की गईं। अब ड्राफ्ट तैयार हो चुका है। सेवानिवृत्त जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई ने बताया कि ड्राफ्ट कमेटी बनने के बाद से इस मामले पर 2.31 लाख से अधिक सुझाव आए। 20 हजार से अधिक लोगों से मौखिक तौर पर बातचीत की गई। कमेटी ने यूसीसी के हर पहलू को जानने के लिए उप समिति का भी गठन किया जिसने कई बैठकें की।




ड्राफ्ट कमेटी ने बॉर्डर के गांव माणा से लेकर दिल्ली तक कई बैठकें कीं। इन बैठकों में राजनीतिक दल, सामाजिक संस्थाएं और धार्मिक संगठनों के लोगों से भी बातचीत की गई। उनके सुझाव भी ड्राफ्ट में शामिल किए गए हैं।जस्टिस देसाई ने कहा कि समान नागरिक संहिता को लेकर ड्राफ्ट बनकर तैयार है। इसे प्रिंटिंग के लिए भेजा जाएगा। जिसके बाद यह ड्राफ्ट सरकार को सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट के लिए 143 से अधिक बैठकें की गई हैं। इतना ही नहीं हर जाति, जनजाति और धर्म के लोगों से भी सुझाव मांगे गए थे। इन सुझावों को ड्राफ्ट में शामिल किया गया है।

सूत्रों का कहना है कि इस ड्राफ्ट में शादी से लेकर तलाक और बच्चा गोद लेने से लेकर लिव इन तक के मुद्दों को शामिल किया गया है। सूत्रों के मुताबिक इस ड्राफ्ट के अनुसार, शादी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा, हलाला और इद्दत पर रोक लगेगी और लिव इन रिलेशनशिप का ब्योरा देना जरूरी होगा। इतना ही नहीं इस ड्राफ्ट में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर भी बातें शामिल की गई हैं। उत्तराखंड में अब लिव इन में रहने के लिए डिक्लेरेशन देना जरूरी हो सकता है। इसकी जानकारी माता-पिता को भी दी जाएगी। इसके अलावा शादी के लिए लड़कियों की उम्र सीमा भी बढ़ाई जाएगी। शादी का हर हाल में रजिस्ट्रेशन जरूरी किया जाएगा। अगर कपल ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है तो उसे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। इसके अलावा पोलीगेमी या बहुविवाह पर रोक लगाई जाएगी। इतना ही नहीं इस ड्राफ्ट में हलाला और इद्दत को भी शामिल किया गया है। ड्राफ्ट में इस पर रोक लगाई गई है।

## ओपन एआई पर कॉपीराइट के उल्लंघन करने का आरोप

### मैसाचुसेट्स के लेखक पॉल ट्रेम्बले व मोना अवाद ने किया मुकदमा

**आरएनएम। नई दिल्ली**

तो अब कापी राइट का उल्लंघन करके नकल करने, कट पेस्ट करने, बिना इजाजत सामग्री चुराने का प्रमाण सहित आरोप लगाकर ओपन एआई या चैटजीपीटी पर भी करोड़ों का मुकदमा होने लगा है। ऐसा ही हुआ है अमेरिका के मैसाचुसेट्स में। वहां के दो लेखकों ने मुकदमा किया है। मालूम हो कि माइक्रोसॉफ्ट समर्थित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च स्टार्टअप ओपेन एआई ने नवंबर 2022 में चैटजीपीटी लॉन्च किया। लॉन्चिंग के दो माह बाद, एआई सिस्टम सबसे तेजी से बढ़ने वाला उपभोक्ता ऐप बन गया और जनवरी में यह 100 मिलियन एक्टिव यूजर्स तक पहुंच गया। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के दो लेखकों ने सैन फ्रांसिस्को संघीय अदालत में ओपेन एआई पर मुकदमा दायर किया है। अन्य कॉपीराइट मालिकों ने भी कंपनी पर अपने लोकप्रिय जेनरेटर एआई टूल, चैटजीपीटी को 'ट्रेंड' करने के लिए उनके कामों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। मैसाचुसेट्स के लेखकों पॉल ट्रेम्बले और मोना अवाद द्वारा दायर मुकदमे में दावा किया गया है कि जेनेरिक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



# 'सरकारी विभागों में निविदा की प्रक्रिया में हो पारदर्शिता'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य सरकार के पंचायती राज विभाग से जनवरी 2023 में भारत सरकार के कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के संचालन के लिए मानवबल उपलब्ध कराने हेतु निविदा प्रकाशित की गई जिसमें कुल 32 एजेंसीओं ने भाग लिया। तकनीकी मूल्याङ्कन के उपरांत दिनांक 26.06.2023 को पत्र के माध्यम से कुल 12 एजेंसियों को योग्य घोषित किया गया एवं शेष अयोग्य तथा दिनांक 27.07.2023 को वित्तीय भाग खोलने की सुचना भी इसी पत्र के माध्यम से दी गई। इस पूरी निविदा में अनियमितता प्रारम्भ से ही शुरू हो चुकी थी किसके निर्देश पर या किसके आदेश पर हुई यह जाँच का विषय है। ये बातें झारखण्ड कॉन्ट्रैक्टर्स



एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने शुक्रवार को रांची के एक निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत में कही। प्रमोद कुमार ने कहा कि निविदा प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि इस निविदा के अनुसार अंकित मानवबल की संख्या एवं उनके वेतनमान से अनुमानत सालाना 20-25 करोड़ की लागत आएगी। इतनी बड़ी निविदा के लिए ऑफलाइन प्रक्रिया क्यों अपनाई गई, यह सवालों के घेरे में है। निविदा प्रक्रिया के नियमानुसार जो भी निविदादाता अयोग्य होते हैं उन्हें उनके कागजातों की कमियों के सम्बन्ध में जानकारी के साथ स्पष्टीकरण हेतु समय दिया जाता है, परन्तु ऐसा कुछ भी नहीं किया गया एवं आनन फानन में वित्तीय भाग खोल दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि निविदा के घोर अनियमितता तब और उजागर हो गई

### निविदा के लिए ऑफलाइन प्रक्रिया क्यों अपनाई गई, यह सवालों के घेरे में है

जब तकनीकी रूप से योग्य निविदादाता के समक्ष वित्तीय भाग खोला तो गया परन्तु किसी भी निविदादाता का दर सार्वजनिक नहीं किया गया। पूछे जाने पर जवाब दिया गया कि आपको अपने दर की जानकारी है न विशेष जानकारी बाद में दी जाएगी। यह प्रक्रिया सरासर असंवैधानिक है एवं बाद में वित्तीय भाग के साथ छेडछाड़ से इंकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने विभाग से मांग किया कि इन तमाम अनियमितताओं को मद्देनजर रखते हुए संगठन इस निविदा को तत्काल रद्द किया जाय एवं इस प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाय। साथ ही साथ निविदा समिति में शामिल अन्य विभागों के वैसे अधिकारी जो वित्तीय भाग खोलने के समय उपस्थित थे उनके द्वारा भी किसी प्रकार की आपत्ति नहीं की गई ऐसे में उनसे भी कारण पूछा जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होने एक अन्य मामले को उठाया और कहा कि नगर निगम में भी भारत सरकार की परियोजना अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर के संचालन हेतु मानवबल की निविदा निकाली गई, जिसमें कुल तीन निविदादाता को सफल घोषित करते हुए उनका वित्तीय भाग खोला गया था जिसमें एडवांस बिजनेस कारपोरेट नामक ऐजेन्सी एल 1 आयी थी।

## भाजपा की प्रमंडलीय बैठक आज

**रांची।** प्रदेश भाजपा की ओर से प्रमंडल स्तर पर एक जुलाई को सांगठनिक बैठक आयोजित की गई है। इसमें उस प्रमंडल में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जिला प्रभारी, विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, निवर्तमान जिलाध्यक्ष, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, 2019 के प्रत्याशी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री शामिल होंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की बैठक हजारीबाग में होगी जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, संथाल परगना की बैठक दुमका में आयोजित है। इसमें विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी और प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, दक्षिणी छोटानागपुर की बैठक रांची में आयोजित होगी।

## जले हुए ट्रांसफार्मरों को जल्द बदलें पदाधिकारी : महाप्रबंधक



**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश पत्र जारी किया है कि उनके क्षेत्र में जलने वाले ट्रांसफार्मरों को प्राथमिकता के आधार पर बदलें और ग्रामीण इलाकों पर भी विशेष ध्यान रखा जाए, इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों व शहरी क्षेत्रों में लगे हुए ट्रांसफार्मरों पर विशेष नजर रखी जाए। जून माह में अत्याधिक गर्मी पड़ने एवं बारिश थंडरिंग के कारण ट्रांसफार्मर जलने की घटना में बढ़ोतरी हुई है जून माह में विभाग द्वारा रांची अंचल के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में कुल 154 अदद् ट्रांसफार्मरों को बदला गया है इसमें 200 केभीए क्षमता के 47 अदद ट्रांसफार्मर शामिल है । उपरोक्त में से कुछ ट्रांसफार्मर ओवरलोड की वजह से भी जले हैं। श्री श्रीवास्तव ने आम विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि अपने अपने घरों का लोड के बारे में विभाग को जानकारी प्रदान करें ताकि लोड के अनुरूप ट्रांसफार्मरों की क्षमता को बढ़ाया जा सके अथवा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया जा सके जिसमें बिजली से चलने वाले सभी उपकरण शामिल है।

## आदिवासी जन परिषद् ने अमर शहीद वीर सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**रांची।** शुक्रवार को आदिवासी जन परिषद के तत्वाधान में सिद्धू कानू पार्क में सिद्धू कानू की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित की गई और संकल्प दिवस के रूप मनाया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि जिस प्रकार की सिद्धू कानहु ने 30 जून 18 55 में अंग्रेजी हुकूमतो,जमीदारों साहूकारों, ज्यादा लगान लेने के खिलाफ विद्रोह कर अंग्रेजी हुकुमतों को कहा था अंग्रेजों माटी छोड़ो का नारा दिया था' हूल दिवस के अवसर पर आज के संदर्भ में कहना चाहता हूं कि झारखंड में एक और हुल की आवश्यकता है क्योंकि जिस प्रकार राज्य में आदिवासी जमीन की लूट हो रही है स्थानीय लोगों को नौकरी नहीं मिल रही है। कारोबार पर अधिकार नहीं मिल रहा है। उसी प्रकार झारखंड के जनता व नौजवानों को एक हुल आंदोलन को तेज करने की आवश्यकता है। कांके रोड सरना समिति के सयोजक डब्लू मुण्डा ने कहा कि आज के दिन 30 जून को हुल क्रांति दिवस मनाया जाता है और अंग्रेजो के खिलाफ लड़ने वाले आदिवासियों के 30 जून को उनके बलिदान को याद किया जाता है उस लड़ाई को तेज करने की जरूरत है।

## भाजपा गरीबों के उत्थान के लिए कर रही है काम : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
संपर्क से समर्थन अभियान के तहत लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने प्रखंड के बारीडीह गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने नागपुरी कवि सह कलाकार क्षितिज कुमार राय व आधुनिक नागपुरी के गीतकार राज राय अंग वस्त्र व केंद्र की भाजपा सरकार की नौ साल की जनहितैषी योजनाओं के पत्रक वितरित किए। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रदेश में महा जनसंपर्क अभियान शुरू हुआ है। इसके तहत घर-घर जनसंपर्क कर सरकार की योजनाओं के बारे में आमजन को बताया जाएगा। मैं जनसंपर्क करने के लिए निकला हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल बेमिसाल हैं। नौ साल में देश-प्रदेश बदल रहा है। पूरे विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ रहा है।मोदी सरकार के कामों को हम जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सरकार की साफ नीयत और ईमानदार सोच के चलते आज हितग्राहियों को हर योजना का पूरा लाभ मिल रहा है।

# छत्तीसगढ़ के चुनावी युद्ध में झारखंड के योद्धा होंगे शामिल

नवीन मेल संवाददाता। रांची
चुनावी नैया को पार लगाने के लिए बीजेपी ने वृहत कार्ययोजना बनाई है। जिसके तहत पार्टी ने झारखंड सहित देशभर में चुनावी योद्धा तैयार किए हैं। इन चुनावी योद्धाओं को अगले साल होने वाले लोकसभा और इस साल के अंत में होने वाले विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव में लगाया जाएगा। फिलहाल छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए झारखंड के 60 बीजेपी कार्यकताओं को तैयार किया गया है। जिनका प्रशिक्षण भोपाल में पिछले दिनों पीएम मोदी के चुनावी मंत्र के साथ हुआ है।ये भी पढ़ें: चुनाव से पहले राहुल ने छत्तीसगढ़ के नेताओं को दिए निर्देश, कहा- एकजुट रहें, जनता को गिनाएं




सरकार की उपलब्धियांजानकारी के मुताबिक झारखंड से भोपाल गए बीजेपी के चुनावी योद्धाओं को बूथ मैनेजमेंट, केंद्र सरकार की टॉप टेन योजना और स्थानीय मुद्दे पर काम करने की जिम्मेदारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में दी गई है। विधानसभा क्षेत्र का आवंटन केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा कुछ दिन बाद किया जाएगा। बीजेपी को इन चुनावी योद्धाओं से उम्मीद है कि वे चुनावी नैया को पार लगाने में जरूर सफल होंगे। झारखंड से भोपाल गए बीजेपी के चुनावी योद्धाओं के जुलाई के प्रथम सप्ताह में रांची वापस लौटने की संभावना है। जिसके बाद पता चलेगा कि इन्हें किस तरह की जिम्मेदारी दी गई है। झारखंड के चुनावी योद्धा छत्तीसगढ़ में संभालेंगे जिम्मेदारी: छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड के 60 चुनावी योद्धा कमान संभालेंगे। पार्टी के द्वारा उन्हें बाकायदा प्रशिक्षण भी दिया गया है। झारखंड बीजेपी ने जिन लोगों को चुनावी योद्धा बनाया है, उनके पास संगठन के अंदर काम करने का अनुभव के साथ-साथ राजनीतिक समझ को आधार बनाया गया है। इसके लिए देशभर में चयन अभियान चलाया गया था, जिसमें झारखंड से 70 लोगों को चयनित किया गया। इनमें से अंतिम रूप से चयनित 60 लोग पिछले दिनों भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल हुए।

## हूल दिवस पर राजद ने शहीदों को दी श्रृद्धांजलि



**रांची।** हूल दिवस के मौके पर सिद्धू कानू पार्क में अमर शहीद सिद्धू कान्हू की प्रतिमा के पास राष्ट्रीय जनता दल की ओर से अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर झारखंड महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रानी कुमारी ने कहा कि देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने और अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने में अमर शहीद सिद्धो-कान्हू के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्र के प्रति अमर शहीदों का समर्पण अनुकरणीय है। इस मौके पर राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश महासचिव भास्कर वर्मा, संतोष कुमार, गायत्री देवी, खुशी देवी, पूनम देवी, सोनी देवी, अरशद अंसारी, सुबोध पासवान, मंतोष कुमार, विशु विशाल सहित अन्य मौजूद थे।

# राउंड टेबल ने पारसनाथ स्कूल में बनाया चार क्लासरूम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राउंड टेबल इंडिया रांची चैप्टर रांची समैरिटन 244 ने पारसनाथ पब्लिक स्कूल, हजाम में बनाया चार क्लासरूम और शौचालय ब्लॉक। ये पहला तल्ला में बनाया गया और इसका उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। गत वर्ष भी राउंड टेबल 244 ने ग्राउंड फ़्लोर में क्लासरूम और शौचालय ब्लॉक बनाया था। अगले साल और चार क्लासरूम बनना है जिसके बाद ये बारह क्लासरूम का प्रोजेक्ट पूरा होगा। अभी इस स्कूल से लगभग 400 बच्चों को लाभ मिल रहा है जो अगल बगल के गांव से आ रहे हैं। राउंड टेबल का मुख्य उद्देश्य है फ़्रीडम थ्रू एजुकेशन जिसके तहत वो पूरे भारत में स्कूल का निर्माण करती है। अभी तक राउंड टेबल इंडिया ने सन 1997 से



लगभग 8000 क्लासरूम 3400 स्कूल में बनाया है जिससे लगभग 9 करोड़ बच्चों को फायदा हुआ है और जिसकी लागत 380 करोड़ रुपया है।राउंड टेबल इंडिया स्कूल का निर्माण करता है और ऐन जी यो या सरकार को चलाने देता है। यह एक जीरो ओवर्हेड ऑर्गनायजेशन है। आज के कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य पेश किया गया। उसके बाद राउंड टेबल 244 के चेर्मन ने मीटिंग की और उसके बाद नव निर्माण क्लासरूम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मंडल 16 के चैर्मन शुभम साबू, उप चैर्मन निखिल जैन, राष्ट्रीय ऑनरेरी टेब्लर सिधार्थ चौधरी, अरविंद राजगढ़िया, मंडल 16 के प्रोजेक्ट कनवेनोर राहुल अग्रवाल द्वारा किया गया। स्कूल के बच्चों को फूड पैकेट और चोक्लेट दिया गया। मौके पर जेसीआइ रांची, जेसीआइ यूथ, मारवाड़ी युवा मंच , झारखंड चेम्बर , साई सेवा ट्रस्ट के मेम्बर्ज. भी आए थे। राउंड टेबल 244 के मेम्बर, लेडीज सर्कल के मेम्बर, दानकर्ता आदि आज उपस्थित थे।

## एसएसपी ने छह पुलिस अधिकारियों का किया तबादला

**रांची।** रांची एसएसपी किशोर कौशल ने छह पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। पुलिस केंद्र में प्रतिनियुक्त संजीव कुमार को बुंडू थाना का प्रभारी बनाया गया है।जबकि बुंडू थाना प्रभारी पंकज भूषण को प्रोजेक्ट भवन में आगंतुक कोषांग में योगदान देने को कहा गया है। साथ ही प्रोजेक्ट भवन के आगंतुक कोषांग में तैनात पंकज कच्छप को पुलिस केंद्र भेज दिया गया है।

इसके अलावा सोनहातू के अंचल निरीक्षक रमेश कुमार को पुलिस लाइन और पुलिस केंद्र में पदस्थापित सुनील कुमार तिवारी को सोनाहातू का अंचल निरीक्षक बनाया गया है। वहीं कांके थाना में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापित आभास कुमार को कांके थाना प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में एसएसपी की ओर से शुक्रवार को आदेश जारी किया गया है।

# फ्रीडम आजसू ने पंच परगना हीरोस को किया पराजित



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
हिंडालको स्टेडियम परिसर में विगत गुरुवार के दिन आठवां एसपीएल प्रतियोगिता में क्रिकेट टूनार्मेंट फ्रीडम आजसू और पंच परगना हीरोस के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच टॉस हुआ और फ्रीडम आजसू ने टॉस कों जीता एवं रणक्षेत्र करने का निर्णय लिया। तत्पश्चात दोनों टीमों के बीच खेल संपन्न हुआ जिसमें पंच परगना हीरोस 12 ओवर खेलते हुए 159 रन 4 विकेट खोकर बनाया तथा फ्रीडम आजसू को जीत के लिए 160 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलते हुए फ्रीडम आजसू ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 11.3 ओवर में 7 विकेट खोकर 162 रन बनाकर 3 विकेट से विजयी रहा। बेस्ट कैच का खिताब संजीव को मिला तथा बेस्ट बॉलर का अवार्ड शिवनाथ को दिया गया एवं विशाल ने सबसे ज्यादा छक्का मारने का खिताब हासिल किया। मैन ऑफ द मैच विशाल को दिया गया एवं आयोजन समिति के द्वारा विजई टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## गांव में पूर्व विधायक ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के तुको गांव में शुक्रवार को भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर ने जन संपर्क अभियान चलाया। जहां उन्होंने वरिष्ठ कार्यकताओं व समाज सेवी लोगों से मिली और आमजन को केंद्र की मोदी सरकार की नौ साल की जनहितैषी योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही पत्रकों का वितरण कर योजनाओं की जानकारी दी। लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर भोगेन सोरेन, भीखा उरांव, सुखदेव कच्छप, बलराम सिंह, राजेश कुमुद वर्मा, खेदुवा उरांव, रोशनी उरांव, आदित्य ताम्रकार,भागवत ताम्रकार, शक्ति राम, मंगरा उरांव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**महंगाई** हरी सब्जियों की कीमतों में आई जबरदस्त उछाल

# गरीबों की थाली से गायब हुई सब्जी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी में सब्जियों के दाम लोगों को सताने लगा है। सिर्फ टमाटर ही नहीं बल्कि हरी सब्जियों के भी दाम आसमान छूने लगे हैं। राजधानी रांची में हरी सब्जियों की बात करें तो कद्दू, करेला, झींगली, परवल, भिंडी समेत सभी सब्जियों के दाम दो से तीन गुना ज्यादा बढ़ चुके हैं। इससे ग्राहक से लेकर कारोबारी सभी परेशान हैं। लोगों का बजट बिगड़ रह है। सब्जी कारोबारियों ने बताया कि किसान अपने खेत से ही सब्जियां महंगे दामों में छोड़ रहे हैं। इसलिए व्यापारियों को महंगे दामों में सब्जियों को बेचना पड़ रहा है। कारोबारियों ने कहा कि अचानक अत्यधिक बारिश होने के कारण जो सब्जियां खेत में लगी हुई थीं, उसमें पानी लग गया और तीन दिनों तक खेत में रहने की वजह से सभी सब्जियां सड़ गईं। सब्जी कारोबारियों ने कहा कि गर्मी में जो फसल काटे गए थे। वही फिलहाल बाजार में लोगों को मिल रहे हैं।



इसके अलावा जो फसल अभी काटे जाने थे, उससे पहले ही बारिश होने के कारण खेत में रखी सारी सब्जियां सड़ गईं।किसानों ने कहा कि अब जो नई सब्जियां लगाई जाएंगी, वह बाड़ी में लगाई जाएंगी। अभी जो सब्जी लगे हुए थे, वह सभी खेत में थे। बाड़ी में सब्जियां लगाने के लिए खेतों में बगीचे के तरह क्यारी बना दिए जाते हैं ताकि बारिश का पानी सब्जियों को बर्बाद ना कर सके। जबकि अभी जो सब्जियां खेतो में लगी हुई हैं, उसमें क्यारी नहीं बनाए गए हैं। जिस वजह से खेतों में लगी सब्जियां खराब हो रही हैं। वहीं सब्जी खरीदने आए ग्राहकों ने बताया कि जिस तरह से दाम में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इससे कहीं ना कहीं आम लोगों को सब्जी खरीदना मुश्किल हो रहा है। सब्जी खरीदने पहुंची महिला रश्मि सिंह ने बताया कि जरूरत होने की वजह से सब्जी खरीदना पड़ रहा है। लेकिन जिस तरह से सब्जियों के दाम बढ़े हैं। ऐसे में हमारे किचन का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है।वहीं सब्जी बेचने वाले कारोबारियों ने कहा कि जब तक झारखंड में फिर से नई सब्जियां नहीं उगेंगी, तब तक सब्जियों के दाम ऐसे ही आसमान छूते रहेंगे। वहीं कई सब्जी खरीदने आए लोगों ने बताया कि सीजनल फल आम की कीमत से भी ज्यादा सब्जियों के दाम हो गए हैं।

## भ्रष्ट अधिकारी कहीं का हो बचेगा नहीं : बाबूलाल

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि भ्रष्ट अधिकारी चाहे केंद्र के हो या राज्य के बचेंगे नहीं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कैसा सलूक होगा इसपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी आवाज बुलंद तरीके से रख दी है। केन्द्रीय एजेंसियों की जांच पर अंगुली उठाने वाले लोग कान खोल कर प्रधानमंत्री का यह संदेश सुन लें, भ्रष्टाचार में लिप्त कोई शख्स चाहे वह केंद्रीय एजेंसी मे ही क्यों ना हो, चाहे उसकी पहुंच कितनी भी ऊंची क्यों ना हो बचेगा नहीं। ईडी ने अपने ही अधिकारी रहे सचिन सावंत को जेल भेजा, भ्रष्टाचार में लिप्त सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जल और विद्युत परामर्श सेवाएं (वापकोस) लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) राजिंदर कुमार गुप्ता और उनके बेटे गौरव को उनके परिसरों से 38 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी मिलने के बाद गिरफ्तार कर सीबीआई ने जेल भेजा था। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अपनी रिश्तेदारी, बैचमेट्स की पैरवी और जुगाड़ तंत्र के भरोसे बच निकलने की सोच रखने वाले लूट में शामिल लोगों की जगह केवल जेल है।

### डीपीएस रांची में इंटर स्कूल क्वीज फेस्टिवल का आयोजन

# 21 स्कूलों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डीपीएस विवेकानंद सभागार में 'एड मेलियोरा' 2023- इंटर स्कूल क्विज फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के 21 स्कूलों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयंत मिश्रा, स्टेट एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, झारखण्ड एजुकेशन प्रोजेक्ट कॉउंसिल थे। इस प्रतियोगिता में सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, टॉरियन वर्ल्ड स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल (बोकारो), दिल्ली पब्लिक स्कूल (धनबाद), ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, विद्या विकास पब्लिक स्कूल, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, टेंडर हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल (धुर्वा), सेंट जेवियर्स स्कूल (डोरंडा), ब्रिजफोर्ड स्कूल, सेंट माइकल्स स्कूल, सेंट अलॉयसियस इंग्लिश मीडियम स्कूल, शारदा ग्लोबल



स्कूल, कैराली स्कूल, बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल, लोयोला कॉन्वेंट स्कूल, ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल और श्रद्धानंद बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभागियों ने अपने मेंटर शिक्षकों के साथ भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की गई। लोकप्रिय संस्कृति जैसे मनोरंजन (जैसे फिल्म, संगीत, टेलीविजन, वीडियो गेम), खेल, समाचार, राजनीति, फैशन, प्रौद्योगिकी आदि से संबंधित विषयों से क्विजमास्टर्स द्वारा प्रश्न पूछे गए। प्रश्नोत्तरी के अलावा, इस प्रतियोगिता में 'आर्कनम ऐनिगमा क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड', 'क्लाविस थेसौरम क्रिप्टिक हंट' और 'लॉर्ड्स टेंपोरल लिट्रेचर सेशन' का भी आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्या विकास पब्लिक स्कूल की टीम को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया और उन्हें 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिला। दिल्ली पब्लिक स्कूल (राँची) की टीम ने दूसरा पुरस्कार हासिल किया और उन्हें 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिला एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल (धनबाद) की टीम ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया और उन्होंने 3,000 रुपये का नकद पुरस्कार हासिल किया।





# हूल दिवस के योद्धा सिदो-कान्हू को श्रद्धासुमन अर्पित की गई

## कांग्रेस अध्यक्ष ने हूल दिवस पर क्रांतिवीरों को किया याद

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शुक्रवार को सिद्धू-कान्हू पार्क में स्थित सिद्धू-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इसके बाद हूल क्रांति दिवस के अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश कार्यालय में भी अमर नायक सिद्धू-कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड के महान सपूत सिद्धू-कान्हू एवं चांद-भैरव ने 150 वर्ष पूर्व अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ स्वाभिमान एवं आत्मसम्मान के लिए संघर्ष का बिगुल फूंका था। यह आन्दोलन 1857 के स्वतंत्रता आन्दोलन की पृष्टभूमि थी। यह सबसे अधिक संगठित और सशक्त आन्दोलन था। संथाली अपनी माट्टी के खातिर कुर्बान होने को तैयार हो गए। एक छोटे से गांव से शुरू हुआ हूल से पूरे संथाल में उर्जा का संचार हुआ, जो हूल दिवस के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, मदन मोहन शर्मा, रवीन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, सतीष पॉल मुंजनी, सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

## भाजपा ने सिदो-कान्हू को किया नमन



**रांची।** राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हूल क्रांति के नायक सिदो-कान्हू को नमन किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ देश में हुए प्रथम विद्रोह की याद में मनाए जाने वाले हूल दिवस पर शहीदों को वे नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि हूल क्रांति या संथाल विद्रोह को आदिवासी समुदाय अपने संघर्ष और अंग्रेजों के द्वारा मारे गए अपने 20 हजार लोगों की याद में मनाते हैं। यह विद्रोह आदिवासियों की संघर्ष गाथा और उनके बलिदान को आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले नायकों को याद करने का खास दिन है। श्री प्रकाश ने कहा कि आज हम उनकी दी हुई आजादी को याद करते हैं। उन्होंने देश की आजादी में अपने आपको न्यौछावर कर दिया। हमलोगों को उनके पद चिन्हों पर चलकर ही आगे का विकास करना होगा। उनके सपनों को पूरा करना देश और झारखंडवासियों को कर्तव्य हैं। आज देश को आजादी बहुत ही मुश्किल से मिली है। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रांची में अभाविप ने हूल क्रांतिकारियों को किया याद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) रांची महानगर ने हूल दिवस पर रांची स्थित सिदो-कान्हू पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि हूल क्रांतिकारियों का बलिदान हिंदुस्तान कभी नहीं भूलेगा। आज का दिन झारखंड के लिए गौरव का दिन है। क्योंकि, अंग्रेजों के खिलाफ आजादी का बिगुल 1855 में सबसे पहले झारखंड के वीर सपूत सिदो-कान्हू और चांद भैरव ने जगाई थी। उन्होंने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई सन 1857 में मानी जाती है लेकिन झारखंड के जनजातीय समाज ने 1855 में ही विद्रोह का झंडा बुलंद कर दिया था। अंग्रेजों और आंदोलनकारियों की लड़ाई में चांद और भैरव शहीद हो गए। साथ ही सिदो-कान्हू के करीबी साथियों को पैसे का लालच देकर दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। फिर 26 जुलाई को दोनों भाइयों को भोगनाडीह गांव में खुलेआम एक पेड़ पर टांगकर फांसी की सजा दे दी गई। इस विद्रोह में सैकड़ों क्रांतिकारियों ने जान की प्रवाह न करते हुए आजादी की लडाई लड़ी। इस मौके पर प्रान्त सह कोषाध्यक्ष शुभम प्रोहित, प्रेम प्रतीक, अटल पांडेय, अवधेश ठाकुर, मुन्ना यादव, खुशबू हेमरोम, हर्ष राज, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संथाल विद्रोह के शहीदों को याद कर रहा झारखंड



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कृतज्ञ राष्ट्र हूल दिवस पर उन अमर शहीदों को याद कर रहा है, जिन्होंने देश में 1857 से पहले ही संथाल विद्रोह कर अंग्रेजी शासन को चुनौती दी थी। 30 जून 1855 को अपनी माटी की आजादी के लिए सिदो कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो ने अपना बलिदान दिया, उन्हें हूल दिवस पर याद किया जा रहा है। इसको लेकर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इसे भी पढ़ें- हूल दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने साहिबगंज पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, करोड़ों की देंगे सौगातरांची के सिदो कान्हू पार्क में स्थापित अमर शहीदों की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, आजसू, भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, झामुमो के जिलाध्यक्ष मुस्ताक अहमद, सचिव हेमलाल मेहता हेमू, महिला राजद के प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी, पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, सरना धर्म के पाहन जगलाल पाहन ने अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# संदेहास्पद स्थिति में युवक का शव बरामद

**नवीन मेल संवाददाता रांची लालपुर**
थाना क्षेत्र के पीस रोड में किराए पर रहने वाले रजत कुमार की संदेहास्पद स्थिति में कमरे से शव मिला है। रजत पुरुलिया रोड स्थित मिराज सिनेमा में काम किया करता था। घटना गुरुवार देर रात की है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि खिड़की से देखने पर रजत फंदे पर झूलता हुआ दिखा । मौके पर उसके दोस्त पहुंचे और उन्होंने दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद दोस्तों ने दरवाजा तोड़ दिया और उसे नीचे उतारा। तब तक रजत की मौत हो चुकी थी। घर की चाबी भी रजत के पॉकेट से बरामद की गयी है। कमरे से बाहर निकलने का कोई दूसरा दरवाजा भी नहीं है। मामले की जानकारी देर रात लालपुर पुलिस को भी दी गई, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। लालपुर थाना प्रभारी ममता कुमारी ने शुक्रवार को बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला खुदकुशी का ही लगता है। लेकिन मृतक के दोनों हाथ आगे की तरफ गमछा से बंधे हुए थे इसलिए एहतियातन सभी तरह की जांच पुलिस के द्वारा करवाया जा रहा है। रजत मूल रूप से चुटिया के केतारी बगान का रहने वाला है। परिजन को मामले की सूचना दे दी गई है।

# नागपुरी फिल्म नासूर हुई हिट, पर्दे पर मचा रही धूम



**नवीन मेल संवाददपाता। रांची**
झारखंड में नागपुरी भाषा में बनी फिल्म नासूर की इन दिनों खूब चर्चा हो रही है। दर्शकों की डिमांड पर इस फिल्म को दूसरे हफ्ते भी पर्दे पर जारी रखा गया है। इस फिल्म को देखने का लोगों में इतना क्रेज है कि टिकट के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती है। शुरूआती दिनों में लोगों को टिकट भी नहीं मिल रही थी। उन्हें मायूस होकर सिनेमा हॉल से वापस जना पड़ रहा था। बॉलीवुड फिल्मों का दबदबा होने के कारण क्षेत्रीय भाषा में बनी फिल्म को शुरू में स्क्रीन नहीं मिल रही थी। इसलिए जेडी हाई स्ट्रीट मॉल के एक ही स्क्रीन पर इस फिल्म को रिलीज किया गया। लेकिन नागपुरी दर्शकों की भीड़ ने फिल्म मेकर्स और कलाकारों का उत्साह बढ़ा दिया है। दर्शकों का इतना प्यार मिला की फिल्म के प्रदर्शन अवधि को सात दिनों के लिए बढ़ाया पड़ा। फिल्म के प्रोड्यूसर-डायरेक्टर राजीव सिन्हा का कहना है कि नासूर मेरी दूसरी फिल्मों से थोड़ी अगल है। इस फिल्म में सामाजिक मुद्दे को उठाया गया है। राजीव का कहना है कि झारखंड में आज भी डायन कहकर लोगों को मार दिया जाता है। इसलिए इस सब्जेक्ट पर फिल्म बनाई गई है। फिल्म में प्रेम कहानी और बदले की आग के साथ-साथ मनोरंजन भी भरपूर है। फिल्म में कलाकारों ने अपने किरदार को जबरदस्त तरीके से निभाया है। अभिनेता विवेक नायक ने लीड रोल किशन के रूप शानदार एक्टिंग की है। वहीं शिवानी गुप्ता ने रज्जो के रोल को जीवंत कर दिया है। विनय कुमार अंबष्ठ ने तांत्रिक के रूप में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। वहीं चित्रा मुखर्जी, प्रकाश पाठक और सुखमर मुखर्जी ने भी अपने अभिनय से लोगों के दिल पर अपनी छाप छोड़ी है। पर्दे के पीछे भी राजीव सिन्हा के अलावा पंकज गोस्वामी, श्रीकांत इंदवार, उपेंद्र पाठक, प्रह्लाद, यूके नायर और मनोज प्रेमी ने बेहतरीन काम किया है।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से 6 लोगों को इलाज के लिए मिले 15 लाख



**रांची।** सांसद संजय सेठ की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से बीते 3 माह में 6 लोगों को असाध्य रोगों से इलाज के लिए 15 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। यह राशि संबंधित अस्पतालों को भेजी गई है ताकि इनका बेहतर उपचार हो सके। सांसद संजय सेठ ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से असाध्य रोगों के उपचार हेतु जिन्हें राशि प्रदान की गई है, उनमें हटिया निवासी रिद्धिका तिवारी को 3 लाख, कोकर निवासी सानवी राय को 3 लाख, रातू निवासी आशीष तिग्गा को 3 लाख, हरमू निवासी अभिजीत कुमार चंद्रवंशी को 3 लाख, पंडरा निवासी राजाराम सिंह को 2.5 लाख रुपए और खलारी निवासी उमा देवी को 50000 की राशि स्वीकृत की गई है। इनमें मरीज कैंसर के मरीज हैं जबकि अन्य लोग भी असाध्य रोगों से ही पीड़ित हैं। इन सबका उपचार वेल्लोर, मुंबई, पुणे, कोलकाता जैसे महानगरों में बड़े अस्पतालों में हो रहा है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि बीते 1 वर्ष में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष मेरी अनुशंसा पर 70 लाख से अधिक की राशि असाध्य रोगों के उपचार के लिए स्वीकृत की गई है। विगत 3 माह में प्रधानमंत्री जी ने 15 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष नागरिकों के असाध्य रोगों के उपचार हेतु हमेशा ही सांसद की अनुशंसा पर राशि प्रदान करता है। सांसद संजय सेठ ने बताया कि इसके लिए यह आवश्यक है कि जिस अस्पताल में उपचार हो रहा हो, वह अस्पताल प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ संबद्ध हो। इसके अलावा इसका लाभ लेने के लिए आय प्रमाण पत्र, अस्पताल का स्टीमेट, आधार कार्ड जैसे दस्तावेज आवश्यक हैं। सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सहृदयता है।

## विधायक मथुरा महतो ने दी सिदो-कान्हू को श्रद्धांजलि



**रांची ।** सत्तारूढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा महतो ने आज 'हूल दिवस' के अवसर पर अपने आवास में हूल क्रांति के महानायक सिदो-कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सिदो और कान्हू भाइयों की अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध विद्रोह में उनके योगदान को झारखंड और देश की जनता भुला नहीं सकती। उन्होंने इस अवसर पर हुल दिवस के सभी नायकों को भी नमन किया इस मौके पर फूलचंद किस्कू, श्रवण टुडू, इंद्रालाल बास्की, राजीव रंजन, राजेश कच्छप, राजेश महतो, प्रदीप महतो उपस्थित थे।

**उत्पादन** | चालु खरीफ मौसम में किसानों को बीएयू कुलपति की सलाह

# टांड़ भूमि में लगे मोटे अनाज की खेती को दें प्राथमिकता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में मानसून का करीब एक सप्ताह देर से आगमन हुआ। मानसून की बारिश से खेती योग्य में टांड़ (ऊपरी) भूमि में खरीफ कृषि कार्यो के अनुकूल स्थिति है। जो अगले कुछ दिनों तक टांड़ भूमि के उपयुक्त रहेगी। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने ऐसी स्थिति में किसान भाइयों को टांड़ भूमि में मोटे अनाजों (मिल्लेट्स) की खेती को प्राथमिकता देने की सलाह दी है। चालु खरीफ मौसम में खरीफ फसल की बुवाई का उपयुक्त समय 30 जून तक ही है। कुलपति ने अगले 3-4 दिनों में राज्य के किसानों को सभी खरीफ फसलों जैसे - मड़ुआ, गुन्दली, बाजरा (मिल्लेट्स फसलें), मकई, अरहर, उरद एवं सोयाबीन की बुवाई का कार्य पूरी करने की सलाह दी है। राज्य की भूमि एवं जलवायु मिल्लेट्स की खेती के लिए काफी उपयुक्त है। आज पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय मिल्लेट्स वर्ष झ 2023 मना रहा है। मिल्लेट्स को अब सुपर फूड कहा जाता है। देश-विदेश में मिल्लेट्स की काफी मांग और ज्यादा कीमत है। केंद्र एवं झारखंड सरकार भी इसकी खेती को बढ़ावा दे रही है। कुलपति कहते है कि प्रदेश के किसान भाईयों को चालु खरीफ मौसम में मिल्लेट्स की उन्नत खेती को प्राथमिकता देकर अधिकाधिक लाभ लेनी चाहिए। झारखंड में मड़ुआ फसल सदियों से प्रचलित है और गुन्दली खरीफ मौसम में तैयार होने वाली पहली फसल है। जबकि बाजरा को अन्न तथा बाजरा पौधे को चारा फसल में उपयोग किया जाता है। बाजरा की ज्यादातर खपत एवं मांग नवंबर से फरवरी माह तक होती है। मिल्लेट्स के लिए टांड़ जमीन (टांड़ 2 या 3) उपयुक्त होती हैं, क्योंकि ऐसे भूमि में पानी का जमाव नहीं होता है। इसे कमजोर जमीन में भी कम लागत एवं कम सिंचाई में आसानी से उगाया जा सकता है। सफल खेती के लिए खेत को अच्छी तरह जोतकर खेतों में 40 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से सड़ी गोबर खाद या कम्पोस्ट बिखेर दें और खेत जोतकर मिट्टी में अच्छी तरह मिलायें और पाटा चलाकर खेतों को समतल कर लें, ताकि खेत में जल-जमाव नहीं हों। बीएयू ने प्रदेश के उपयुक्त 105-120 दिनों में तैयार होने वाली मड़ुआ की चार किस्में-बिरसा मड़ुआ-2, बिरसा मड़ुआ- 3, ए - 404 व बिरसा सफेद मड़ुआ विकसित की है। इनकी औसतन उपज क्षमता 24-30 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। 55-60 दिनों में तैयार होने वाली बिरसा गुन्दली -1 किस्म की उपज क्षमता 7-8 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। बाजरा में अन्न/दाना के लिए पूसा- 443, एचवी झ 216, एचवी -67, कोवरी सुपर बॉस और चारा के लिए जॉइंट बाजरा अनुशंसित किस्में है। राज्य के किसान मड़ुआ की सीधी बोवाई अगले 3-4 दिनों में अवश्य पूरी कर लें। रोपाई हेतु 2-3 दिनों में पौधशाला (नर्सरी) में बीज की बोवाई करें। 21-25 दिनों वाली बिचड़े का रोपनी करें। 35 दिनों वाली पुराणी बिचड़ों की रोपनी भी कर सकते है। बिचड़े की रोपाई जुलाई माह के तीसरे सप्ताह तक अवश्य कर लेनी चाहिए। गुन्दली की बोवाई अगले 3-4 दिनों में तथा बाजरा की बोवाई जुलाई माह तक कर लेनी चाहिए। मड़ुआ एवं गुन्दली की बोवाई में 8-10 किलो बीज प्रति हेक्टेयर का प्रयोग तथा बोवाई कतारों में 20-25 से. मी. की दुरी पर करें।

## सीआईपी में शोधकर्ताओं के लिए सांख्यिकी विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**रांची।** केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान ने झारखंड सांख्यिकी सोसायटी (जेएसएस) के सहयोग से शुक्रवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर 'शोधकताओं के लिए सांख्यिकी' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। सीआईपी के निदेशक प्रो. (डॉ.) बासुदेब दास ने अतिथि वक्ताओं के साथ सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय की डीन प्रोफेसर मधुमिता दास गुप्ता थीं। डॉ. एसबी जेएसएस के सचिव सिंह ने योगदान के बारे में बात की और प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस ने किए गए कार्यों पर जोर दिया। तत्पश्चात सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव हरिओम पचौरी ने किया। सेमिनार में सीआईपी रांची के सांख्यिकी के विद्वान हरिओम पचौरी ने लॉजिस्टिक रिग्रेशन पर विषय प्रस्तुत किया गया। रांची वेटरनरी कॉलेज के सांख्यिकी के सहायक प्रोफेसर डॉ. अबसार अहमद ने एपि-इंफो सॉफ्टवेयर का उपयोग करके डेटा प्रविष्टि और डेटा विश्लेषण के बारे में बात की।

## NEWS इन ब्रीफ

### गिरिडीह : वज्रपात से युवक की मौत

**गिरिडीह।** पीरटांड़ थाना अंतर्गत बरमसिया गांव में गुरुवार 29 जून की देर रात हल्की बारिश के बाद वज्रपात से एक युवक की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार घर में बैठकर वह घरवालों से बातचीत कर रहा था. इसी बीच तेज आवाज के हुई वज्रपात से लखीराम मुर्मू बुरी तरह घायल हो गया. घायल अवस्था में उसे सदर अस्पताल लाया गया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मृतक के पिता मंजू मुर्मू ने अस्पताल में बताया कि रात करीब 10:30 बजे हादसा हुआ है.

### चलते हुए हाइवा में लगी आग

**बोकारो।** बोकारो थर्मल-कुरपनिया मुख्य मार्ग पर स्थित पिलपिलो- मोरमगढ़ा के पास 29 जून गुरूवार की रात एक चलती हुई हाइवा में शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई. इस हादसे में हाइवा का अगला हिस्सा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया, हांलाकि चालक भुवनेश्वर यादव और खलासी बाल-बाल बच गए. बताया जाता है कि हाइवा ट्रक तुपकाडीह स्थित खुटरी से छाई गिराकर वापस नूरीनगर लौंट रहा था. पिलपिलो- मोरमगढ़ा के पास रात लगभग डेढ़ बजे ड्राईवर ने मिरर में देखा कि डीजल टैंक के पास आग की लपटें उठ.रहीं थी. आनन-फानन में सड़क के किनारे हाइवा खड़ा कर ड्राइवर व खलासी ने कूदकर अपनी जान बचायी. इस मामले में हाइवा मालिक राजू यादव ने बोकारो थर्मल थाना में सूचना दे दी है. पुलिस अधिकारी प्रभास वर्णवाल घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन की. बाद में बोकारो एसपी चंदन कुमार झा ने बोकारो थर्मल और पेंक-नारायणपुर थाना के प्रभारियों से घटना से पूरी जानकारी ली.

### हुल दिवस के नायकों को आजसू पार्टी ने दी श्रद्धांजलि

**गिरिडीह।** आजसू पार्टी की ओर से नावाडीह के बिनोद बिहारी महतो ग्रामीण स्टेडियम में 30 जून शुक्रवार को सिदो-कान्हू के चित्र पर माल्यर्पण कर उन्हें श्रदांजलि दी गई। मौक पर मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष सह आजसू नेता जयलाल महतो ने कहा कि सिदो-कान्हू और उनके भाई इ्र बहनों ने जमींदारों व अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन किया था जो आज संथाल विद्रोह के नाम से जाना जाता है. उनके दो भाई चाँद मुर्मू और भैरव मुर्मू, बहन फुलो मुर्मू व झानो मुर्मू हूल आंदोलन के जनक हैं. उन्होंने ब्रिटिश सत्ता, साहुकारों, व्यापारियों व जमींदारों के खिलाफ एक विद्रोह किया, जिसे संथाल विद्रोह या हूल आंदोलन के नाम से जाना जाता है. उन्होंने कहा कि कार्ल मार्क्स ने इस विद्रोह को ह्यभारत की प्रथम जनक्रांतिह्ल कहा था. मौके पर सुरेश महतो, मिश्रिलाल महतो, सोनू चौधरी, विक्की शर्मा, राकेश रोशन, बबलू महतो, जगरनाथ महतो, दीपक कुमार, राहुल कंदू, सुभाष मेहता, खेमलाल महतो, दौलत महतो, शाहदेव महतो आदि मौजूद थे.

## आदिवासी समुदाय के लोगों ने सिदो कान्हू की पूजा कर प्रसाद वितरण किया



# हुल दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड के विभिन्न गांवों में शुक्रवार को हूल दिवस धूमधाम से मनाया गया. हूल दिवस पर ग्रामीणों ने परंपरागत रूप में सज धज कर सिदो -कान्हू की तस्वीर की पूजा की व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. चाकुलिया नगर पंचायत के फूलोझझानो चौक पर आदिवासी समुदाय के लोगों ने हूल दिवस पर सिदो-कान्हू की पूजा-अर्चना कर श्रद्धांजलि दी. पूजा के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने मांदर और धमसे की थाप पर नृत्य किया. मौके पर माझी बाबा सुनाराम बास्के, सुकू सोरेन, दासमत मांडी, विजेन्द्र हांसदा, जीतराय बास्के, बासंती बास्के, डोमन हेम्ब्रम, सुशीला मुर्मू, फागुनाथ बास्के समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे.

### जमशेदपुर : सामाजिक संस्था हेल्प एंड हेल्प ने मनाया हूल दिवस

जमशेदपुर। सामाजिक संस्था हेल्प एंड हेल्प द्वारा शुक्रवार को बागबेड़ा स्थित सिदो कान्हू मैदान में हूल क्रांति दिवस मनाया गया. इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारीगण एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने सिदो कान्हू के प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर इंदिरा स्कूल के प्रधानाचार्य डीके मिश्रा ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सिदो कान्हू के नेतृत्व में अंग्रेजों को नाकों चने चबा देने वाले विद्रोह के अवसर पर प्रदेश में शुक्रवार को हूल दिवस मनाया जा रहा है. संथाल के इन वीर शहीदों की शहादत कदापि भुलाया नहीं जा सकता है. पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने कहा कि झारखंड के आदिवासियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहली बार सिदो कान्हू ने विद्रोह का बिगुल फूंका था. सिदो कान्हू जैसे शहीदों को याद कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती वीरों की धरती है. इस अवसर पर राकेश सिंह, उप मुखिया संतोष ठाकुर, बन्ना गुप्ता फैंस क्लब के अध्यक्ष अनिल सिंह, वार्ड सदस्य सीमा पर पांडे, कुमुद रंजन सिंह, पंचायत समिति सदस्य नागेश्वर प्रसाद, पूर्व उप मुखिया कुमोद यादव, प्रतिनिधि राजकुमार सिंह, समाजसेवी जयंत सिंह, अरविंद पांडे आदि उपस्थित थे.

### डॉ दिनेश षाड़ंगी ने हूल दिवस पर सिदो-कान्हू को दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी ने शुक्रवार को हूल दिवस के अवसर पर अपने आवासीय कार्यालय में सिदो-कान्हू की तस्वीर पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने सिदो-कान्हू की जीवनी पर प्रकाश डाला. इस मौके पर पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, हूकुम महतो, मृणाल दीक्षित, जीत वाहन राउत, रवि दे, गोपन पड़िहारी, बबलू महापात्र, सनत कर, सागीर हुसैन आदि उपस्थित थे.

### हूल दिवस पर शहीदों को किया गया नमन

**जमशेदपुर।** मुसाबनी प्रखंड के मुगार्घुटू पंचायत अंतर्गत कुलगोड़ा गांव में हूल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सिदो-कान्हू की मूर्ति पर पारंपरिक पूजा-अर्चना और माल्यार्पण किया गया. अंग्रेजों के खिलाफ संग्राम में शहीद हुए सिदो-कान्हू, फूलो-झानो, चांद -भैरव को याद किया गया. मौके पर प्रखंड प्रमुख सह भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामदेव हेंब्रम, मुगार्घुटू पंचायत के मुखिया मुचिराम हांसदा, फॉरेस्ट ब्लॉक के मुखिया पोरमा बानरा, जादूगोड़ा मंडल अध्यक्ष दिलीप पुराण, एसटी मोर्चा घाटशिला विधानसभा प्रभारी परमीत पूर्ति, एसटी मोर्चा मंडल महामंत्री बागुन केराई, साहिबा हेंब्रम, किशोर कुमार पातर आदि उपस्थित थे.

### हूल दिवस पर मंत्री जोबा माझी ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**चाईबासा।** शुक्रवार को हूल दिवस पर मनोहरपुर और आनंदपुर में श्रद्धांजलि सभा एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. आनंदपुर मुक्तिपत्थर स्थित शहीद स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मनोहरपुर विधायक सह महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री जोबा माझी उपस्थित थी. मंत्री ने वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव की प्रतीमा पर माल्यार्पण कर झारखंड के अन्य वीरों को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया. उन्होंने कहा कि हूल दिवस अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ का प्रतीक है. आजादी की लड़ाई में सिदो-कान्हू, चांद-भैरव व झारखंड के अन्य वीर सपूतों का अहम योगदान रहा था. हमें अपने वीर शहीदों पर गर्व है और वे उन्हें कोटी-कोटी नमन करतीं हैं. इस मौके पर हूल मुक्तिपत्थर समिति के प्रमुख सुशील हेंब्रोम आदि उपस्थित थे.

### जमशेदपुर : अखिल झारखंड छात्र संघ ने डिमना में मनाया हूल दिवस, शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** अखिल झारखंड छात्र संघ के अध्यक्ष हेमंत पाठक के नेतृत्व में डिमना स्थित हलुदबानी में हूल दिवस मनाया गया. इस अवसर पर वीर शहीद सिधो कान्हो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. साथ ही संकल्प लिया गया कि अन्याय के खिलाफ जोरदार आवाज उठाना और गलत का विरोध करना है. इस अवसर पर हेमंत पाठक ने कहा कि 30 जून 1855 को झारखंड के आदिवासियों ने अंग्रेजी हुकूमत के अत्यादचार के खिलाफ पहली बार विद्रोह का बिगुल फूंका था। इस दिन 400 गांवों के 50 हजार लोगों ने साहिबगंज के भोगनाडीह गांव पहुंचकर अंग्रेजों से आमने-सामने की जंग का ऐलान कर दिया था. उन्होंने कहा कि आदिवासी भाइयों सिद्धो-कान्होग और चांद-भैरव के नेतृत्वअ में तब संथालों ने मालगुजारी नहीं देने और अंग्रेज हमारी माटी छोड़ो का जोर-शोर से ऐलान किया. अंग्रेजों ने तब संथाल विद्रोहियों से घबराकर उनका दमन प्रारंभ किया.

### आदिवासी छात्र युवा संगठन ने मनाया हुल दिवस



**गिरिडीह।** आदिवासी छात्र युवा संगठन ने गावां प्लस टू उच्च विद्यालय में सिद्धू-कान्हू के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर हुल दिवस मनाया. आदिवासी छात्र युवा संगठन के अभय मुर्मू, संजय बेसरा व दुर्गा बेसरा, जगदीश मरांडी ने कहा कि जब भी भारत की आजादी की बात होती है, तो 1857 के विद्रोह को अंग्रेजों के खिलाफ पहला विद्रोह बताया जाता है, लेकिन इससे पहले 30 जून 1855 को सिद्धू-कान्हू के नेतृत्व में साहेबगंज ज़िले के भगनाडीह गांव से विद्रोह शुरू हुआ था. इसी दिन को हुल दिवस कहा जाता है. इस दिन सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव व बहनों फूलों-झानो ने अंग्रेजों के खिलाफ क्रांतिकारी बिगुल फूंका था. उन्होंने संथाल परगना के भगनाडीह में लगभग 50 हजार आदिवासियों को इकट्ठा करके अपनी स्वतंत्रता की घोषणा कर दी थी. इसमें 20 हजार आदिवासी शहीद हो गए थे.

### धनबाद : सताक्षी महिला मंडल ने जरूरतमंदों के बीच बांटी खाद्य सामग्री



**धनबाद।** सताक्षी महिला मंडल ने 30 जून शुक्रवार को ईसीएल मुगमा एरिया के ऑफिसर्स क्लब में गरीबों व असहायों के बीच खाद्य सामग्री का वितरा किया. कार्यक्रम में संस्था की महिलाओं ने वृंदावनपुर पंचायत के 45 ग्रामीणों के बीच चावल, सोयाबीन, चना आदि का वितरण किया. संस्था की क्षेत्रीय अध्यक्ष सुचलिता नायक ने बताया कि सताक्षी महिला मंडल की अध्यक्ष पुष्पिता पंडा के निर्देश पर गरीबों की सेवा की गई. बारिश से बचाव के लिए उन्हें छाता भी दिया गया.। ज्ञात हो कि सताक्षी महिला मंडल की ओर से कोलियरी क्षेत्रों में समय-समय पर गरीबों व जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री व अन्य जरूरी सामान का वितरण किया जाता है. मौके पर संस्था की सदस्य लक्ष्मी रामा, श्रीवास्तव अमिता सिंह आदि मौजूद थीं.

### धनबाद : खतरनाक बीमारियों से निपटेगी स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम की टीम

**धनबाद।** मानसून की शुरूआत के साथ जिले मे मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है. राहत की बात यह है कि इन खतरनाक बीमारियों से निपटने के लिए नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद है. पिछले कई वर्षों से मैन पावर की कमी से जूझ रहे स्वास्थ्य विभाग ने इस वर्ष नगर निगम के साथ मिलकर मलेरिया व डेंगू के प्रभावित क्षेत्रों में संयुक्त अभियान चलाने का निश्चय किया है. स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम की को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया. जुलाई माह डेंगू व मलेरिया के जीवाणु के लिए अनुकूल होता है. मानसून में नमी बढ़ जाती है, जिस कारण नालियों, बगीचों व छत पर जलजमाव होता है, जिसमें मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया के मच्छर पनपते हैं. जुलाई-अगस्त व सितंबर में मच्छर काफी तेजी से पनपते हैं. ही वह समय है, जब अस्पतालों में मरीजों की गिनती बढ़ जाती है. परंतु कुछ सावधानियों के साथ इन खतरनाक बीमारियों से बचा जा सकता है.

### धनबाद : जमसं समर्थक पर ताबड़तोड़ फायरिंग, भाग कर जान बचाई

**धनबाद।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के शालीमार में गुरुवार 29 जून की रात लगभग साढ़े दस बजे अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई. फायरिंग की आवाज सुन कर लोग घरों में दुबक गए. चार राउंड फायरिंग करते हुए कुछ युवक भाग खड़े हुए. हमला शालीमार निवासी रामबचन सिंह के पुत्र शंकर सिंह पर हुआ था. हालांकि उन्होंने किसी तरह भागकर जान बचाई. जोड़ापोखर पुलिस ने घटनास्थल से दो जिंदा कारतूस, एक खोखा बरामद किया है. पुलिस ने हीरो होंडा शाइन मोटरसाइकिल भी बरामद की है. पुलिस फायरिंग करने वाले युवकों की तलाश में जुटी है. घटना के बाद रामबचन सिंह का पूरा परिवार सहमा हुआ है. शंकर सिंह ने बताया कि रात करीब 10 बजे वह घर आ गए थे. लगभग साढ़े दस बजे विनोद नामक एक युवक ने घर के निकट आकर मोबाइल से फोन कर बुलाया. वह ज्योंही घर की बगल वाली गली में पहुंचे, अचानक फायरिंग होने लगी. उसने बताया कि वह सूशी आउटसोर्सिंग जयरामपुर में जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम के लिए काम करता है. कहा कि आउटसोर्सिंग का काम छोड़ने का दबाव बनाने के लिए ही किसी ने ऐसी हरकत की है. उसने अपनी जान को खतरा बताया है.

### बेरमो : स्वच्छता पखवाड़ा पर नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्वच्छता का दिया संदेश



**बोकारो।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कोयला मंत्रालय के निर्देश पर सीसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है. इस अवसर पर सीसीएल कथारा महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में 30 जून को डीएवी कथारा के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्वच्छता का संदेश दिया. इसके अलावा डीएवी स्वांग के विद्यार्थियों ने स्वच्छता रैली के माध्यम आसपास के गांवों में स्वच्छता का संदेश दिया. छात्र-छात्राओं ने लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने का आग्रह किया. इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों में निबंध, चित्रकला और क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. प्रतियोगिया में 11 स्कूलों के 1022 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. मौके पर एसओपी जयंत कुमार, अर्जुन प्रसाद, सीएसआर हेड चंदन कुमार, जयदीप मजूमदार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

### चाईबासा : कमारहातु में विधायक ने लाइब्रेरी भवन का किया शिलान्यास

**चाईबासा।** सदर प्रखंड अंतर्गत कमारहातु में लाइब्रेरी भवन निर्माण का शिलान्यास विधायक दीपक बिरुवा ने नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण कर शुक्रवार को किया. विधायक निधि से झालको के अभियंता की देख-रेख में निर्माण किया जाएगा. विधायक ने ठेकेदार को जल्द निर्माण कार्य आरंभ करने का निर्देश दिया. कमारहातु के बुद्धिजीवियों ने उम्मीद जताई है कि मसकल लाइब्रेरी का निर्माण कार्य 15 नवंबर तक पूर्ण हो जाएगा. मालूम हो कि कमारहातु में मसकल लाइब्रेरी है जो फिलहाल आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित है. जिसका उद्घाटन भी विधायक बिरुवा ने किया था. मौके पर विधायक ने लाइब्रेरी भवन निर्माण का आश्वासन दिया था.

## रामगढ़ में भाजपाईयों ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** भाजपा मांडू मंडल उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू व भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू के संयुक्त नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने शुक्रवार को कुजू ट्रांसपोर्ट नगर, रामनगर आदि स्थानों में जाकर डोर टू डोर जन संपर्क अभियान चलाया। नरेंद्र मोदी के 9 साल बेमिसाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण अभियान के तहत इन सालों में केंद्र सरकार के द्वारा किये गये विकास कार्यों की जानकारी देते हुए 2024 में फिर से राज्य व केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने का लोगों से आग्रह किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रंजीत सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू, आशीष कुमार, सुधान सिंह, उमेश चंद्र पटेल, पंचीत महतो, श्रवण साह आदि शामिल थे ।

### सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लगाए गए विस्फोटक बरामद



चाईबासा। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में तुम्बाहाका-पटातारोब गांव में एक सड़क पर सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लगाए गए दो विस्फोटक बरामद कर सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को एक बड़ी दुर्घटना टाल दी। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान विस्फोटक एवं अन्य सामग्री बरामद की। पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि इस इलाके में नक्सलियों ने विस्फोटक रखे हैं, इसके आधार पर जब क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया तो वहां विस्फोटक मिले। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

## हजारीबाग: जैन भवन में उड़ान लाइफस्टाइल एग्जिबिशन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन जीतो की ओर से दिगंबर जैन भवन बड़ा बाजार में दो दिवसीय उड़ान लाइफस्टाइल एग्जिबिशन का शुभारंभ हुआ. सर्वप्रथम णमोकार महामंत्र का पाठ किया गया. जीतो लेडीज विंग हजारीबाग की अध्यक्ष दीपिका अजमेरा, सचिव अंतिमा पाटनी व अन्य पदाधिकारियों ने रांची जीतो चैप्टर व बाहर से आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता, मोंमटो और तिलक के साथ किया. एग्जीबिशन का शुभारंभ सुपर स्पॉन्सर सुधा सौरभ पाटोदी, डॉ. हांडा सोनम, हर्ष प्रीति अजमेरा, सपना छाबड़ा व रांची लेडीज विंग की ओर से किया गया. दीप प्रज्ज्वलित महिला समाज की अध्यक्ष पुष्पा अजमेरा, मंत्राणी सुशीला सेठी, आशा विनायका, शिल्पी अजमेरा, चेयरपर्सन दीपिका अजमेरा, अंतिमा पाटनी, रांची चैप्टर की चेयरपर्सन प्रियंका पाटनी, पूर्व अध्यक्ष पायल सेठी और सचिव सरोज पांडेय ने किया. इस आयोजन में एक से बढ़कर एक 34 स्टॉल लगे. सभी स्टॉल देखने लायक थे. परिधान फैशन, ज्वेलरी, राखी, क्रॉकरी, बच्चों के कपड़े, कुर्ती, लहंगा, फूड स्टॉल आदि का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा.

**भाजपा जनसंपर्क** | विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन, अमर बाउरी बोले

# सरकारी योजनाओं से गांव का विकास हुआ है



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मलेन का आयोजन गोमिया प्रखंड के बुंडू पंचायत भवन में 29 जून को किया गया. सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए चंदनकियारी विधायक सह भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने पीएम मोदी के 9 वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया. कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से गांवों व शहरों का विकास हुआ है. विकास के कारण लोगों के जीवनस्तर में आया परिवर्तन भाजपा सरकार की देन है. भाजपा को वोट देकर मतदाता अपनी आगामी पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित कर रहे हैं. उन्होंने आगामी वर्ष 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में लोगों से भाजपा सरकार बनाने की अपील की. सम्मेलन को पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, पूर्व विधायक छत्रुराम महतो, जिलाध्यक्ष भरत यादव, जिला उपाध्यक्ष अनिल स्वर्णकार, प्रखंड अध्यक्ष रविशंकर जायसवाल, सुधीर कुमार सिन्हा समेत अन्य भाजपा नेताओं ने भी संबोधित किया. सम्मेलन की शुरूआत अमर कुमार बाउरी, रविंद्र कुमार पांडेय समेत अन्य ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया. मौके पर जिलापरिषद् अध्यक्ष सुनीता देवी, जिप सदस्य प्रह्लाद महतो, जिला महामंत्री जयदेव राम, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष चित्तरंजन साव, सुरेंद्र राय, शांतिलाल जैन, संजय सिन्हा, मोहनलाल अग्रवाल आदि संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे.

### सहायक अध्यापकों ने किया विधायक आवास का घेराव

**गिरिडीह।** वेतनमान की मांग को लेकर शुक्रवार 30 जून को सहायक अध्यापक संघ ने गांडेय विधायक सरफराज अहमद के आवास का घेराव किया. विभिन्न प्रखंडों से आए सहायक अध्यापकों ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर विधायक को ज्ञापन सौंपा और 2019 विधानसभा चुनाव की याद दिलाई. कहा कि चुनाव के वक्त सरकार गठन के 90 दिनों के अंदर वेतनमान देने का वादा किया गया था. लेकिन 3 साल बीतने के बाद भी सरकार वादा पूरा नहीं कर रही. जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि राज्य के 14 हजार से अधिक सहायक अध्यापक सरकारी शिक्षक बनने की योग्यता रखते हैं. सरकार सीधे 50 प्रतिशत शिक्षकों की बहाली में सहायक अध्यापकों का समायोजन करें.

# बरकट्ठा में हूल दिवस पर शहीदों को किया नमन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटक स्थल सूरजकुंड धाम में आदिवासियों का मुख्य त्योहार हूल दिवस धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का आयोजन भारत जकात माझी परगना महाल के प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा ,सचिव मनोज मुर्मू के नेतृत्व में किया गया । वहीं मंच संचालन रामजी बेसरा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश सचिव चुरचू प्रखंड के बाबूलाल हेंब्रोम,बरही प्रखंड अध्यक्ष घनी मुर्मू उपस्थित थे। मौके पर समाजसेवी सुनील पांडेय ने कहा संथाल विद्रोह (हूल आंदोलन) का नेतृत्व सिद्धू-कान्हु ने किया था। सिद्धू-कान्हु के नेतृत्व में इस लड़ाई में संथाल परगना के स्थानीय आदिवासियों एवं गैर आदिवासीयों ने जान की बाजी लगाकर ब्रिटिश शासन के विरुद्ध लड़ाई लड़ी थी। अंग्रेजी शासन की गलत नीतियों के कारण जंगल तराई जो आज संथाल परगना है, इसके अलग-अलग क्षेत्रों में असंतोष गहराने लगा था। इसलिए अंग्रेजी शासन के विरुद्ध स्थानीय लोगों ने 1853 के समय से ही विरोध करना शुरू कर दिया था। जब दमन और शोषण बढ़ता गया तब स्थानीय लोग भी अंग्रेजी शासन के विरुद्ध क्रोध बढ़ता गया। वहीं 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा विद्रोहियों ने सिद्धू-कान्हू से संपर्क साधा और उनके नेतृत्व में 30 जून 1855 को पंचकठिया,बरहेट जिला साहेबगंज में पूरे जंगल तराई के तमाम विद्रोहियों व उनके समर्थकों की एक सभा बुलाई। सभा में सिद्धू को उनका नेता चुना गया और उनके नेतृत्व में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया।मौके पर बरही पूर्व जिला परिषद सदस्य संतोष रविदास, मोहन बास्के, मणिलाल हेंब्रोम,जीबलाल बास्के,रामू मुर्मू समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी ने मनाया श्रद्धांजलि दिवस

**रामगढ़।** आजसू पार्टी ने 30 जून को रामगढ जिला कार्यालय में हूल दिवस को जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि दिवस के रुप मे मनाया ।इस अवसर पर हूल क्रांति के नायकों सिद्धू,कान्हू चांद,भैरव व बहन फूलो झानो के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई । साथ ही उनके सिद्धान्तों पर चलने का संकल्प लिया गया ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा कि सिद्धू,कान्हू के साथ जितने भी महान शहीदों ने बलिदान दी वह निश्चित ही हमारे लिए प्रेरक है।कहा की आज कम्पनिया जमीन जंगल जल को लूटने को खड़ी है। हूल दिवस हमे पुराने इतिहास का स्मरण करा रहा है और बता रहा है कि स्थिति अब बहुत ज्यादा सुधरी नहीं है। हमें एक नये हूल के साथ लड़ना है,संघर्ष करना है और अपनी भाषा संस्कृति और जंगल को संरक्षित और संवर्धित कर आदर्श व सशक्त समाज, प्रांत व राष्ट्र के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी है ।इस अवसर पर जिला सचिव लालचंद महतो, युगेश बेदिया, प्रधान सचिव अनुज तिवारी, मांडू प्रमुख चंद्रमणि देवी, केंद्रीय सदस्य हेमलाल महतो, प्रवक्ता सुरेंद्र महतो,उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू,नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, नीतिश निराला, विभन सिंह, कुलदीप वर्मा, उत्तम पासवान, अनुपमा सिंह, पिंकी देवी,दीपक साव, मोहरलाल महतो, लेखराज महतो, रामबृक्ष महतो, रोहित सोनी, दिनेश प्रजापति, अजय यादव आदि उपस्थित थे।

## बरही : आईलेक्स पब्लिक स्कूल में मनाया गया हुल दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** हूल दिवस से विद्यार्थियो को सिख लेने की आवश्यकता है. जहां गोले बारूद से लैश ब्रिटिश सेना को दृढ़ संकल्पित आदिवासियों ने अपने तीर धनुष से छक्के छुड़ा दिए. यह दिन विद्यार्थियो को सकल्प लेने का दिन है कि यदि लक्ष्य निर्धारित हो तो संसाधनों की कमी के बाबजूद भी सफलता कदम चूमते है. उक्त बाते हूल दिवस के अवसर पर विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कही. संकल्प और लक्ष्य प्राप्ति के लिए हुल दिवस सबसे बेहतर उदाहरण है. इस अवसर पर बच्चो को हूल क्रांति के नायक सिद्धों कान्हू और चांद भैरव के नेतृत्व में महाजनी प्रथा और बंदोबस्ती के खिलाफ 30 जून 1855 को हुए क्रांति की विस्तार से जानकारियां दी गई. जमींदार, महाजन, पुलिस और सरकारी तंत्र के खिलाफ आदिवासियों के पारंपरिक लड़ाई की जानकारी दी गई. निदेशक ने बताया कि हूल दिवस पंचमाधव सहित गौरियाकरमा और बड़कागांव शाखा में भी मनाया गया. जिसमें विद्यालय की सभी शिक्षकों और विद्यार्थी उपस्थित रहे.

## रामगढ़ : राधा गोविंद विवि. में शहीदों को किया गया याद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के इतिहास, खोरठा, राजनीतिशास्त्र एवं शिक्षा विभाग द्वारा हूल दिवस पर 30 जून को आयोजन किया गया । मौके पर इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम कुमारी, खोरठा प्रभारी विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम, राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेम प्रकाश, शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू तिवारी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. पूनम ने शहीदों के वीर गाथाओं को बताते हुए कहा कि यह विद्रोह संथाल परगना के एक छोटे स्थल भगनाडीह से आरंभ होकर पूरे संथाल परगना में फैल गया । इस आंदोलन में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी भाग लिया था । महिलाओं को इतिहास के पन्नों में कम महत्व दिया गया है इन वीरांगनाओं को भी हमें इतिहास में स्थान देने की जरूरत है साथ ही उन्होंने यह कहा कि इस विद्रोह में 400 गांवों के संथालों के अतिरिक्त विभिन्न वर्ग के लोगों ने भी भाग लिया था । इस विद्रोह को हम प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन की प्रारंभिक कड़ी के रूप में भी देख सकते हैं । शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू तिवारी ने इस मौके पर झारखण्ड के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए उनके अमर बलिदानों की गाथा को विस्तार से बताया । धन्यवाद ज्ञापन इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. ममता के द्वारा दिया गया । मौके पर सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे ।

### हल्ला बोल कार्यक्रम

## पूर्व विधायक ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल सूर्यकुंड में करोड़ों की लागत से बनकर तैयार डिग्री कॉलेज में पठन- पाठन शुरू करवाने को लेकर हल्ला बोल कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में 2 जुलाई को कॉलेज परिसर में हल्ला बोल कार्यक्रम सह बैठक को सफल बनाने हेतु उन्होंने जनसंपर्क अभियान चलाया।उन्होंने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के घंघरी,सक्रेज, बरकट्ठा, बेलकपी, बंडासिघा, बेड़ोकला बाजार, कपका ,पंचफेड़ी ,तुर्कबाद समेत अन्य गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने दो जुलाई को सूर्यकुंड डिग्री कॉलेज परिसर में हल्ला बोल कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पहुंचने की अपील की है। कहा कि मेरे विधायकी काल में डिग्री कॉलेज,राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण करवाया गया था ताकि हमारे क्षेत्र के बच्चे बच्चियां को पढ़ाई के लिए बाहर ना जाना पडे। कहा हर हाल में आगामी सत्र से डिग्री कॉलेज में पठन-पाठन शुरू किया जायेगा इसके लिए हमने और कार्यकताओं ने कमर कस ली है। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, पुर्व मुखिया राजकुमार नायक, समाजसेवी दर्शन सोनी , देवीलाल साव ,केदार यादव, राजकुमार चौधरी, प्रमोद पासवान, बिनोद पासवान, उमेश कुमार, कुंजलाल महतो,जुठी भुइयां समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई पेटर्न पर आधारित विद्यालय में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद,प्राचार्य दिनेश कुमार भारती ,प्रशिक्षक इंजीनियर जितेंद्र कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने विद्यालय के शिक्षकद,शिक्षिकाओं को नई शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को कैसे पढ़ाना है इसके बारे में विशेष जानकारी प्रदान किया।इस प्रशिक्षण का लाभ संस्था के शिक्षक बैजनाथ मंडल ,शंभू शर्मा ,पवन कुमार ,योगेश कुमार, नंदेव कुमार ,विजय प्रसाद ,मनीता कुमारी ,नेहा कुमारी ,ज्योति भारद्वाज ,प्रकाश कुमार, सपना कुमारी ,काजल कुमारी, सीता कुमारी ,मानती कुमारी ,आरती कुमारी ,सरिता देवी ,काजल सोनी ,रूपेश कुमार पांडे ,राजेश कुमार यादव, रामजतन गोस्वामी ने प्राप्त किया।

## भाजपा बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गैयपहाड़ी स्थित डमर चौक में बेडोकला भाजपा मंडल इकाई के तत्वावधान में बुद्धिजीवी शाखा बरकट्ठा का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव,जिप सदस्य और भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता कुमकुम देवी उपस्थित थी। सम्मेलन में वक्ताओं ने भाजपा के केंद्र सरकार के नौ साल बेमिसाल पर चर्चा करते हुए विभिन्न उपलब्धियों को गिनाया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के नौ साल बेमिसाल को जनता के बीच ले जाना है। सम्मेलन में गैयपहाडी मुखिया कलावती देवी,पंसस सदस्य सुषमा रानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, टुकलाल नायक, छोटेलाल मेहता, कृष्णदेव प्रसाद, समन ठाकुर, अनिल आजाद, जागेश्वर मंडल, रीतलाल प्रसाद, शंकर ठाकुर समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बीईईओ ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** शुक्रवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामशरण दांगी विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्टू यादव के साथ प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया.इस दौरान प्राथमिक विद्यालय दुलमहा, तेलोडीह, उर्दू विद्यालय, बुंडू, मॉडल विद्यालय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का भ्रमण किया गया. जनकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में मुख्य रूप से बच्चो और शिक्षको की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था, पठन पाठन सहित विद्यालय की कमियों को भी देखा गया. जिसमे प्राथमिक विद्यालय दुलमहा के शिक्षको की लापरवाही दिखी, जहां विद्यालय के दीवाल पर लिखे सूचना में अब तक राष्ट्रपति का नाम प्रतिभा पाटिल सहित कई पुराने सूचनाएं अब तक अंकित है. जिसे तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया. वही दुलमहा, तेलोडीह, उर्दू विद्यालय में चहारदीवारी नही रहने के करना विद्यालय के बच्चे असुरक्षित है. इसे शीघ्र बनवाने की आवश्यकता है. वही बुंडू को छोड़कर अन्य सभी विद्यालयों में शिक्षको की कमी पाई गई. वही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मात्र तीन स्थाई शिक्षिकाये ही पदस्थापित है, यहां भी शिक्षिकाओं की नितांत आवश्यकता है. विद्यालय में बेड की घोर कमी है. जिससे छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

### मन्नतें होती हैं पूरी

### जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपेक्षा का दंश झेल रहा है पातालसुर धाम

# हजारों का प्यास बुझाती है पातालसुर की निर्मल जल धारा

**रामकृष्ण पांडेय**

**बरकट्ठा ।** प्रखंड क्षेत्र का एकमात्र निर्मल जल का झरना पताल सुर धाम अपने करिश्माई चमत्कार से आदि काल से ही चर्चित रहा है। अनवरत प्रतिदिन हजारों लीटर स्वच्छ जल की धारा बहना इसका विशेष पहचान है। बरकट्ठा थाना के इर्द-गिर्द अगर आपको तेज प्यास लगी हो तो बगल के पतालसुर पुल के नीचे उतरें और प्राचीन काल से अनवरत बहते पतालसुर झरने का पानी पी लीजिए। तन-मन सब तृप्त हो जाएगा। ऐसा लगाता है जैसे झरने के पानी में अमृत घोल दिया गया है। एकबार अगर इसका पानी पीने का चस्का लगा तो शायद आपको मिनरल वाटर भी पीने का मन न करे।

### अनवरत बहती है स्वच्छ निर्मल धारा

बाबा के चरणों से अनवरत निकलती निर्मल धारा श्रद्धालुओं तथा बरकट्ठा वासियों की प्यास बुझाती है। मात्र दो मिनट में पंद्रह लीटर का जार पानी से भर जाता है। सैकडों लोग प्रत्येक दिन स्नान कर अपने घरों के लिए पेयजल जारों में ले जाते है। वहीं बरकट्ठा थाना गोरहर थाना के जवान व पदाधिकारी, बैककर्मी व अंचलकर्मी सुबह में हाथों में जार लिए नजर आते हैं। अवागमन के लिए विधायक मद से पीसीसी पथ बना है एवं बरसात में पानी से बचने के लिए सांसद मद से शेड भी बना हुआ है। हालांकि जिस अनुपात में इस स्थान का विकास होना चाहिए अब तक नहीं हो पाया है।अब तक यह जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपेक्षा का दंश झेल रहा है।यहां हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद के श्रद्धालु अक्सर पूजा पाठ करते नजर आ जाएंगे। अगर प्रशासन की मदद से इसे विस्तार दिया जाए तो पेयजल की बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है साथ ही पर्यटन के दृष्टिकोण से भी इसे विकसित किया जा सकता है। बरकट्ठा के तत्कालीन थाना प्रभारी रवि प्रताप बाजपेयी ने वर्ष 2009 में पतालसुर बाबा की संरचना एवं पानी टंकी को दुरुस्त कर एक सराहनीय कार्य किया था जिनकी प्रशंसा बरकट्ठा वासी अक्सर करते रहते हैं।

### नीम पेड़ के नीचे विराजमान बाबा पतालसुर की महिमा

कहा जाता है कि प्राचीन काल से यह मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई मन्नत जरूर पूरी होती है। बाबा को खुश करने के लिए यहां बकरे व मुर्गे की बलि का रिवाज है। लोगों के मुताबिक आज तक इनके आस-पास हुई भीषण सड़क दुर्घटनाओं में जान का नुकसान नही हुआ है। इसके कारण प्रत्येक दिन दर्जनों बकरे की बलि दी जाती है। ट्रक चालक भी अपनी मन्नत पूरी होने की खुशी में पूजा-पाठ करते नजर आते हैं। जीटी रोड से आने-जाने वाले श्रद्धालु यहां नमन कर ही गंतव्य की ओर रवाना होते हैं।





# हुल दिवस पर शहीदों को विधायक ने दी श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमेटी ने हुल दिवस के मौके पर हूल विद्रोह के नायक सिदो-कान्हू, फूलो-झानो आदि को याद किया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि झारखंड के शहीदों का बलिदान देश की आजादी के लिए अविस्मरणीय है। जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के अमर शहीद सिद्धू कानू, फूलों झानो, चांद भैरव जैसे असंख्य शुरवीरों ने बलिदान देकर देश की आजादी के आंदोलन की शुरूआत कर जोश भरने का काम किया। विधायक ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले आदिवासियों के संघर्ष गाथा और उनके बलिदान को याद करने का यह खास दिन है। जिसे हम हुल दिवस रूप में मनाते हैं। इन अमर शहीदों की शौर्य गाथाएं, भावी पीढ़ियों को सदैव मातृभूमि की सेवा करने के लिए प्रेरित करती रहेंगी। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आदिवासियों के संघर्ष गाथा, उनके बलिदान तथा अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह के प्रतीक के तौर पर आज हूल दिवस मनाया जा रहा है। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा,जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की,जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह,जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन,जिप सदस्य सामरोम पौल टोपनो,जिप सदस्य शांति बाला,प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन तिर्की,वरीय जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज,नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू,जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज,जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा रॉवेल लकड़ा,बिरंजन बड़ा,नोमिता बा, अगाथा तिर्की आदि उपस्थित हुए।

## हुल दिवस के मौके पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला सिमडेगा के द्वारा भाजपा कार्यालय में हुल दिवस मनाया गया बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड के पूर्व विधायक विमला प्रधान ने अपने विचारों को रखते हुए कहा भारतीय स्वाधीनता संग्राम मे जनजाति समाज की अग्रणी भूमिका रही है जनजाति नेताओं ने अपने मातृभूमि को अंग्रेजी शासन से मुक्त कराने के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर किया है 168 वर्ष पहले 30 जून 1855 में तत्कालीन बंगाल प्रेसीडेंसी वर्तमान में झारखंड के संथाल परगना में सिदो- नेतृत्व स्वतंत्रता संग्राम में विशिष्ट स्थान है संथाल भूलने 18 सो 57 के स्वतंत्रता संग्राम के बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह गांव के निवासी सिनेमा के ग्राम प्रधान सिदो- कानू के नेतृत्व में किया गया हुल आंदोलन का स्वतन्त्रता संग्राम में विशिष्ट स्थान है जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने भी संबोधन करते हुए वीर शहीद सिदो कान्हू के जीवन के बारे मे प्रकाश डाला।

## हुल दिवस के मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सिद्धू कान्हू चांद भैरव को श्रद्धांजलि दी



**सिमडेगा।** हूल दिवस के मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा द्वारा शुक्रवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में वीर शहीद सिद्धू कान्हू चांद भैरव फूलों झानो को श्रद्धांजलि अर्पित की मौके पर पूर्व विधायक बसंत कुमार लौंगा ने संबोधित करते हुए कहा कि, झारखंड के अस्मिता और झारखंड के माटी की रक्षा करते हुए इन्होंने जो अपने प्राणों की आहुति दी है वह व्यर्थ नहीं जाएगा।हमें उनके जीवन से सीख लेने की आवश्यकता है ताकि आने वाले दिनों में हम अपने जल जंगल जमीन और माटी की रक्षा कर सकें। जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा सन 1855 में जब झारखंड की माटी की रक्षा की बारी आई थी। तब इन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी थी और इसके अलावा 20,000 से अधिक आदिवासी भाइयों ने भी इनके हुल क्रांति पर इनका सहयोग किया था। हमें उनके बलिदान को हमेशा याद रखना है और हम संकल्प लेते हैं कि हम इस क्षेत्र के आदिवासी मूलवासी यों की हितों की रक्षा करें।मौके पर सचिव सफीक खान ,मो शाहिद फिरोज आली , नारायण मांझी अनिल तिर्की, ऑस्कर डांग,नुवास केरकेट्टा, बिपिन कुल्लु ,सिकंदर बरवा जाफर खान, संजू डांग, रेयाजुल अंसारी ,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आसिशन बिलुंग ,अंसिला टोपनो सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

## नप कार्यालय में हुल दिवस मनाया गया

**सिमडेगा।** हुल दिवस के मौके पर नप कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा, डीएलओ अजय सिंह बड़ाईक सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा सहित अन्य अधिकारियों ने वीर शहीद सिद्धू कान्हु और चांद भैरव को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा ने सिदो कान्ह, चांद भैरव, फूलों झानो के साथ साथ मित्रों में हुए शहीद की शहादत हम सभी लोगों को प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा



कि शहीदों की वीरगाथा से प्रेरणा लेकर हमें उनके सपनों का झारखंड बनाना है। मौके पर डीडीसी ने सिद्धू कान्हू की जीवनी की जानकारी देते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने की बात कही। मौके डीएलओ अजय सिंह बड़ाईक, एनडीसी राजेंद्र प्रसाद सिंह, एसडीओ महेंद्र कुमार, बीडीओ अजय कुमार रजक, सीओ प्रताप मिंज, मोती लाल अग्रवाल, सफीक खान, सिटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह, राहुल सोनी, सौरभ कुमार आदि उपस्थित थे।

## रफ्तार का कहरः स्कार्पियो कार ने बिजली खंभा को मारकर सड़क किनारे दो दुकानों को रौंदा

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर अस्पताल के समीप भारी बारिश के बीच देर रात रफ्तार का कहर देखने को मिला जहां पर धनबाद से आ रही एक स्कार्पियो सबसे पहले बिजली खंभा को टक्कर मारते हुए सदर अस्पताल किनारे बने दो फुटपाथ दुकान को पूरी तरह से रौंदते हुए गाड़ी को सदर अस्पताल सिमडेगा में लगाकर फरार हुआ एवं बाद में खुद थाना को सूचना दिया। वही मामले की जानकारी रात को पीसीआर पुलिस को हुई जिसके बाद उक्त वाहन को अपने कब्जे में लिया तथा इधर वाहन में बैठे लोगों के बारे में पूछताछ की उन्हें पुलिस होटल में रात को ठहराया ।वही चालक जितेंद्र पासवान जो झरिया धनबाद निवासी थाना में जाकर मामले की इसकी जानकारी दी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो राउरकेला की ओर जा रही थी इसी बीच अचानक नियंत्रण खोई और सबसे पहले बिजली खंभा को टक्कर मारी ,टक्कर इतनी जोरदार था कि खंभा टूट कर जमीन में धंस गई और सामने दो दुकान से जिसे धक्का मारते हुए चक्का ब्लास्ट कर गई और वाहन को अस्पताल परिसर में खड़ा कर चालक उस जगह से भाग गया हालांकि इस घटना में किसी को कोई चोट नहीं लगी इधर मामले की छानबीन पुलिस कर रही है। इधर धक्का लगने के बाद दुकान संचालक संदीप कुमार और सुनील कुमार ने कहा कि उनके हजारों रुपए के सामान एवं खेला सहित कई चीजें पूरी तरह से टूट गई है जिसके बाद आप परिवार के सामने आर्थिक संकट आ पहुंचा है उन्होंने इस मामले में उचित मुआवजे की मांग की है।

## सर्पदंश से 9 वर्षीया बच्ची की बिगड़ी हालत



**सिमडेगा।** सिकरियाटांड चोगोटोली गांव में शुक्रवार की सुबह जहरीले सांप के डंसने से 9 वर्षीय दृष्टि तिर्की नामक बच्ची की तबीयत बिगड़ गई। परिवार वालों ने तत्काल बिना किसी देर किए हुए उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया जहां पर उसकी इलाज चल रही है। घटना के संबंध में उसकी मां ने बताया कि दृष्टि खेत गई थी और वापस लौट रही थी इसी क्रम में के पैरों में जहरीले सांप ने डसा जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी ।बाद में खेत में काम कर रहे कुछ लोगों की नजर पड़ी तब इसकी जानकारी परिवार वालों को दी और परिवार वालों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।इधर सदर अस्पताल में उसकी इलाज चल रही है। फिलहाल वह खतरे से बाहर है।

## कोलेबिरा गहरा नाला के पास दो ट्रकों के भीषण टक्कर में चालक घायल, तीन घंटे सड़क जाम

**सिमडेगा।** सिमडेगा रांची मुख्य मार्ग कोलेबिरा जंगल गहरा नाला के पास शुक्रवार की सुबह दो ट्रकों के आपस में भीषण टक्कर की वजह से ट्रक चालक अरविंद यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उसे कोलेबिरा लाया जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। इधर दो ट्रकों की टक्कर की वजह से एनएच143 पूरी तरह से 3 घंटे तक जाम लग गया बताया गया इस दौरान सिमडेगा से रांची की ओर जाने वाली रांची से सिमडेगा की ओर आने वाली सभी वाहनों की कतार लग गई। जिसके पास आवागमन में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा ।मामले की जानकारी मिलने पर कोलेबिरा पुलिस प्रशासन द्वारा द्वारा क्रेन मंगाकर दुर्घटनाग्रस्त दोनों ट्रकों को सड़क से किनारे किया जिसके बाद यातायात को सुचारू रूप से बहाल की गई ।बताया गया जाम लगने की वजह से कई वाहन कोलेबिरा के बरवाडीह होकर बेसराजारा होते हुए सिमडेगा प्रिंस चौक होकर सिमडेगा पहुंची ।गौरतलब हो कोलेबिरा के गहरा नाला पुलिया जंगल के पास आय दिन सड़क हादसे होते रहती है जिसकी वजह से वाहनों की लाइन लगती मौके पर कोलेबिरा थाना प्रभारी एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

## कोलेबिरा में सर्कस लगने से ग्रामीणों में उत्साह



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा में सर्कस लगने से वहां के एवं आस पास के ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सर्कस में बहुत सारी हैरतअंगेज कारनामे दिखाए जा रहे हैं जिसमे मोटरसाइकिल सवार युवक मोटरसाइकिल तेज गति से चला कर हवा में उड़ा देता है तो वही पिंजड़े के अंदर भी युवक मोटरसाइकिल चलाता है जो कि बहुत ही खतरनाक और हैरतअंगेज है। सर्कस में जादू भी दिखाया जा रहा है। वहाँ एक से बढ़ कर एक खेल दिखाया जा रहा है। सर्कस प्रतिदिन तीन शो दिखाया जा रहा है। कोलेबिरा में सर्कस के साथ साथ मेला भी लगाया गया है। मेला में मौत कुँवा, नवका झूला, ब्रेक डांस, मिकी माउस एयर बैलून जम्प, बेबी जम्प और मीना बाजार के साथ साथ मिठाइयों के दुकान भी लगाए गए हैं।

## सरस्वती शिशु मंदिर सलडेगा में मासिक बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर सलडेगा में प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू के अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालय में हुए पिछले महीने के गतिविधियों? की समीक्षा तथा आने वाले महीने के कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई प्रधानाचार्य ने बताया कि 3 जुलाई को विद्यालय में धूमधाम से गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा। प्रधानाचार्य बैठक में विद्यालय के शिक्षा तथा अनुशासन के स्तर को बनाए रखने के लिए सभी शिक्षकों को विशेष ध्यान रखने के लिए ढेरों टिप्स दिए उन्होंने छात्रों की अनुपस्थिति कम करने हेतु विशेष प्रयास करने का बल देने के लिए कहा। इस अवसर पर जुलाई माह में विद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में यथा गुरु पूर्णिमा उत्सव, बस्ता प्रतियोगिता, जिल्द लगाओ प्रतियोगिता तथा विज्ञान प्रदर्शनी के विषय में व्यापक चर्चा की गई। सर्वसम्मति से शिशु भारती, वाटिका भारती का गठन करने संबंधित तथा किशोर भारती और कन्या भारती के विस्तार पर भी चर्चा की छात्रों के संपूर्ण विकास हेतु उनके ज्ञान विज्ञान एवं मर्यादित और अनुशासित जीवन के लिए उचित प्रयास करने का निश्चय किया गया । बैठक में नामांकन संबंधित चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि कक्षा शिशु प्रवेश से कक्षा नवम तक का नामांकन 15 जुलाई तक जारी रहेगा इच्छुक अभिभावक कार्यालय आकर अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में करा सकते हैं। बैठक के दौरान, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विगत दिनों हुए कार्यशाला के विषय में शिक्षकों को जानकारी दी गई ।

## झुमरी तिलैया में सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंच रही है पार्षद पिंकी



**झुमरी तिलैया।** केंद्र में भाजपा सरकार के 9 साल पूर्ण होने पर सरकार के द्वारा किए गए जनहित के बेमिसाल कार्यों को जनसंपर्क अभियान के तहत निवर्तमान पार्षद समाजसेवी पिंकी जैन घर घर पहुंचाने का कार्य कर रही है। शहर के व्यवसाई, दुकानदार और आम जनता के घरों पर पहुंचकर भाजपा के 9 साल काम बेमिसाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण योजनाओं को लोगों के बीच बताने का कार्य कर रही है। जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी लोगों को मिले सभी को इसकी जानकारी हो पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के हाथों में ही देश सुरक्षित है जो काम पिछले 70 वर्षों में नहीं हुआ वह काम वर्तमान के 9 सालों में हुआ है पूरे भारतवर्ष में करोड़ों करोड़ जनता की मूलभूत समस्याओं का निदान भाजपा सरकार कर रही है अंतिम पायदान पर बैठे लोगों को पहली लाइन में बैठाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन हुआ है। भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाया है। पिंकी जैन ने कहा कि आइए हम सभी प्रण करें कि आने वाले दिनों में भी राष्ट्र निर्माण और आम जरूरतमंद जनता के हितों का ध्यान रखने वाली भाजपा सरकार को और अधिक मजबूत करें देश हित में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में ही यह राष्ट्र सुरक्षित रह सकता है। वैश्विक स्तर पर विश्व गुरु और महा शक्तिमान बनने की राह पर भारत को प्रधानमंत्री के दीर्घकालीन मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

## फादर्स डे सेल्फी कंटेस्ट का रिजल्ट जारी

**झुमरी तिलैया।** फादर्स डे के अवसर पर सेक्रेड हार्ट स्कूल के द्वारा आयोजित ऑनलाइन सेल्फी कॉन्टेस्ट के 10 विजेताओं की सूची जारी कर दी गई है। यह प्रतियोगिता अट्ठारह जून से शुरू हुई थी और 30 जून को रिजल्ट की घोषणा की गई। इस बारे में विद्यालय केएकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने बताया कि 22 जुलाई को स्कूल परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर सभी विजेताओं के बीच पुरस्कार का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 400 छात्रों और अभिभावकों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में अपने पिता के प्रति घनिष्ठता का भाव उत्पन्न होता है। उन्होंने सभी विजय प्रतिभागियों को बधाई दी और आने वाले अन्य प्रतियोगिताओं में भी शामिल होने के लिए प्रेरित किया।विजेता प्रतिभागियों में प्रेरणा कुमारी, अद्रिजा विश्वास, माहिरा आरिफ, रणवीर सिंह, आराध्या जायसवाल, लक्ष्य, सृष्टि कुमारी, सिमरन कुमारी, माही रानी और पारुल गुप्ता के नाम हैं। विजेता प्रतिभागियों को बधाई देने वालों में प्राचार्य नवीन कुमार, कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, संजय तिवारी, जेपी सिंह, संजय कुमार, फैयाज कैसर, रणजीत सिंह, विक्रम कुमार, शंकर कुमार, सतीश कुमार, विक्की कुमार, विशाल आनंद, अभिलाषा सिंह, पायल सिंह, पवन ठाकुर समेत अन्य शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों के नाम शामिल हैं।

## झुमरी तिलैया में श्याम बाबा के निशान यात्रा में शामिल हुई महिलाएं, मंदिर में भक्तों ने मत्था टेका



**झुमरी तिलैया।** पानी टंकी रोड स्थित शहर के श्याम मंदिर मे शुक्रवार को बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर ज्योत के साथ बाबा श्याम को चूरमा और खीर का भोग लगाया गया। मंदिर कमिटी के संयोजक सज्जन खेतान ने बताया कि भगवान कृष्ण को इस कलयुग मे बाबा श्याम के नाम से पूजा जा रहा हैं। वहीं दूसरी ओर ताली कीर्तन का भी आयोजन किया गया।जिसमे मनोज पिलानिया ने तेरे दर पर आके मुझे क्या मिला....हार्दिक लड्डा ने दरबार मे आकर....सज्जन खेतान ने ओ बाबा इतनी कृपा बनाये रखना...... तन्मय लड्डा ने जन्म जन्म का साथ हैं हमारा तुम्हारा.... जैसे भाजनों पर लोग झूमते रहे। कार्यक्रम के बीच-बीच मे हारे का सहारा श्याम बाबा हमारा से गूंजता रहा। इस अवसर पर विपुल चौधरी, संतोष लड्डा, शोभित पिलानिया, संजय नरेड़ी, विष्णु चौधरी, संदीप हिसारिया, डॉ. दीपक कुमार, अमित बंसल, गोपाल चौधरी, रिशु नरेड़ी, प्रीति चौधरी, बबिता कंन्दोई, सीमा पाटोदिया, रियांस चौधरी आदि उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर झंडा चौक स्थित दुर्गा मंडप से श्याम निशान यात्रा निकाली गई। पंडित जीवकांत झा ने पूजा अर्चना कराई निशान यात्रा के आगे एक सुसज्जित वाहन मे बाबा श्याम का दरबार सजाया गया। निशान यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए श्याम मंदिर पहुंच कर ध्वजा अर्पण किया गया। इस निशान यात्रा मे अंजुला खाटूवाला, अंजना केडिया, पिंकी खेतान, पायल जोशी, रश्मि गुटगुटिया, पूनम सहल, बबिता जोशी, सारिका केडिया, प्रीति गुटगुटिया, ममता नरेड़ी, रश्मि शर्मा, मधु शर्मा, पायल खाटूवाला, प्रीति जागनानी, खुशबु केडिया, पूनम टिबड़ेबाल, नेहा हिसारिया, पिंकी मोदी आदि शामिल थे।

**जानकारी दी**

### क्लोरोफिल स्कूल में नीला-नीला डे मना

# रंगों का हमारे जीवन में बहुत महत्व : कंचन

नवीन मेल संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** क्लोरोफिल स्कुल में शुक्रवार को .नीला नीला डे मनाया गया ।इस अवसर पर बच्चे संतरंगी छठा बिखेरते नजर आये। मौके पर प्राचार्य कंचन अग्रवाल ने कहा कि रंगों का हमाारे जीवन में बहुत महत्व है। नीला रंग कई प्रकार का होता है। जैसा आसमानी नीला या गहरा नीला ।उन्होनें कहा कि नीला रंग की खासियत यह है कि धरती पर 75 प्रतिशत फैले जल के कारण नीले रंग का प्रकाश फैला हुआ है। तभी तो हमें आसमान नीला दिखायी देता है। नीला रंग जल तत्व का प्रतिनिधित्वि करता है। इसलिए जल तत्व के सारे गुण इसमें समाहित हैं। नीला रंग आत्मा का भी रंग है। नीला रंग अध्यात्म और भाग्य से भी संबंध रखता है। प्राचार्य कंचन अग्रवाल ने यह भी कहा कि छोटे बच्चों को रंग और आकृति बताने का हमारा खास तरीका है। जिससे बच्चों को सोभाविक रूची होती है और उनके लर्निंग इस तरीके से खेल-खेल में बडी पक्की हो जाती है। वहीं शिक्षक सीमा जैन व नुतन कुमारी ने बच्चों को नीले रंग से परिचय कराने के क्रम में नीला रंग बेलून नीले रंग का कैक नीले रंग का खिलौना नीली ड्रेस व अन्य नीली चीज दिखाने के बाद नीले आसमान की ओर इशारा किया। नन्हे -नन्हें बच्चे कैप लगाकर कार्यक्रम में हिस्सा लिये। वहीं निर्देशक अजय अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय में आज नीला नीला डे मनाने का मुख्य उद्धेश्य बच्चें के पढाई के साथ-साथ रंगों ओर



आकृति की जानकारी देने का अनूठा तरीका इस्तेमाल करते हुए प्राथमिक शिक्षा में अग्रणी क्लोरोफिल स्कुल अवगत करता है। इस असवर पर भाग लेने वाले बच्चों में कौशिक मिश्रा, रिधान सिंह, गर्विंत पहाड़ी, शिव सलुजा, विवान चौधरी, दिग्विज राय, मेघा रंजन, कासवी पहाडी, प्रियांश शर्मा, शोएब अंसारी, कुमारी श्रेया, संध्या राज आदि उपस्थित थे।

## झुमरी तिलैयाः प्रेरणा शाखा ने लाइब्रेरी के लिए नप प्रशासक को दान दी पुस्तकें

नवीन मेल संवाददाता

**झुमरी तिलैया ।** कोडरमा प्रखंड मुख्यालय में नगर पर्षद के द्वारा संचालित सरकारी पुस्तकालय में वाचको के लिए मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा ने 150 पुस्तके पुस्तकालय के लिए दान में नप प्रशासक विनीत कुमार को सौपी। इस अवसर पर प्रशासक विनीत कुमार ने कहा कि समाज में प्रेरणा शाखा जैसी शाखाओं की जरूरत है,जो शिक्षा का दीप जलाने के लिए महती भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा का विकास किए समाज का विकास संभव नहीं है,इसलिए हर एक व्यक्ति को कम से कम 5 उपयोगी पुस्तकों को दान करना चाहिए । उन्होंने यह भी कहा कि इस पुस्तकालय में बच्चों के साथ-साथ युवाओं,युवतिओं,बुजुर्गों के लिए भी पुस्तकें उपलब्ध है । वही ऑनलाइन कंप्यूटर के जरिए भी



पुस्तकों का खजाना प्राप्त किया जा सकता है। वही प्रेरणा शाखा की उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया ने कहा कि पुस्तकालय का निर्माण क्षेत्र के छात्रों को पढ़ने लिखने का उचित माहौल प्रदान करने के लिए किया गया है। इसमें कोई भी व्यक्ति अध्ययन कर सकता है। प्रतियोगिता परीक्षा के लिए भी यहां बच्चे शांत माहौल में पठन-पाठन कर सकते हैं। वही सचिव सारिका लड्डा ने कहा कि पुस्तकालय की समृद्धि और विस्तार के लिए प्रेरणा शाखा भी समय-समय पर सहयोग करेगी । इससे पठन अनगिनत ज्ञान और संस्कृति का अवसर प्राप्त कर सके । उन्होंने बताया कि पुस्तकालय के लिए विभिन्न लेखकों के द्वारा रचित कथा व कविता,उपन्यास, विज्ञान,इतिहास,आत्मनिर्भरता,संगीत कला,धार्मिक पुस्कते उपलब्ध कराई गई है। मौके पर सीटी मैनेजर प्रशांत भारती,सतीश कुमार प्रेरणा शाखा की उपसचिव मीना हिसारिया,सदस्य मिनी हिसारिय मौजूद थी । शाखा अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा कि प्रेरणा शाखा का उद्देश्य समाज सेवा है ।

# हूल के महत्व को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

स्थानीय जलक्रांति भवन में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हूल दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिदो कान्हो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संथाल समुदाय को हल की आग ने तपाकर एक ऐसे समुदाय में तब्दील कर दिया जो अपनी जमीन व जमीर के लिये पीछे हटने वालो में नहीं रहा। संथाल हूल 1855 में एक मजबूत तरीके से घटित क्रांति थी। वक्ताओं ने कहा कि



हूल के महत्व को आज के समय में व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिये। महाजनों व अंग्रेजी व्यवस्था के शोषण से मुक्ति इस क्रांति का एक प्रमुख उद्देश्य था। सिदो, कान्हू, चांद, भैरव, फूलो, झानो सहित कई महापुरुषों का इस क्रांति में महत्वपूर्ण योगदान था। वक्ताओं ने कहा कि आज हम सबों को शोषण व अन्याय के विरुद्ध एकजुट होकर धारदार आंदोलन का संकल्प लेना चाहिये। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष निर्मल पासवान, मुकेश कुमार सिन्हा ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, देवेंद्र सिंह, गोपाल प्रसाद, मनोज पासवान, छोटन सिंह, रजनीकांत देव, किरण देवी, विक्रमादित्य पांडेय, राम प्यारी, कालीचरण प्रसाद, प्रमोद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अमर राम ने की।

## आदिवासी महासभा ने हर्षोल्लास से मनाया हूल दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

अखिल भारतीय आदिवासी महासभा की प्रखंड इकाई के द्वारा चिनिया के अनारिदह टोले में हर्षोल्लास के साथ हुल दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय आदिवासी महासभा प्रखंड इकाई चिनिया के अध्यक्ष अजय सिंह खरवार ने की। मौके पर उपस्थित अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष चैतू सिंह खरवार ने कहां आज हूल दिवस है। इसे क्रांति या फिर संथाल विद्रोह आदिवासी इस दिन को अपने संघर्ष और अंग्रेजों के द्वारा मारे गए अपने 20000 लोगों की याद में मनाते हैं। जैसा कि शब्दों से स्पष्ट हो रहा है, यह विद्रोह आदिवासियों की संघर्ष गाथा और उनके बलिदान को आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले नायकों को याद करने का खास दिन है। सिंदो कान्हु और



चांद भैरव को याद करते हुए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का प्रतीक है। आगे उन्होंने कहा कि आदिवासी नायकों के बताए हुए मार्ग पर चल कर ही जल जंगल जमीन बचाया जा सकता है। इस अवसर पर उपस्थित कविता कुमारी, मुंद्रिका बैगा, अर्जुन सिंह, चंद्रिका मांझी, भारत सिंह, पारस सिंह, सुशील डुंगडुंग, बिंदेश्वरी सिंह, सत्यनारायण सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### घटना में संलिप्त सात अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

# बिजली पावर सब स्टेशन में डकैती करने वाले गिरोह का हुआ खुलासा

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**

जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत बानपुर ग्राम पर स्थित बंद पड़े बिजली पावर सब स्टेशन से बीते दिनों सिक्योरिटी गार्ड को बंधक बनाकर डकैती की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निदेर्शानुसार किस्को पुलिस ने खुलासा कर दी है। इधर किस्को पुलिस ने डकैती की गुत्थी को सुलझाते हुए घटना में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार कर बड़ी उपलब्धि हासिल कर दिखाया है।



लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार एवं लोहरदगा एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर किस्को थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो के नेतृत्व में टीम गठित कर अलग-अलग जगह से घटना में संलिप्त 7 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इधर गठित पुलिस टीम ने उक्त आरोपियों को 27 जून 2023 को छापामारी दल का गठन कर रामगढ़, पतरातू, पिठौरिया, बोड़ेया एवं लोहरदगा से गिरफ्तार किया। जिसमें रामगढ़ निवासी मोहम्मद अजहर अंसारी पिता अनवर अंसारी, तालाटाड़ पतरातू, रामगढ़ निवासी अलीम अंसारी उर्फ आलम अंसारी पिता स्वर्गीय ताजुद्दीन अंसारी, हेट कोनकी पिठोरिया रांची निवासी इस्तीफाक अंसारी उर्फ इश्तियाक अंसारी पिता स्वर्गीय महमूद अंसारी, ताला टाँड़ पतरातु रांची निवासी मुजाहिद अंसारी पिता शमसुद्दीन अंसारी, गुलजार नगर लोहरदगा निवासी खादिम अंसारी पिता रहीम अंसारी, दुपट्टा चौक लोहरदगा निवासी कौशर अंसारी पिता करीम अंसारी एवं पिठौरिया रांची निवासी मोहम्मद फिरोज पिता मोहम्मद ताहिर है। जिसमें इश्तियाक अंसारी, खादिम अंसारी, आलम अंसारी, मोहम्मद अजहर, अंसारी एवं मोहम्मद फिरोज का अपराधिक इतिहास अलग-अलग थानों में कई धाराओं में कांड दर्ज है। उक्त गिरफ्तार सभी आरोपियों को पुलिस ने मेडिकल जांच कराते हुए लोहरदगा न्यायिक हिरासत में मंडल कारा भेज दिया गया। साथ ही पुलिस ने डकैती की घटना में प्रयुक्त कटर भी बरामद किया गया। इसके अलावा डकैती की घटना में अन्य लोग पुलिस के गिरफ्त से बाहर है जिसे पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब हो कि पावर सब स्टेशन के कार्य कराया गया ब्रजकिशोर पांडे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ऑनर के द्वारा 17 जून को डकैती की घटना घटित होने के बाद 18 जून को लिखित आवेदन देकर किस्को थाने में शिकायत की गई थी। जिसके बाद थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो के द्वारा मामले पर किस्को थाना कांड संख्या 19/23 धारा 395 भादवी के तहत कर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी थी।

**इन पुलिस अधिकारियों का रहा अहम भूमिका :** लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बानपुर में स्थित बिजली पावर सब स्टेशन में विगत दिनों चोर गिरोह के द्वारा भीषण डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था जिसका उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के छापेमारी दल का गठन किया गया था। इधर छापेमारी दल में किस्को थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो, एसआई अनंत मरांडी, एसआई सुखराम उरांव, कैरो थाना के सब इंस्पेक्टर ऋषिकांत शर्मा, एएसआई अविनाश कुमार सिंह, लोहरदगा थाना के एएसआई संजय कुमार सिंह, किस्को थाना आरक्षी सुकरा लोहरा, जिब्राइल बिलुंग, तकनीकी शाखा के नीरज मिश्रा, आरक्षी लक्ष्मण उरांव एवं राजेश कुमार तिवारी शामिल थे।

## बिजली का करंट लगने से बैल मरा

**मेराल।** थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव निवासी अंबिका चौधरी का बैल बिजली के करंट लगने से मौत हो गई। अंबिका चौधरी ने बताया कि सुक्रवार को दोपहर बैल को चराने ले गए थे। उसी दौरान बिजली विभाग के लगाए ट्रांसफार्मर में जमीन से अर्थ लगाया गया है। इसमें बैल चरने के दौरान अर्थ के तार में चिपक गया, जिससे बैल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

इधर खेती करने के लिए बरसात सर पर है बैल मर जाने से किसानी करने में काफी कठिनाई हो गई। पिछले वर्ष वर्षा सही नहीं होने के कारण हम गरीब किसान अनाज के लिए मोहताज थे इस बार बिजली की करंट से बैल की मौत होने पर किसानी करने में असमर्थ हो गया। अंबिका चौधरी का आर्थिक स्थिति भी सही नहीं है इधर समाजसेवी अनिल चौधरी ने कहा कि बिना सुरक्षा कवर के कॉन्टैक्टर द्वारा लगाए गए ट्रांसफार्मर से आए दिन पशुओं की उसके संपर्क में आने से लगातार मौत हो रही है जो अभी तो हल्का बारिश से बिजली का अर्थ में फूल करंट हो गया है पूरा वर्षात बाकी है बिजली विभाग समय रहते जगह जगह पर लगाया गया ट्रांसफार्मर को सुरक्षा गार्ड नहीं लगाया तो जान माल का नुकसान गांव के लोगों का होते रहेगा। जिसके जमुहार बिजली विभाग होगी। चौधरी ने बैल के मुआवजा के साथ-साथ लगाए गए ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने संबंधित विभाग से मांग की है।

## संक्षिप्त

### चंद्रशेखर पर हमले के मामले में सौंपा आवेदन

**मझिआंव।** आजाद समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भीम आर्मी संस्थापक चंद्रशेखर आजाद पर सुनियोजित जानलेवा हमला 28 जून को हुआ था। अज्ञात जानलेवा



हमलावरों को अविलंब गिरफ्तार करने एवं रासुका लगाकर कठोर कार्रवाई करने हेतु नगर पंचायत क्षेत्र के स्थानीय निवासी ललित राम भीम आर्मी जिला अध्यक्ष गढ़वा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,मीडिया प्रभारी के द्वारा के द्वारा गढ़वा उपायुक्त को एक लिखित आवेदन सौंपा। उन्होंने कहा कि किसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर इस तरह का हमला बहुत गंभीर एवं दुखदाई मुद्दा है। भीम आर्मी संस्थापक चंद्रशेखर आजाद के द्वारा कई बार अपने सुरक्षा व जान के खतरे के संबंध में सहारनपुर एसएसपी डीजीपी पुलिस लखनऊ एवं मुख्यमंत्री महोदय को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया था, परंतु शासन प्रशासन ने जानबूझकर उनकी सुरक्षा को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन की लापरवाही के कारण ही घटना घटित हुई है। आवेदन में अंकित किया गया है कि इस मांग पत्र के माध्यम से हम प्रार्थीगण आपसे विनम्र निवेदन करते हैं कि उक्त दोषियों को त्वरित गिरफ्तार कर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाया जाए ताकि इस तरह की अप्रिय घटना किसी भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर ना घटित हो। आवेदन देने वाले में मीडिया प्रभारी सिराज खान, भीम आर्मी नेता पंकज कुमार, जिला सचिव भीम आर्मी सलमान खान, भीम आर्मी सदस्य विनोद कुमार दीपक राज आदि शामिल हैं।

### भाजपा ने चलाया महा जनसंपर्क अभियान

**धुरकी।** प्रखंड भाजपा मंडल धुरकी के भाजपा कार्यकतोओं ने प्रधानमंत्री मोदी के 9 साल के बेमिसाल कार्य का उपलब्धि को गिनाते हुए धुरकी प्रखंड



के धुरकी पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं धुरकी भाजपा विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता भाजपा नेता इद्रामणि जायसवाल प्रताप जायसवाल, भाजपा महामंत्री उपेंद्र चंद्रवाशी, आनंद गिरी, गोविन दास, भाजपा नेत्री रीना देवी, किसान मोर्चा अध्यक्ष दामोदर जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।

### विधायक को आवेदन दे की कार्रवाई की मांग

**भवनाथपुर।** प्रखंड में मनरेगा भेंडर द्वारा अधिकारियों के कमीशन के नाम कर रहे लाभुकों के पैसे का गबन की शिकायत लाभुक द्वारा उपायुक्त गढ़वा के नाम बीडीओ को आवेदन देने के बाद भी कारवाई नही होने के बाद लाभुकों ने विधायक भानु प्रताप शाही को आवेदन देकर करवाई करने की मांग की है। लाभुक बाला प्रसाद यादव, अनिता देवी, राम सरकार मिश्रा, अजमेरी बीबी, संजय राम, शिव शंकर प्रसाद, चनरदेव राम, अजय ठाकुर, चरकु राम, मंसूर अंसारी, लालू सिंह, प्रेम राम, जयनन्दन यादव, सुभान अली सहित दर्जनों लभुक ने बताया कि भेंडर अलियास अंसारी द्वारा लाभुक को किसी भी तरह का कोई भी सामग्री नही दिया जाता है केवल लेटर पैड पर फर्जी सामग्री लिख कर दिया जाता है। लाभुक बाला यादव ने बताया कि भेंडर के खाता में दो लाख बीस हजार पांच सौ रुपये आया था जिसके बाद भेंडर द्वारा एक माह तक पैसा के लिए घुमाया जाता रहा जब कुछ गणमान्य लोग से शिकायत की तो एक लाख नवासी हजार रुपये ही दिया गया बाकी 31 हजार रुपये हड़प लिया। इसी प्रकार लाभुक अनिता देवी पति रामेश्वर राम से 24 हजार, राम सरकार मिश्रा से 33 हजार, अजमेरी बीबी से 43,450 रुपये संजय राम पिता कामत राम का 20 हजार रुपये, भेंडर द्वारा हड़प लिया गया। अंसारी से पूछा जाता है तो बोला जाता है कि मेरा कोई बाल भी बांका नही कर सकता हम सरकार द्वारा मनोनीत भेंडर हैं सिर्फ कागज देते हैं और कमीशन लेकर बीडीओ सहित ऊपर तक पहुचाते हैं।

## कृत्रिम ज्वेलरी बेहतरीन आय का स्रोत है: निदेशक

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे 13 दिवसीय ज्वेलरी प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ इस मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं प्रशिक्षणार्थियों के बीच संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल ने प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस मौके पर संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल ने कहा कि कृतिम ज्वेलरी एक बेहतरीन आय का स्रोत है इस व्यवसाय में थोड़ी सावधानी और जानकारी से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। आज के दौर में लोग डिजाइन किए हुए आभूषण काफी पसंद कर रहे हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान महिला सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रही है संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं रोजगार प्राप्त कर परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है। इस मौके पर संस्था के संकाय मिथिलेश कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा, अभिषेक कुमार तिवारी और सुरेंद्र रवि शामिल थे।



**प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले को प्रमाणपत्र देते संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल।**

## बारिश से किसानों के चेहरे पर आयी खुशी, खेती में जुटे

### कोई खेत में हल जोत रहा है तो कोई दुकान पर बीज की खरीदारी कर रहा

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

बारिश का पानी खुलते ही किसान खेती कार्यों को लेकर अपने-अपने खेत में उतर आए। शुक्रवार को कुछ किसानों को जहां खेतों की जुताई करते देखा गया, वहीं कुछ किसानों को निजी दुकान से बीज की खरीदारी भी करते देखा गया।





खेत की जुताई कर रहा किसान फेकन साहू ने बताया कि लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश के बाद आज पानी बिल्कुल रूप से खुला है। उन्होंने कहा कि बीज बोने का यह बहुत ही अच्छा मौका है। इस बीच अगर हम सभी खेत में बीज नहीं बोते हैं तो पुनः ऐसा मौका मिलेगा की नहीं। उन्होंने कहा कि अगर कहीं पुनः बारिश होना शुरू हो जाए तो हम लोगों की खेती पूरी तरह पिछड़ जाएगा। उक्त कारण घर के सभी कार्यों को छोड़ हमसभी सिर्फ खेती के कार्यों में जुट गए हैं। साथ ही कहा कि आद्रा नक्षत्र का आज नावां दिन है ऐसे में भी नक्षत्र के अंदर हम लोगों को खेत में बीज बो ही देना है। वहीं बीज की खरीदारी कर रहे किसान पप्पू यादव, मनोज शाह, रईस अंसारी, दीपक कुमार इत्यादि लोगों ने बताया कि सरकार की ओर से पैक्स गोदाम पर विभिन्न प्रजाति के धान बीज उपलब्ध कराया गया है, लेकिन हम सभी को उक्त बीज पर विश्वास नहीं होता है जिस कारण प्रत्येक वर्ष निजी दुकान से बीज की खरीदारी कर उसे अपने अपने खेतों में बोने का काम करते हैं। दिन पर दिन बीज के भाव में काफी वृद्धि होते जा रहा है, जिसका असर भी हम लोगों के ऊपर पड़ रहा है। पिछले वर्ष जो धान का पैकेट 300 रुपये में बिक रहा था वह इस बार 350 रुपये में बिक रहा है। मजबूरी बस हम सभी उसकी खरीदारी भी कर रहे हैं। वहीं सरकार की आलोचना करते हुए किसानों ने कहा कि हम लोगों की आय को दोगुना करने का आश्वासन देकर सत्ता पर काबिज हुई सरकार अब हम ही लोगों के पॉकेट से पैसा वसूलना शुरू कर दी है।

किसानों ने कहा कि अगर सरकार का तनिक भी नजर हम जैसे किसानों पर पड़ता तो पिछले वर्ष 300 रुपये प्रति किलो बिकने वाला धान का पैकेट इस वर्ष सीधे आधा कर दिया जाता, लेकिन हम लोगों की परेशानी से उन्हें कोई लेना देना नहीं है।

### धर्म-कर्म | जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन में जीयर स्वामी ने कहा

# अश्लील दृश्यों से उत्पन्न होते हैं कुविचार

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि अश्लील दृश्यों को देखने से मस्तिष्क में कुविचार उत्पन्न होते हैं अश्लील दृश्य, अश्लील गीत व अश्लील वार्ता से मन में विकृति पैदा होती है, जिसकी स्मृति से चेतन मन में स्थायी रूप अंकित हो जाती है इसके कारण सामान्य जीवन में विचलन का भय रहता है। मानव जीवन अपने उद्देश्यों से भटक जाता है। परिवार, समाज एवं देश के स्तर पर अश्लील दृश्य एवं अश्लील गीतों के प्रति वर्जनात्मक संवेदनशीलता बरतनी चाहिए। स्वामी ने कहा कि अजामिल कनौज क्षेत्र के सदाचारी ब्राह्मण थे। वे दिनचर्या के तहत पूजा का फूल और तुलसी पत्र लेने वाटिका में गये थे वहां उन्होंने एक लम्पट व्यक्ति को वेश्या के साथ अस्त-व्यस्त स्थिति में देखा। यह



दृश्य उनके मानस-पटल में बैठ गया। कुछ दिन उसी दृश्य की स्मृति में रमने के बाद वे भी वेश्यागामी हो गये उन्होंने कहा कि अपनी पत्नी एवं संतान को घर से निकाल कर वेश्या को स्थायी रुप से घर में बैठा दिये पूजा-पाठ एवं जपादि धार्मिक कृतियों से विमुख हो गये अपनी सम्पति समाप्त होने के बाद जीवन यापन के लिए चोरी-डकैती का सहारा लेने लगे। उस वेश्या से नौ संतानें उत्पन्न हुई दसवीं संतान के गर्भ में आने के बाद तीर्थ यात्रा पर निकले संतों का एक समूह एक दिन अजामिल के घर पहुंचा उसकी वेश्या पत्नी ने संतों का सत्कार किया जाते वक्त संतों ने आग्रह कि दसवीं पुत्र का नाम नारायण रखना। अजामिल का उस पुत्र में आसक्ति बढ़ गयी और मृत्यु के समय जब यमदूत आये तो अजामिल डर से नारायण-नारायण पुकारने लगा यमदूत नारायण भक्त जान लौट गये और विष्णु गण उसे ले गये, जिससे उसकी मुक्ति हो गयी स्वामी जी ने कहा कि एक बार का अश्लील दृश्य अजामिल के जीवन को विद्रूप कर दिया दूसरी तरफ संतों का मात्र एक दिन का सान्निध्य उसके जीवन को मंगलमय बना दिया। स्वामी ने कहा कि धर्म को जान कर करना चाहिए बिना जाने नहीं जैसे हवन करना धर्म है, लेकिन पाँचों अंगुलियों के साथ आहूति नहीं देनी चाहिए हवन और जाप में सिर्फ तीन अंगुलियां अंगुठा, मध्यमा और अनामिका का सहारा लेना चाहिए यानी तीन अंगुलियों से ही हवन और जाप करनी चाहिये तर्जनी और कनिष्का को अलग रखनी चाहिएनपाँचों अंगुलियों से किया गया हवन से फल प्राप्ति नहीं होती है।

## सड़क पर जलजमाव से हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**

प्रखंड मुख्यालय स्थित 500 मीटर की दूरी पर गुलशन चौक के समीप सड़क पर जलजमाव से राहगीरों को बड़ी परेशानी के साथ-साथ गुलशन चौक पर बसे ग्रामीणों को घरों में पानी घुस रहा है। लोगों को छोटी गाड़ियों से आना जाना मुश्किल हो गया है। इस दौरान वहां से वाहनों के गुजरने पर कपड़े गंदे भी हो जा रहे हैं तथा जलजमाव तलाब नुमा हो गया है। इसमें दुपहिया वाहन टेंपो को जाना दुर्लभ है दरअसल बारिश से सड़क पर पानी का जमा हो गया है। वहीं जमे पानी लोगों को घर में घुस रहा है तथा दुर्गंध के साथ-साथ लोगों को काफी परेशानी हो रही है।



उल्लेखनीय है कि नजदीक बसे लोगों को जलजमाव से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के किनारे नाली का निर्माण नहीं होने से पानी का जमाव हो रहा है। स्थानीय ग्रामीण प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर लोगों ने नाली निर्माण कराने की मांग की है। नाली निर्माण मांग करने वालों में दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी धुरकी अरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि यह मामला संज्ञान में है। जानकारी मिली है। सबसे पहले जल निकासी करने की व्यवस्था की जा रही है। फिर नाली निर्माण कराया जाएगा।

**जन्म के बाद मृत्यु उतनी ही निश्चित है जितनी की मृत्यु के बाद फिर जन्म इसलिये जो अनिवार्य है उस पर शोक नहीं करना चाहिए। - भगवत गीता**




# लिंग परीक्षण अपराध

***झारखंड*** में भ्रूण हत्या जैसे कुकृत्य ने मानव समाज को कलंकित किया है। आज लड़के की चाहत में महिला के गर्भ में ही उसकी हत्या का सिलसिला लगातार जारी है। जो किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार नहीं है। प्रसव के पूर्व लिंग परीक्षण का यह धंधा बदस्तूर जारी है। भले ही हॉस्पिटलों में बोर्ड पर यह लिखा जरूर मिल जाता है कि भ्रूण हत्या कानूनी जुर्म है। हमारे यहां इसकी जांच नहीं होती है। लेकिन पर्दे के पीछे पैसे के लालच में यह सब धड़ल्ले से जारी है। ऐसे में गर्भस्थ शिशु के लिंग परीक्षण करने वालों को कठोर सजा देकर ही इस अपराध पर रोक लगायी जा सकती है। अभी हाल में कोडरमा सीजेएम का फैसला इस कुकृत्य में लगे लोगों के लिए बड़ी चेतावनी है। झुमरीतिलैया की रेडियोलाजिस्ट डाक्टर कुमारी सीमा एवं उनके सहयोगी पर अदालत ने दो-दो वर्ष के सश्रम कारावास के अलावा पांच-पांच हजार रूपये आर्थिक दंड लगाया है। परीक्षण करते रंगे हाथों पकड़ा गया है। पूरे राज्य में चोरी-चोरी यह खेल जारी है। गर्भपात कराने में महिला की जान भी जा सकती है। सब कुछ जानते हुए भी यह खेल जारी है। सरकार का जागरूकता कार्यक्रम यहां कोई काम नहीं कर रहा है। भ्रूण हत्या के माध्यम से लगातार लिंगानुपात में गिरावट आ रही है। घटते लिंगानुपात को रोकना बहुत जरूरी है। सरकार को ऐसे धंधे में लिप्त डाक्टरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है। कई बार ऐसा देखा जाता है कि परिवार के दबाव के कारण महिलायें ऐसा करने को मजबूर होती हैं। ऐसे में इस अपराध के खिलाफ मानवता को शर्मसार करने वाले इस अपराध के खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है। इसके लिए स्कूल और कालेजों में भ्रूण हत्या के विषय में जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। इसके अलावा सामाजिक स्तर पर भी लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। तभी यह अपराध रूक सकता है। बदलते इस दौर में भ्रूण हत्या जैसे मानवीय कलंक को मिटाये बगैर सभ्य समाज की परिकल्पना को साकार नहीं किया जा सकता है। यह देखा गया है कि पढ़े लिखे लोग भी बेटे की चाहत में ऐसा करते हैं। अब सोचिये अगर बेटियां नहीं होगीं तो बेटे कैसे आयेगें। यही कारण है कि लिंगानुपात के मामले में बेटियों की संख्या में कमी आयी है। जिस कारण समाज का ताना-बाना फिसलता जा रहा है। आज हमारे आंगन की चौखट पर बेटियों की आवाज को ग्रहण लगता जा रहा है। ऐसे में अब भी समय है कि हम और हमारा समाज इस मामले में मानवता का परिचय देते हुए मानवता को कलंकित होने से बचायें। यह समय की मांग है। दूसरी तरफ इसे धंधा बनाने वाले वैसे डाक्टर भी सावधान हो जायें,नहीं तो कानून का डंडा उन्हें ठीक कर देगा। बहरहाल हमारे रास्ते की पगडंडियों में आज अनेक प्रकार के रोढ़े अटकाये जा रहे हैं,जो यह बताने के लिए काफी हैं कि हमारे रास्ते उतने सुगम नहीं हैं जैसा हम सोचते हैं। ऐसे में इनके कारक तत्वों की पहचान आवश्यक है। समय बदल रहा है,हमें अपने सोच पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। ऐसा नहीं होने पर हमारे दरवाजे की दहलीज खाली हो जायेगी। कारण दहलीज का संबंध माता लक्ष्मी से है। अगर लक्ष्मी नहीं रहेगीं तो हम-सब का जीवन बेकार हो जायेगा। इसलिए आज जरुरत है कि बेटियों का सम्मान हर हाल में करें। कारण बेटियां हैं तो सब कुछ है, अन्यथा सब बेकार। बेटियों का सम्मान लक्ष्मी का सम्मान है।

**पूरे राज्य में चोरी-चोरी यह खेल जारी है। गर्भपात कराने में महिला की जान भी जा सकती है। सब कुछ जानते हुए भी यह खेल जारी है। सरकार का जागरूकता कार्यक्रम यहां कोई काम नहीं कर रहा है।**

# मोदी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत का मंत्र दिया





डॉ मनसुख मांडविया

**हिंदुस्तान** विविधताओं का देश है और विविधताओं में एकता यह हमारी पहचान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन विविधताओं को सजोएं रखने के लिए एक भारत श्रेष्ठ भारत का मंत्र दिया है। हम एक ऐसे भारत की कल्पना को आगे बढ़ा रहे हैं, जहां पर एक - एक भारतीय को गुणवत्ता युक्त जीवन की चिंता की जाती है। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक देश की आधुनकि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचा पाएं, इसके लिए भारत सरकार की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत में, लगभग 706 विभिन्न जनजातियाँ हैं, जो कुल जनसंख्या का 8.6% हैं। हमारी जनजातीय आबादी हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। भारत के माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा है, ' भारत का अतीत, वर्तमान और भविष्य आदिवासी समुदाय के बिना कभी भी पूरा नहीं होगा।' भारत सरकार जनजातीय नैतिक मूल्य प्रणालियों, परम्पराओं, सामाजिक-आर्थिक स्थितियों और जनजातीय संगठनों का समुचित संज्ञान लेकर राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य और विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

भारत की जनजाति आबादी में सिकल सेल रोग एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती है। सिकल सेल एक आनुवांशिक बीमारी है, जिसमें व्यक्ति के रक्त कणों को आकार विकृत होकर दराती जैसा हो जाता है। यह बीमारी सामान्यतः आदिवासी जनजाति में पाई जाती है। यह रोग हमारी जनजातियों के भविष्य और अस्तित्व के सामने बहुत बड़ा खतरा है, इस रोग के प्रसार को समय पर रोकना अनिवार्य है। इस अनुवांशिक बीमारी को रोकने के लिए अभी तक जितने प्रयास होने चाहिए थे, उतने प्रयास पिछले सरकारों में नहीं हुए हैं, जिसके कारण दुनिया के अन्य देश जैसे कि इटली, जापान इत्यादि ने इस रोग पर काबू कर लिया है लेकिन भारत आज भी इस रोग से लड़ रहा है। मैं खासतौर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार प्रकट करना चाहूंगा जिन्होंने सिकल सेल की इस चुनौती को खत्म करने के लिए वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में, राष्ट्रीय अभियान 'सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047' शुरू करने की घोषणा की है। सिकल सेल बीमारी 2 तरह से इंसान के शरीर में रहती है, एक सिकल सेल जिसमें मरीज को कोई बीमारी या लक्षण नहीं दिखते हैं और इंसान नॉर्मल जिंदगी जीता है। दूसरे में सिकल सेल बीमारी के लक्षण पाए जाते हैं। देश के 13 राज्य राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलांगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडू, केरल, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में यह बीमारी का उच्च प्रसार है, जबकि देश के 4 राज्य बिहार, असम, उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश में इसका आंशिक प्रसार है। सिकल सेल रोग (एससीडी) से पीड़ित व्यक्ति को बहुत सारी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करता हैं, जिनमें शरीर में दर्द रहना, कमजोरी रहना और खून की कमी जैसे कारणो से मरीज का पूरा जीवन बीमारी के बीच काटता हैं। सिकल सेल एनिमिया रोग को खत्म करने के लिए दो पहल पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें पहला है झ इस रोग की रोकथाम, ताकि आगे नए मरीज पैदा न हो और जो मरीज है उसके उपचार प्रबंधन और अच्छे स्वास्थ्य सुविधा कैसे उपलब्ध हो उसके लिए पूरा इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। अगर दो ऐसे इंसान शादी करते हैं, जो दोनों सिकल सेल ट्रेट्? हैं, तो उनसे पैदा होने वाला बच्चा सिकल सेल बीमारी होने की संभावना बहुत है। अगर पहले से ही सिकल सेल का स्क्रीनिंग करके ऐसे 2 लोगों को शादी करने से रोका जाए तो यह बीमारी का प्रसार रूक सकता है। भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जनजातीय मंत्रालय और राज्यों के साथ मिलकर अगले 2-3 साल में देश के 17 राज्यों के लगभग 200 जिलों में बस रही आदिवासी व अन्य समूह की 0-40 साल से कम आयु वाली 7 करोड़ जनसख्या को 3 साल में स्क्रीनिंग कर अमृतकाल में 2047 तक सिकल सेल बीमारी को खत्म करने की योजना बनाई है। स्क्रीनिंग के बाद सभी को उनकी स्थानीय भाषा में स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा, जिससे शादी करने वाले लड़का और लड़की को आसानी से पता चल सकेगा कि शादी के बाद होने वाले बच्चें सिकल सेल से ग्रस्त होगें या नहीं। इस पूरे कार्यक्रम को चलाने के लिए, जनभागीदारी को सुनिश्चित करने और बड़े पैमाने पर जागरूकता लाने के लिए अलग अलग स्तर पर मॉनिटरिंग मेकेनिज्म बनाया जाएगा। स्क्रीनिंग में बीमार पाए जाने वाले लोगों को नियमित रूप से टेस्टिंग हो, उपचार और दवाई मिले, अन्य रोगों की वैक्सीन लगे, डाइट सपोर्ट मिले और समय - समय पर काउंसिलिंग की सुविधा मिलती रहे, वह भी सुनिश्चित किया जाएगा। इस रोग से लड़ने के लिए सरकार ने पर्याप्त बजट आवंटन, उच्च तकनीक का इस्तेमाल, स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण, जरूरी इंफ्रास्ट्रचर, सामाजिक जागृति और सामाजिक हिस्सेदारी को सुनिश्चित करने के प्रयास किये हैं। यह एक मजबूत इच्छाशक्ति और नीतिगत फैसलों का परिणाम है। पहले से ही देश में आयुष्मान भारत योजना के जरिए, देश में 1.60 लाख हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर का पूरा नेटवर्क 2014 के बाद तैयार किया गया है, जिसके जरिये हमने कोविड जैसी महामारी से लड़ाई लड़ी। यह सेंटर बाकि रोगों के साथ सिकल सेल रोग को खत्म करने में भी एहम भूमिका निभाएंगे। हमने सिकल सेल के मरीजो को बेहतर इलाज देने के लिए इन सेंटर में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित कर लिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 01 जुलाई, 2023 को सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन की लॉन्चिग मध्य प्रदेश से करेंगे। यह पहल सिकल सेल एनिमिया की लड़ाई को बहुत मजबूती प्रदान करेगी। सिकल सेल के मरीजों का पूर्ण रूप से ट्रेकिंग करने के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए एक वेब पॉर्टल बनाया गया है, जिसमें उन मरीजों का परमानेंट रिकार्ड रहेगा। मुझे विश्वास है कि यह मिशन वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनिमिया के उन्मूलन का मार्ग प्रसश्त करेगा और भारत की जनजाति आबादी जो यह देश की विरासत को संजोए रखी है, वह आबादी का अस्तित्व सुरक्षित हो जाएगा।

**भारत सरकार जनजातीय नैतिक मूल्य प्रणालियों, परम्पराओं, सामाजिक-आर्थिक स्थितियों और जनजातीय संगठनों का समुचित संज्ञान लेकर राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य और विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा*

***उस*** दिन ब्राह्मण को भिक्षा में बहुत सा धन प्राप्त हुआ। उसी धन से उसने बन्धु-बान्धवों के साथ भगवान सत्यनारायण का व्रत किया। इस व्रत के प्रभाव से वह श्रेष्ठ ब्राह्मण सभी दुखों से मुक्त होकर समस्त सम्पत्तियों से सम्पन्न हो गया। उस दिन से लेकर प्रत्येक महीने उसने यह व्रत किया। इस प्रकार भगवान सत्यनारायण के इस व्रत को करके वह श्रेष्ठ ब्राह्मण सभी पापों से मुक्त हो गया और उसने दुर्लभ मोक्षपद को प्राप्त किया। हे विप्र! पृथ्वी पर जब भी कोई मनुष्य श्री सत्यनारायण का व्रत करेगा, उसी समय उसके समस्त दुख नष्ट हो जायेंगे। हे ब्राह्मणों! इस प्रकार भगवान नारायण ने महात्मा नारदजी से जो कुछ कहा, मैंने वह सब आप लोगों से कह दिया, आगे अब और क्या कहूं? हे मुने! इस पृथ्वी पर उस ब्राह्मण से सुने हुए इस व्रत को किसने किया? हम वह सब सुनना चाहते हैं, उस व्रत पर हमारी श्रद्धा हो रही है। **श्री सूत जी बोले** - मुनियों! पृथ्वी पर जिसने यह व्रत किया, उसे आप लोग सुनें। एक बार वह द्विजश्रेष्ठ अपनी धन-सम्पत्ति के अनुसार बन्धु-बान्धवों तथा परिवारजनों के साथ व्रत करने के लिए उद्यत हुआ। इसी बीच एक लकड़हारा वहां आया और लकड़ी बाहर रखकर उस ब्राह्मण के घर गया। प्यास से व्याकुल वह उस ब्राह्मण को व्रत करता हुआ देख प्रणाम करके उससे बोला - प्रभो! आप यह क्या कर रहे हैं, इसके करने से किस फल की प्राप्ति होती है, विस्तारपूर्वक मुझसे कहिये। **विप्र ने कहा** - यह सत्यनारायण का व्रत है, जो सभी मनोरथों को प्रदान करने वाला है। उसी के प्रभाव से मुझे यह सब महान धन-धान्य आदि प्राप्त हुआ है। जल पीकर तथा प्रसाद ग्रहण करके वह नगर चला गया। सत्यनारायण देव के लिए मन से ऐसा सोचने लगा कि 'आज लकड़ी बेचने से जो धन प्राप्त होगा, उसी धन से भगवान सत्यनारायण का श्रेष्ठ व्रत करूंगा।

***(क्रमशः)***

# डॉक्टर हैं सम्मान के भरपूर हकदार



योगेश कुमार गोयल

**स्वास्थ्य**

***दुनियाभर*** में डॉक्टर्स कोरोना महामारी के भयावह दौर में अपनी जान की परवाह किये बिना करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा करते नजर आ चुके हैं। विकट दौर में देश में ड्यूटी के दौरान सैकड़ों चिकित्सकों की मौत हुई। फिर भी चिकित्सक जी-जान से लोगों की जान बचाने में जुटे नजर आये। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान तो बहुत से चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफ को अपनी छुट्टियां रद्द कर प्रतिदिन कार्य करना पड़ा। बहुत से चिकित्साकर्मी महीनों-महीनों तक अपने परिवार और छोटे बच्चों से भी दूर रहे। समाज के प्रति चिकित्सकों के ऐसे ही समर्पण एवं प्रतिबद्धता के लिए कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने तथा मेडिकल छात्रों को प्रेरित करने के लिए ही प्रतिवर्ष देश में पहली जुलाई को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है। गंभीर बीमारियों से जूझते मरीजों की जान बचाने का हरसंभव प्रयास करने वाले चिकित्सक वाकई सम्मान के सबसे बड़े हकदार हैं। चिकित्सक दिवस मनाने का मूल उद्देश्य चिकित्सकों की बहुमूल्य सेवा, भूमिका और महत्व के संबंध में आमजन को जागरूक करना, चिकित्सकों का सम्मान करना और साथ ही चिकित्सकों को भी उनके पेशे के प्रति जागरूक करना है। दरअसल कुछ चिकित्सक ऐसे भी देखे जाते हैं, जो अपने इस सम्मानित पेशे के प्रति ईमानदार नहीं होते लेकिन ऐसे चिकित्सकों की भी कमी नहीं, जिनमें अपने पेशे के प्रति समर्पण की कोई कमी नहीं होती। बिना चिकित्सा व्यवस्था और बिना योग्य चिकित्सकों के इंसान की जिंदगी कैसी होती, इसकी कल्पना मात्र से ही रोम-रोम सिहर जाता है। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में चिकित्सकों का महत्व सदा से रहा है और हमेशा रहेगा। चिकित्सक दिवस की शुरूआत भारत में वर्ष 1991 में हुई थी। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और जाने-माने चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में चिकित्सकों की उपलब्धियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में नये आयाम हासिल करने वाले डॉक्टरों के सम्मान के लिए इसका आयोजन होता है। वे एक जाने-माने चिकित्सक, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और वर्ष 1948 से 1962 में जीवन के अंतिम क्षणों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में दुगार्पुर, बिधाननगर, अशोकनगर, कल्याणी तथा हबरा नामक पांच शहरों की स्थापना की थी। संभवतः इसीलिए उन्हें पश्चिम बंगाल का महान वास्तुकार भी कहा जाता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 1911 में एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से ली। उन्होंने एक साथ फिजिशयन और सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल कर हर किसी को अपनी प्रतिभा से हतप्रभ कर दिया था। वर्ष 1911 में भारत में ही एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने अपने चिकित्सा करियर की शुरूआत की। वे कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शिक्षक नियुक्त हुए। वर्ष 1922 में वे कलकत्ता मेडिकल जनरल के सम्पादक और बोर्ड के सदस्य बने। 1926 में उन्होंने अपना पहला राजनीतिक भाषण दिया और 1928 में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य भी चुने गये। डॉ. बिधान चंद्र रॉय ने 1928 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के गठन और भारत की मेडिकल काउंसिल (एमसीआई) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई बड़े-बड़े पदों पर रहने के बाद भी वे प्रतिदिन गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज किया करते थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात उन्होंने अपना समस्त जीवन चिकित्सा सेवा को समर्पित कर दिया।

**फोटो की दुनिया**



फेसबुक वॉल से




# समान नागरिक संहिता पर 'विपक्ष का ढोल, खुलती पोल'



सियाराम पांडेय 'शांत'

**राजनीति**

***विपक्ष*** अपनी लामबंदी का ढोल चाहे जितना पीटे,लेकिन उसे यह तो मानना ही पड़ेगा कि एजेंडा तय करने के मामले में वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पासंग बराबर भी नहीं है। नौ साल इस देश का विपक्ष प्रधानमंत्री की बिछाई राजनीतिक पिच पर ही खेलता रहा है। उनकी हर चाल विपक्ष पर भारी पड़ती रही है। ऐसा शायद ही कभी देखने-सुनने को मिला हो कि विपक्ष की किसी रणनीति से भाजपा और उसके सहयोगी दलों की पेशानियों पर बल पड़े हों। उन्हें कोई परेशानी हुई हो। हाल ही में प्रधानमंत्री ने भोपाल से देश को पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ही क्यों करते हैं। अब उन्हें यह कौन समझाए कि श्रेय और प्रेय का यह खेल आजादी के बाद से ही शुरू हो गया था और इसका श्रीगणेश भी कांग्रेस ने ही किया था। उसके बाद की सरकारें तो महाजनों येन गता स पंथाः वाली रीति-नीति ही अपना रही है। श्रेय पथ के राही के साथ समस्या यह होती है कि श्रेय दूसरे को मिले, यह उसे स्वीकार्य नहीं होता। तवारीखें गवाह हैं कि गांधी-नेहरू परिवार के नाम तो हर विकास परियोजना से जुड़े रहते थे। मोदी सरकार में अब वे नाम हट रहे हैं। तर्क दिया जा रहा है कि ऐसा करके सरकार कांग्रेसी महापुरुषों के नाम जनता के दिल से नहीं निकाल पायेगी। इस तर्क-वितर्क के पचड़े में पड़े बगैर सीधे सम पर आते हैं। भोपाल में प्रधानमंत्री ने समान नागरिक संहिता की खुली वकालत कर दी। तर्क दिया कि जब घर अलग-अलग व्यक्तियों के लिए अलग-अलग कानून से नहीं चल सकता तो फिर देश अलग-अलग कानून से कैसे चल सकता है? अमेरिका, रूस, इजरायल, फ्रांस, जापान, तुर्की, बांग्लादेश, पाकिस्तान, आयरलैंड, मलेशिया, सूडान, इंडोनेशिया और मिस्र में अगर समान नागरिकता संहिता लागू की जा सकती है तो भारत में ऐसा क्यों नहीं हो सकता। उन्होंने विधि आयोग को इस बावत सभी पक्षों की राय एक माह में जानने की सलाह दी है। साथ ही यह भी कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय भी चाहता है कि देश में समान आचार संहिता होनी ही चाहिए। गौरतलब है कि वर्ष 1985 में तीन तलाक के शाहबानो से जुड़े मामले में फैसला सुनाते वक्त सर्वोच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश वाईवी चंद्रचूड़ की अगुआई वाली 5 सदस्यीय पीठ ने कहा था कि यह अफसोस की बात है कि हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 'डेड लेटर' (अप्रचलित कानून) बना हुआ है। देश के लिए समान नागरिक संहिता बनाने की दिशा में सरकार की तरफ से किसी भी गतिविधि के कोई सबूत नहीं हैं। एक ऐसी धारणा मजबूत होती जा रही है कि मुस्लिम समुदाय अपने पर्सनल लॉ में सुधार के लिए खुद ही पहल करे। समान नागरिक संहिता विरोधाभासी विचारधारा वाले कानूनों (पर्सनल लॉ) के प्रति निष्ठा को खत्म कर राष्ट्रीय एकता में मदद करेगी। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि कोई भी समुदाय बिल्ली के गले में घंटी बांधने को तैयार नहीं है। यह राज्य की जिम्मेदारी है कि देश के नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करे और निश्चित तौर पर ये काम विधायिका का है। यह और बात है कि किसी भी राज्य ने इस जिम्मेदारी को निभाना उचित नहीं समझा। कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र सरकार इसके समानांतर एक ऐसा कानून ले आई जो इस आदेश को कमजोर करने का काम करे। और यह सब मुस्लिम तुष्टीकरण और वोट की राजनीति के तहत किया गया।

**हाल ही में प्रधानमंत्री ने भोपाल से देश को पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ही क्यों करते हैं।**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

### श्रावणी मेले में बिहार के 34 अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

**पटना।** बिहार सरकार ने बाबा भोले के पावन महीने सावन की तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को 10 जिलों से बिहार प्रशासनिक सेवा के 34 अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति दो जिलों में की गयी है। कुछ की पोस्टिंग जुलाई तो कुछ की अगस्त तक के लिए की गयी है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। विभाग की ओर से इसकी अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी गयी है।

कांवरिया श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान करने, विधि व्यवस्था संधारण तथा नियंत्रण कक्ष के संचालन को लेकर यह प्रतिनियुक्ति की गयी है। विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार बेगूसराय, कटिहार, खगड़िया, पूर्णिया, सहरसा, मधेपुरा, जमुई, लखीसराय, शेखपुरा एवं नवादा में पदस्थापित बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भागलपुर एवं बांका समाहरणालय में की गई है। प्रतिनियुक्त अधिकारियों की लिस्ट तस्वीर के साथ दी गयी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत

**झाबुआ।** जिले के थान्दला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तलावली में गुरुवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई एक बड़ी सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर एंबुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंची तथा शवों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों युवक देर रात अपनी बाइक से घर की ओर जा रहे थे, तभी ग्राम तलावली के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, परिणामस्वरूप तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवकों के नाम है, दीवान पुत्र बालू भूरिया, सूर्या पुत्र हुमजी भूरिया दोनों निवासी ग्राम सुत्रेटी और जोहान पुत्र मडू डामोर निवासी परवलिया बताए गए हैं। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रवीन्द्र राठी ने शुक्रवार को बताया कि दुर्घटना में मृतकों की सूचना अस्पताल से मिल गई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस द्वारा दुर्घटना के लिए जिम्मेदार वाहन का जल्द ही पता लगा लिया जाएगा। उधर दुर्घटना में मृतकों के परिजनों द्वारा इसे हत्या का मामला निरूपित किया जा रहा है।

### दो अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, 50 लाख का गांजा जब्त

**महासमुंद/रायपुर।** जिले में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर 200 किलो गांजा बरामद किया है। साथ ही गांजा तस्करी कर रहे वाहन को भी जब्त किया है। जब्त गांजे और वाहन की कीमत 56 लाख रुपये आंकी जा रही है। महासमुन्द पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि बरगढ ओडिशा से अवैध मादक पदार्थ गांजा का बडा खेप एक सफेद रंग के जायलो कार में महासमुन्द होते हुये रायपुर छत्तीसगढ में लाने वाला है। जिस पर तत्काल थाना सिंघोडा प्रभारी एवं सायबर सेल की टीम को त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। महासमुंद जिले में प्रवेश करने वाले समस्त प्वाइंटों पर भी बल तैनात कर संदिग्ध वाहन की जांच की जा रही थी। गुरुवार देर शाम बरगढ ओडिशा की तरफ से एक जायलो कार क्रमांक सीजी 04 केटी 7994 महासमुन्द की ओर से आ रही थी। जिसे एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल के पास घेराबंदी कर रोका गया। गाड़ी की तलाशी ली तो वाहन से 200 किलो गांजा बरामद किया गया।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लाख युवाओं के खातों में बेरोजगारी भत्ता किया ट्रांसफर, कहा

# युवाओं को रोजगार देना प्राथमिकता

**एजेंसी। रायपुर**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के पिछले दस वर्षों में जुड़े नये हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार केन्द्र से आग्रह करेगी, यदि केन्द्र से अनुमति नहीं मिलती है, तो राज्य सरकार अपने बलबूते नये हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए योजना बनाएगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने निवास कार्यालय में बेरोजगारी भत्ता की तीसरी किश्त तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों के खाते में राशि के ऑनलाईन अंतरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार और स्व-रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध कराना चाहती है। इस उद्देश्य से जहां शासकीय नौकरियों में बड़ी संख्या में भर्तियां की जा रही हैं, वहीं युवाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ युवाओं को रोजगार और स्व-रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षित योजाओं को रोजगार से जोड़ने का काम भी साथ-साथ चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत 1 लाख 16 हजार 737 हितग्राहियों के खाते में तीसरी किश्त के रूप में 31 करोड़ 69 लाख 60 हजार रुपए की राशि तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 49 हजार 157 हितग्राहियों के खाते में 151 करोड़ रूपए की राशि का ऑनलाईन अंतरण किया। बेरोजगारी भत्ता की अप्रैल माह और जून माह की तीन किश्तों को मिलाकर हितग्राहियों के खाते में अब तक 80 करोड़ 64 लाख 25 हजार रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। आज अंतरित की गई राशि में अप्रैल माह के शेष 1600 लाभार्थियों को तीन माह तथा मई माह के शेष 6847 लाभार्थियों को दो माह का बेरोजगारी भत्ता जारी किया गया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल, पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक रामपुकार सिंह, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रसन्ना आर., सचिव कौशल विकास शम्मी आबिदि, संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण अवनीश शरण, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के संचालक रजत बंसल भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान प्रतीक स्वरूप बेरोजगारी भत्ता के 25 प्रशिक्षित हितग्राहियों को ऑफर लेटर प्रदान किए। इसी तरह पूरे प्रदेश में बेरोजगारी भत्ता पाने वाले 738 युवाओं को तथा ऐसे 810 युवा जिन्हें बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल रहा है, लेकिन जिन्हें कौशल विकास का प्रशिक्षण मिला है, उन्हें भी जिला स्तर पर ऑफर लेटर प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम भी साथ-साथ चल रहा है। प्रदेश में कौशल विकास का प्रशिक्षण प्राप्त 4 हजार से अधिक युवाओं को तीन माह में स्व-रोजगार और रोजगार से जोड़ा गया है। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता प्राप्त युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुझे खुशी उस समय होगी, जब बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवा रोजगार से जुडेंग़े। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को आर्थिक संबल प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप यदि ठान लें तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने 13-14 वर्षों में 98 करोड़ रुपये बेरोजगारी भत्ते के रूप में बांटे थे। हमने तीन माह में ही 80 करोड़ 64 लाख रुपये की राशि बेरोजगारी भत्ते के रूप में वितरित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत प्रदेश में 11 लाख 76 हजार 147 हितग्राहियों को आवास स्वीकृत किए गए हैं। जिन्हें पूरा करने के लिए राज्यांश की राशि के रूप में 5117 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं।

# पशु तस्करी मामले में सीबीआई ने सहगल की संपत्ति का पता लगाया

**एजेंसी। कोलकाता**

करोड़ों रुपये के पश्चिम बंगाल पशु तस्करी मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता अनुब्रत मंडल के अंगरक्षक सहगल हुसैन की एक करोड़ रुपये की अतिरिक्त संपत्ति का पता लगाया है। केंद्रीय एजेंसी द्वारा खोजी गई ताजा संपत्ति जमीन के सात भूखंडों के रूप में है।

सीबीआई के अधिकारी मंडल से संबंधित तीन नए बैंक खातों का भी पता लगाने में सक्षम हुए हैं। ये संपत्तियां मुख्य रूप से हुसैन की मां और पत्नी के नाम पर हैं। जांच अधिकारियों ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्दवान जिले के आसनसोल में सीबीआई की एक विशेष अदालत को सौंपी गई जब्ती सूची में इन सभी का उल्लेख किया है। मंडल और हुसैन दोनों पशु-तस्करी मामले में कथित संलिप्तता के कारण वर्तमान में तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। इसी मामले के सिलसिले में मंडल की बेटी सुकन्या मंडल और व्यक्तिगत चार्टर्ड अकाउंटेंट मनीष कोठारी भी उसी सुधार गृह में न्यायिक हिरासत में हैं। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा पहचाने गए भूमि के सात नए भूखंडों में से छह मुर्शिदाबाद जिले के डोमकल में हैं, जबकि एक बीरभूम के सिउड़ी में है। जबकि बीरभूम अणुब्रत मंडल का मूल जिला है, जहां वह तृणमूल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने हुए हैं, मुर्शिदाबाद हुसैन का मूल जिला है। सूत्रों ने कहा कि सीबीआई अधिकारियों को संदेह है कि इन सात भूखंडों की खरीद कीमत उन क्षेत्रों में मौजूदा बाजार दरों की तुलना में बहुत कम आंकी गई है। सीबीआई द्वारा खोजे गए तीन नए खातों और आसनसोल में अदालत को सौंपी गई जब्ती सूची में भी उल्लिखित, 35 लाख रुपये की संयुक्त जमा राशि है।

केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने इन खातों में कुछ फर्जी कॉर्पोरेट संस्थाओं से संबंधित कई लेनदेन का भी पता लगाया है।

# मुस्लिम आरक्षण का विरोध न करे भाजपा: मायावती

**एजेंसी। भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भोपाल में भाजपा के बूथ कार्यकताओं के सम्मेलन में मुस्लिम समाज पर दिए गए बयान पर देशभर में राजनीति गरमा गई है और विरोधी दल के नेता लगातार अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। इसी क्रम में अब उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा मुसलमानों के आरक्षण का विरोध बंद करे।



मायावती ने शुक्रवार को दो ट्वीट किए हैं, जिनमें उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भोपाल में भाजपा के कार्यक्रम में सार्वजनिक तौर पर यह कहना कि भारत में रहने वाले 80 प्रतिशत मुसलमान पसमांदा, पिछड़े, शोषित हैं, यह उस कड़वी जमीनी हकीकत को स्वीकार करना है, जिससे उन मुस्लिमों के जीवन सुधार हेतु आरक्षण की जरूरत को समर्थन मिलता है। अतः अब ऐसे हालात में भाजपा को पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण मिलने का विरोध भी बंद कर देने के साथ इनकी सभी सरकारों को भी अपने यहां आरक्षण को ईमानदारी से लागू करके तथा बैकलॉग की भर्ती पूरी करके यह साबित करना चाहिए कि वे इन मामलों में अन्य पार्टियों से अलग हैं।

### नवादा में वज्रपात से 3 की मौत,चार घायल

**नवादा।** नवादा जिले के वारिसलीगंज थाने के आजमपुर गांव में शुक्रवार को वज्रपात से गांव के तीन युवकों की मौत हो गई ।वहीं 4 घायल हो गए। सभी घायलों को पावापुरी मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है ।घटना उस समय घटी जब सभी युवक गांव के उत्तर बगीचे में बैठे थे ।इसी बीच गरज के साथ वर्षा होने लगी ।वर्षा के दौरान वज्रपात से 3 लोगों की मौत हुई । मृतकों में आनंदी सिंह के 22 वर्षीय पुत्र मोनू कुमार, देवनारायण सिंह के 20 वर्षीय पुत्र अजय कुमार एवं अनिल झा के 19 वर्षीय पुत्र सोसा कुमार शामिल है। बताया जा रहा है कि सभी बगीचे में बैठे थे ।तभी मेघ गर्जन के साथ बारिश होने लगी और उसी दौरान वज्रपात हो गया। इस घटना के बाद गांव मातमी सन्नाटा पसर गया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# माफिया से छुड़ाई गई भूमि पर गरीबों के लिए आवास बनाए विकास प्राधिकरण : योगी

**एजेंसी। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य के सभी विकास प्राधिकरण माफिया से छुड़ाई गई भूमि पर गरीबों के लिए आवास बनाएं। साथ ही जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गरीबों को उनके आशियाने की चाबी सौंपे। इससे लोगों के मन में सरकार के प्रति नया विश्वास पैदा होगा। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को संगम नगरी के लूकरगंज क्षेत्र में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत कमजोर आय वर्ग के 76 लोगों को आवासों की चाबी वितरित की। माफिया के कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि पर योगी सरकार ने 5.68 करोड़ रुपए की लागत से गरीबों के लिए आवास बनाया है। कार्यक्रम में सीएम योगी ने 768 करोड़ की 226 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें माफिया के साथ खड़ी रहती थीं। इस वजह से उत्तर प्रदेश विकास नहीं कर पा रहा था। गरीब को जहां-तहां झोपड़ी डालकर अपना जीवन-यापन करना पड़ता था। हमारी सरकार गरीबों के साथ खड़ी है, उनको आवास उपलब्ध करा रही है। 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक भी गरीब को आवास नहीं मिल पाया था। वहीं, प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद 54 लाख से ज्यादा गरीबों को अपना आवास मिल गया है। सीएम योगी ने कहा कि प्राचीनकाल से ही प्रयागराज तीर्थ की नगरी रही है। यह धरा धर्म-आध्यात्म और संस्कृति की है। यह भूमि शिक्षा और न्याय की जननी है। डबल इंजन की सरकार प्रदेश में डबल स्पीड के साथ विकास और सुशासन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ा रही है। हमारी सरकार आपके विकास के लिए कृतसंकल्पित है। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में कानून का राज है। यही वजह है कि फरवरी में हमने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट किया तो 36 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। अगर प्रदेश में माफिया होते तो ये मिलना मुश्किल था। सीएम योगी ने कहा कि 2025 का प्रयागराज कुंभ भव्य और दिव्य होगा। हमें इसके लिए अभी से मानसिक रूप से तैयार रहना होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2024 में एक बार फिर से भारत में एक ऐसी सरकार देनी है।



# भाजपा सरकार में हर वर्ग और क्षेत्र के लोगों के विकास के लिए हुए हैं काम: शिवराज

**एजेंसी। खरगोन**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज वे खरगोन के लिए बड़ी सौगातें लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग के मुताबिक वे खरगोन के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर आए हैं। कांग्रेस ने मेडिकल कॉलेज छीनकर खरगोन के साथ अन्याय किया था, लेकिन भाजपा ने इस सपने को पूरा किया है। यहां नवग्रह कॉरिडोर बनाने की मांग थी, इसके लिए 21 करोड़ की राशि स्वीकृत कर दी गई है। लोगों ने कहा था कि सिरबेल महादेव का कायाकल्प किया जाए, उसकी राशि भी स्वीकृत कर दी गई है। व्यापारियों ने कपास पर मंडी टैक्स वापस लेने की मांग की थी उस मांग को भी पूरा कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती भी है।मुख्यमंत्री चौहान शुक्रवार को खरगोन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में नवग्रह मेला ग्राउंड पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गरीब, किसान, युवा, महिलाओं के साथ अन्याय किया। भाजपा सरकार की योजनाओं को बंद करके उनका हक छीनने का काम किया। कांग्रेस सिर्फ झूठ बोलने का काम करती है। कांग्रेस ने पिछली बार कहा था कि किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा, कर्जा माफ हुआ क्या। आज मुझे कहते हुए गर्व है कि कमलनाथ की कर्जमाफी की घोषणा से किसानों पर ब्याज की जो गठरी चढ़ गई थी, हमने 20 हजार किसानों के रुपये भरकर उस गठरी को उतारा है। उन्होंने कहा था कि बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देंगे, किसी को मिला क्या? आज प्रदेश सरकार 4 जुलाई से मुख्यमंत्री सीखो, कमाओ योजना शुरू करने जा रही है। इससे उन्हें प्रतिमाह आठ हजार रुपये दिए जाएंगे। लाडली बहना योजना बहनों की जिंदगी बदलने की योजना है।



# लोकसभा चुनाव: नीतीश ने पार्टी विधायकों से वन-टू-वन की बात

**एजेंसी। पटना**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पार्टियां तैयारियों में लग गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पार्टी के विधायकों से मुलाकात की। उन्होंने विधायकों से 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा। नीतीश कुमार सामूहिक रूप से नहीं, बल्कि विधायकों से वन-टू-वन बातचीत कर रहे हैं। नीतीश पार्टी विधायकों से उनके क्षेत्र की समस्याओं को जान और समझ रहे हैं। साथ ही पार्टी की वहां क्या स्थिति है और किस स्तर पर संगठन को मजबूत बनाए जाने की जरूरत है, इसका भी फीडबैक ले रहे हैं।



सीएम आवास के बाहर जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि सीएम विधायकों से कई मुद्दों पर बातचीत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विधायकों से मुलाकात में उनके क्षेत्र की समस्याओं आदि को लेकर बातचीत कर रहे हैं और मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नीतीश सरकार पर महागठबंधन में शामिल पार्टी भाकपा-माले ने कई बार सवाल उठाए हैं। पार्टी का आरोप रहा है कि सरकार भाजपा से अलग हो गई लेकिन अफसरों के कामकाज का तरीका नहीं बदला है। वे भाजपा वाले मोड में काम कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी जब महागठबंधन में थे तब उन्होंने आरोप लगाया था कि अफसर जनप्रतिनिधियों की नहीं सुन रहे।

### भारतीय तस्कर चढ़ा बीएसएफ के हत्थे

**दक्षिण दिनाजपुर।** जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के रायगंज सेक्टर के अंतर्गत 137वीं बटालियन (बीएसएफ) के बॉर्डर आउट पोस्ट चाकगोपाल के जवानों ने एक भारतीय तस्कर को पकड़ा है। पकड़े गए भारतीय नागरिक नाम अमित कुमार जैन (38) है। बीएसएफ ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी है। मिली जानकारी के अनुसार, अमित को उस समय पकड़ा गया जब वह एक मोटर साइकिल से फुलबाड़ी से हिली प्रतिबंधित कफ सिरप बांग्लादेश में तस्करी के लिए ले जा रहा था। तलाशी के दौरान बीएसएफ के जवानों ने उसके पास से प्रतिबंधित कफ सिरप 100 बोतल बरामद किया। पकड़े गए भारतीय नागरिक को जब्त प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ आगे की कार्रवाई के लिए हिली थाने को को सौंप दिया है।

## पंचायत चुनाव : सीवोटर ओपिनियन पोल में टीएमसी के लिए परेशानी का संकेत

# 2024 में बढ़ सकती है तृणमूल की मुश्किलें

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनावों में समग्र वर्चस्व बनाए रखने के बावजूद, ग्रामीण नागरिक निकाय चुनावों के लिए एबीपी-सीवोटर ओपिनियन पोल ने राज्य के सत्तारूढ़ दल के लिए असुविधा के कुछ प्रमुख कारकों का संकेत दिया है। वह पार्टी जो 2024 की बड़ी लड़ाई के लिए अपने नेतृत्व को चिंतित रख सकती है।



कम से कम 49 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने दावा किया है कि वे त्रि-स्तरीय पंचायत प्रणाली के उच्चतम स्तर, जिला परिषदों के कामकाज से नाखुश हैं, और इसलिए वे वहां सत्ता में बदलाव चाहते हैं, जबकि 28 प्रतिशत ने कहा कि कामकाज से नाखुश होने के बावजूद वे अभी बदलाव नहीं चाहते। जबकि 16 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे जिला परिषदों के कामकाज से खुश हैं, केवल 7 प्रतिशत ने इस मामले में अज्ञानता का दावा किया।

ओपिनियन पोल में तृणमूल कांग्रेस के समर्पित अल्पसंख्यक वोट बैंक में संभावित गिरावट का भी संकेत दिया गया है। जबकि 59 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने दावा किया है कि सत्तारूढ़ दल के अल्पसंख्यक वोटों में गिरावट की संभावना अधिक है, 28 प्रतिशत ने उस संभावना से इनकार किया है। तेरह प्रतिशत ने इस मामले में अनभिज्ञता का दावा किया है।

सर्वेक्षण के अनुसार, 25 प्रतिशत उत्तरदाताओं को लगता है कि भ्रष्टाचार का मुद्दा ग्रामीण निकाय चुनावों में कारक होगा, जबकि 21 प्रतिशत को लगता है कि बढ़ती बेरोजगारी सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा होगी। जबकि 40 प्रतिशत को लगता है कि कानून और व्यवस्था और नागरिक मुद्दों जैसे अन्य कारक प्रमुख कारक होंगे, 13 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अज्ञानता का दावा किया है। तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के समग्र प्रदर्शन पर, 40 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इसे खराब बताया है, 35 प्रतिशत ने इसे अच्छा बताया है, जबकि 16 प्रतिशत ने इसे औसत बताया है। केवल 9 प्रतिशत ने इस मामले में अनभिज्ञता का दावा किया है। 59 प्रतिशत उत्तरदाताओं को लगता है कि नामांकन चरण के दौरान चुनाव पूर्व हिंसा ने तृणमूल कांग्रेस की छवि खराब कर दी है, जबकि 28 प्रतिशत को ऐसा नहीं लगता।

## NEWS इन ब्रीफ

### इंटरनेट बंद होने से चालू वर्ष की पहली छमाही में देश को 1.9 अरब डॉलर का नुकसान

**मुंबई।** इंटरनेट बंद होने के कारण 2023 की पहली छमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था को 1.9 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ह्यकानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए' हाल ही में पंजाब और मणिपुर में प्रशासन ने इंटरनेट-बंद किया। वैश्विक गैर-लाभकारी इकाई इंटरनेट सोसायटी ने अपनी रिपोर्ट ह्यनेटलॉस' में बताया कि बंदी' से लगभग 11.8 करोड़ डॉलर के विदेशी निवेश का भी नुकसान हुआ है और लगभग 21,000 नौकरियां भी गईं। रिपोर्ट में कहा गया, सरकारें अक्सर यह गलत धारणा बना लेती हैं कि इंटरनेट बंद करने से अशांति कम होगी।

### गेहूं की कीमत घटी दाल अभी भी महंगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जून में दो दालों अरहर और उड़द तथा गेहूं की भंडारण सीमा तय कर दी थी, जिससे इनकी बढ़ती कीमतों पर काबू पाया जा सके। इन अनाज की कीमत कई वजहों से बढ़ी हुई है। उपभोक्ता मामलों के विभाग और कारोबारियों के आंकड़ों से पता चलता है कि भंडारण की सीमा तय किए जाने के बाद से दिल्ली के बाजार में जहां गेहूं की कीमत घटी है लेकिन अरहर और उड़द के मामले में ऐसा नहीं है। गेहूं के मामले में भी देखें तो उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के मुताबिक कीमत में गिरावट सभी केंद्रों पर एकसमान नहीं कम हुई है। कुछ केंद्रों पर भंडारण की सीमा तय किए जाने के बाद भी गेहूं की थोक कीमत बढ़ी है।

# जीएसटी ने नागरिकों पर कर का बोझ किया कम




**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि छह साल पहले लागू माल एवं सेवा कर (जीएसटी) ने न केवल नागरिकों पर कर का बोझ कम करने में मदद की है, बल्कि देश में खपत को गति भी दी है। कुल मिलाकर इससे परिवारों को मासिक बिल कम करने में मदद मिली है। सरकार ने जीएसटी लागू होने से पहले और बाद में विभिन्न वस्तुओं पर कर दरों की तुलना करते हुए यह बात कही है। उसने यह भी कहा कि जीएसटी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने से लेकर निवेश को बढ़ावा देने में उत्प्रेरक रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने ट्विटर पर लिखा है, ह्यह्यजीएसटी के क्रियान्वयन ने करदाताओं के लिये कर कानून का पालन करना आसान बना दिया है। यह बात इस तथ्य से पता चलती है कि जीएसटी के तहत पंजीकृत करदाताओं की संख्या एक अप्रैल, 2018 तक 1.03 करोड़ थी। यह बढ़कर एक अप्रैल, 2023 तक 1.36 करोड़ हो गई है।'' जीएसटी एक जुलाई, 2017 की मध्यरात्रि को लागू हुआ था। इसमें 13 उपकर समेत उत्पाद शुल्क, सेवा कर और मूल्य वर्धित कर (वैट) जैसे 17 स्थानीय शुल्कों को समाहित किया गया है। माल एवं सेवा कर के अंतर्गत कर की चार दरें हैं। इसमें आवश्यक वस्तुओं पर कर से या तो छूट है या फिर पांच प्रतिशत की कम दर से कर लगाया जाता है। विलासिता और समाज के नजरिए से हानिकारक वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की ऊंची दर से कर लगाया जाता है। कर की अन्य दरें 12 फीसदी और 18 फीसदी हैं। इसके अलावा, सोना, आभूषण और कीमती पत्थरों के लिए 3 प्रतिशत और तराशे तथा पॉलिश किए गए हीरे पर 1.5 प्रतिशत की विशेष दर है। सीतारमण के कार्यालय से किए गए ट्वीट में लिखा है, ह्यह्यछह साल पहले केंद्र और राज्य सरकारों के 17 करों और 13 उपकरों को समाहित कर लागू जीएसटी ने न केवल नागरिकों पर कर का बोझ कम करने में मदद की है, बल्कि यह देश में खपत को गति देने को लेकर इंजन भी साबित हुआ है। जीएसटी लागू होने से पहले वैट, उत्पाद शुल्क, केंद्रीय बिक्री कर (सीएसटी) और उनके व्यापक प्रभाव के कारण एक उपभोक्ता को औसतन 31 प्रतिशत कर देना होता था। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट किया, जीएसटी के तहत कर की दरें कम होने से हर घर में खुशियां आई है। दैनिक उपयोग की विभिन्न उपभोक्ता वस्तुओं पर जीएसटी के माध्यम से राहत मिली है।'' जीएसटी भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में पासा पलटने वाला साबित हुआ है और इसने सभी पक्षों को व्यापक लाभ उपलब्ध कराया है।

### स्टील की कीमतें स्थिर होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख इस्पात विनिमार्ताओं का मानना है कि इस्पात के दाम निचले स्तर तक जा चुके हैं, भले ही इस साल की शुरूआत से इनमें गिरावट आ रही है। स्टीलमिंट के आंकड़ों पता चलता है कि इस्पात की चादरों के बेंचमार्क हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) के औसत मासिक दाम इस साल मार्च में 60,260 रुपए प्रति टन (मुंबई से बाहर) थे, जबकि 27 जून तक औसत मासिक दाम 55,443 रुपए प्रति टन थे, जिसमें पिछले महीने के मुकाबले गिरावट आई लेकिन कंपनियों का कहना है कि दामों में आगे गिरावट की संभावना नहीं है। टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी टीवी नरेंद्रन ने कहा मुझे लगता है कि दाम निचले स्तर तक जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि लौह अयस्क और कोयले की मौजूदा कीमत स्तर पर वैश्विक स्तर पर अधिकांश स्टील कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ेगा।

### भारत की तरक्की से गदगद दिखे पुतिन



**नई दिल्ली।** रूस ने अपने सदाबहार दोस्त भारत की एक बार फिर तारीफ की है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी के साथ-साथ मेक इन इंडिया पहल की थी सराहना की। रूसी राष्ट्रपति ने गुरुवार को मॉस्को में एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें रूस का सबसे महान दोस्त बताया। रूसी राष्ट्रपति ने अपने भाषण के दौरान अपने देश में घरेलू उत्पादों और ब्रांडों को प्रोत्साहित करने के लिए भारत के बेहतरीन उदाहरणों का जिक्र किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर डाला कि इस पहल का भारतीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव कैसे पड़ा। पुतिन ने दर्शकों से कहा, भारत में हमारे मित्र और रूस के महान मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ साल पहले एक अवधारणा पेश की थी - 'मेक इन इंडिया' और इसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत स्पष्ट प्रभाव पड़ा।

### बाजार में सुपर फ्राइडे, सेंसेक्स पहली बार 64000 के पार




**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार के लिए सुपर फ्रायडे साबित हुआ। मजबूत खरीदारी के बाद सेंसेक्स बीएसई और एनएसई निफ्टी ऑल टाइम हाई पर बंद हुए। पहली बार सेंसेक्स 64 हजार के पार जाकर 64,718 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स में 800 अंकों की मजबूती आई। निफ्टी भी पहली बार 216 पॉइंट्स मजबूत होकर 19,189 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान सेंसेक्स ने जहां इंट्राडे में 64,768 का लेवल टच किया वहीं निफ्टी भी चौतरफा खरीदारी के बाद पहली बार 19,201 के लेवल पर पहुंचा। जुलाई सीरीज के पहले दिन बाजार में बंपर तेजी दिखी। इस दौरान ऑटो, पीएसयू बैंकिंग और आईटी सेक्टर के शेयरों में जबरदस्त तेजी दिखी। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान बीएसई सेंसेक्स 1.26% जबकि एनएसई निफ्टी 1.14% की तेजी दिखी।

### 66 रुपए लीटर वाले फ्यूल पर दौड़ेंगी गाड़ियां : गडकरी

**नई दिल्ली।** भारत में 100% एथेनॉल फ्यूल पर चलने वाले वाहन अगस्त में लॉन्च किए जाएंगे। ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे मिनिस्टर नितिन गडकरी ने एक इंटरव्यू में कहा कि यह देश में एक क्रांतिकारी पहल होगी, जो इम्पोर्ट-ऑप्शन, कॉस्ट इफेक्टिव, पॉल्युशन फ्री और पूरी तरह स्वदेशी होगी। वर्तमान में भारतीय बाजार में एथेनॉल की कीमत लगभग 66 रुपए लीटर के आसपास है और पेट्रोल की कीमत 108 रुपए के आसपास चल रही है। अगर ऐसा होता है तो जल्द ही भारतीय सड़कों पर सस्ते फ्यूल पर टू-व्हीलर और कारें दौड़ती नजर आएंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'अगस्त से मैं 100% एथेनॉल पर चलने वाले वाहन लॉन्च करूंगा। बजाज, ळश्र और हीरो ने 100% एथेनॉल पर चलने वाली मोटरसाइकिलें बनाई हैं।' उन्होंने कहा कि टोयोटा कंपनी की 60% पेट्रोल और 40% बिजली से चलने वाली कैमरी कार की तरह ही अब देश में ऐसे वाहन लॉन्च किए जाएंगे।

### 6 जुलाई तक रद्द रहेंगी गो फर्स्ट की उड़ान

**नई दिल्ली।** नकदी संकट से जूझ रही विमानन कंपनी गो फर्स्ट ने अपनी उड़ानें छह जुलाई तक रद्द कर दी है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। दिवाला समाधान प्रक्रिया का सामना कर रही कंपनी में उड़ानों का परिचालन तीन मई से बंद है और तब से उड़ानें रद्द होने की अवधि कई बार बढ़ायी जा चुकी है। गो फर्स्ट के मौजूदा प्रबंधन के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों के साथ कंपनी की पुनरुद्धार योजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। कंपनी ने ट्वीट किया, परिचालन संबंधी कारणों से छह जुलाई तक प्रस्तावित गो फर्स्ट की उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। कंपनी ने तत्काल समाधान और परिचालन की बहाली के लिए आवेदन किया हुआ है।

## नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को बड़ी राहत

# अरबों डॉलर पर बनी सहमति




**एजेंसी। नई दिल्ली**

नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को बड़ी राहत मिली है। पाकिस्तानी सरकार और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के बीच तीन अरब डॉलर के 'स्टैंडबाय अरेंजमेंट' पर कर्मचारी स्तर समझौता हुआ है। पाकिस्तान में समझौते का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। बता दें कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पिछले कई वर्षों से लगातार गिरावट के मोड में है, जिससे महंगाई अनियंत्रित हो गई है और गरीब जनता पर दबाव बढ़ रहा है। इससे बड़ी संख्या में लोगों के लिए जीवनयापन करना लगभग असंभव हो गया है। पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मिशन प्रमुख नाथन पोर्टर ने गुरुवार को एक बयान में कहा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आईएमएफ की टीम 2,250 करोड़ एसडीआर (करीब तीन अरब डॉलर या पाकिस्तान के आईएमएफ कोटा का 111 प्रतिशत) की राशि में नौ महीने के स्टैंड-बाय अरेंजमेंट (एसबीए) पर पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ स्टाफ स्तर के समझौते पर पहुंच गई है।' नया एसबीए पाकिस्तान के 2019 ईएफएफ-समर्थित कार्यक्रम के तहत अधिकारियों के प्रयासों पर आधारित है, जो जून के अंत में समाप्त हो रहा है। यह समझौता आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड से मिलने वाले अनुमोदन के अधीन है। कार्यकारी बोर्ड जुलाई के मध्य तक इस अनुरोध पर विचार कर सकता है। नौ महीनों में तीन अरब डॉलर का यह वित्त पोषण पाकिस्तान के लिए उम्मीद से अधिक है। देश 2019 में 6.5 अरब डॉलर के राहत पैकेज पर बनी सहमति में से शेष 2.5 अरब डॉलर जारी होने का इंतजार कर रहा था, जो शुक्रवार को समाप्त हो रहा है।

## विदेश

# अमेरिका में शुरू होगी हिन्दी की पढ़ाई



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

अमेरिका के स्कूलों में हिंदी भाषा की पढ़ाई के लिए राह खुलनी शुरू हो गई है। सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी के संगठन एशिया सोसायटी (अर) और इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट से जुड़े 100 से अधिक जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति बाइडेन को इस बारे में प्रस्ताव सौंपा है। इसमें 816 करोड़ रुपए के फंड से एक हजार स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई शुरू होगी। संभावना है कि बाइडेन का भारत के प्रति सकारात्मक रुख और अगले साल राष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाएगी। अगले साल सितंबर से हिंदी भाषा की पढ़ाई शुरू हो सकती है। अर और कअक ने हिंदी भाषा की पढ़ाई शुरू करने पर शिक्षकों की व्यवस्था करने और कोर्स के गठन में मदद का आश्वासन दिया है। प्राथमिक कक्षाओं से शुरू होने वाली हिंदी की पढ़ाई में हिंदी को अंग्रेजी के बाद दूसरी भाषा के रूप चुनने का विकल्प होगा। अमेरिका में रहने वाले लगभग 45 लाख भारतवंशियों में से हिंदी सर्वाधिक नौ लाख से ज्यादा लोगों द्वारा बोली जाने वाली भारतीय भाषा है। अमेरिका में अभी हाई स्कूल स्तर पर हिंदी की पढ़ाई के कोर्स चल रहे हैं। इसमें हिंदी की बेसिक पढ़ाई ही कराई जाती है। इंडिया इम्पैक्ट के अध्यक्ष नील मखीजा का कहना है कि बच्चों में जब शुरूआती कक्षाओं से ही हिंदी नहीं पढ़ाई जाएगी तो अचानक हाई स्कूल स्तर पर हिंदी भाषा का विकल्प होने पर भी बच्चों को भाषा के प्रति समझ ही पैदा नहीं हो पाती है। अब हिंदी को प्राथमिक कक्षाओं से शुरू करने का बच्चों को फायदा मिल सकेगा। अमेरिका में अभी दूसरी भाषा के रूप में ज्यादातर स्कूलों में स्पेनिश पढ़ाई जाती है। नॉर्थ कैरोलीना के व्हिप जय चौधरी का कहना है कि पूर्व में अमेरिका को स्पेनिश बोलने वाले देशों में आर्थिक हितों के लिए ऐसी पीढ़ी तैयार करनी थी जो स्पेनिश समझ सके। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। इस दशक के अंत तक भारत तीसरी आर्थिक शक्ति होगा। ऐसे में अमेरिका का ये लक्ष्य होना चाहिए कि स्कूलों से हिंदी पढ़कर निकलने वाली एक ऐसी पीढ़ी आए जिसमें भारत के प्रति बेहतर समझ हो। स्पेनिश बोलने वाले देश अब आर्थिक रूप से सफल नहीं हैं। हिंदी जानने वाले अमेरिकी युवाओं के लिए भारत के मैन्युफैक्चरिंग, कृषि और आईटी सेक्टर में आने वाले वर्षों में संभावनाएं बढ़ेंगी। अमेरिका में भारतीयों की बहुलता वाले न्यू जर्सी, टेक्सास, न्यूयॉर्क और कैलिफोर्निया राज्यों में हिंदी पढ़ाने वाले लगभग 10 स्कूल हैं।

## कारोबार — चीन से निपटने के लिए अमेरिका का बड़ा कदम

# ताइवान को 330 करोड़ डॉलर की हथियार बिक्री को मंजूरी



**एजेंसी। यूएसए**

अमेरिकी रक्षा विभाग की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने 332.2 करोड़ डॉलर की अनुमानित लागत से विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) को मंजूरी दे दी। इसके तहत ताइवान को हथियारों की बिक्री की जानी है। माना जा रहा है कि दक्षिण एशिया में चीन के मनमाने रवैये से निपटने के लिए अमेरिका ने यह फैसला किया है। एजेंसी के एक बयान में कहा गया है कि इस हथियार पैकेज में 30 एमएम गोला-बारूद, पहिएदार वाहनों के लिए स्पेयर पार्ट्स और अन्य सामान शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में ताइवान को हथियारों की बिक्री का यह 10वां पैकेज है। एजेंसी ने एक बयान में कहा, "विदेश मंत्रालय ने अमेरिका में ताइपे के आर्थिक व सांस्कृतिक प्रतिनिधि कार्यालय को 332.2 करोड़ डॉलर की अनुमानित लागत से 30 एमएम गोला-बारूद और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी देने का फैसला किया है। रक्षा विभाग की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने एक बयान में कहा, ३रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने आज इस संभावित बिक्री के बारे में कांग्रेस को सूचित करते हुए आवश्यक प्रमाणीकरण दिया। संयुक्त राज्य अमेरिका में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक प्रतिनिधि कार्यालय (ळएउफ्ह) ने विभिन्न अवर्गीकृत 30 मिमी गोला-बारूद खरीदने का अनुरोध किया है, जिसमें 30 मिमी उच्च विस्फोटक भड़काऊ-ट्रेसर राउंड, 30 मिमी बहुउद्देश्यीय राउंड और 30 मिमी प्रशिक्षण राउंड शामिल हैं। इनमें कॉन्फिगरेशन नियंत्रण, उत्पादन समर्थन, गोला-बारूद परीक्षण और लोड, असेंबल और पैक सेवाओं सहित इंजीनियरिंग तकनीकी सेवाएं, सोर्सिंग व अधिग्रहण सहायता, नौसेना नागरिक कर्मियों की लागत, अनुबंध सहायता सेवाएं, तकनीकी डेटा अनुरोधों पर समर्थन, सूचना के अनुरोधों पर प्रतिक्रिया, प्रति वर्ष दो (2) कार्यक्रम प्रबंधन समीक्षा और अनुबंध खरीद से जुड़े परीक्षण व प्रलेखन सहित अन्य तकनीकी सेवाएं; और रसद व कार्यक्रम समर्थन के अन्य संबंधित तत्व भी शामिल हैं। इसकी कुल अनुमानित लागत 332.2 करोड़ डॉलर है। बयान के अनुसार, प्रस्तावित बिक्री लक्ष्य अपने सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने और एक विश्वसनीय रक्षात्मक क्षमता बनाए रखने के लिए प्राप्तकर्ता के निरंतर प्रयासों का समर्थन करके अमेरिकी राष्ट्रीय, आर्थिक और सुरक्षा हितों को पूरा करती है।

### शरण मांगने वालों को रवांडा भेजने की योजना गैरकानूनी

**लंदन।** ब्रिटेन की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को फैसला सुनाया कि प्रवासियों को इंग्लिश चैनल की जोखिम भरी यात्रा से रोकने के प्रयास में, शरण चाहने वालों को रवांडा भेजने की सरकार की योजना गैरकानूनी है। अपीलीय न्यायालय के न्यायाधीशों ने कहा कि रवांडा को सुरक्षित तीसरा देश नहीं माना जा सकता जहां प्रवासियों को भेजा जा सकता है। तीसरा देश शब्द उन देशों के लिए इस्तेमाल किया जाता है जो यूरोपीय संघ के सदस्य नहीं हैं और जिनके नागरिकों को यूरोपीय देशों में मुक्त आवागमन की सुविधा नहीं है। सरकार के इस फैसले को ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने की संभावना है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव सरकार ने नावों को रोकने का वादा किया है। ब्रिटेन में प्रवेश की उम्मीद रखने वाले कई प्रवासी नावों से उत्तरी फ्रांस से यात्रा शुरू करते हैं। ब्रिटेन में 2022 में इंग्लिश चैनल पार कर 45,000 से अधिक लोग ब्रिटेन पहुंचे और इस प्रयास में कई लोगों की मृत्यु भी हो गई।

## पेज एक के शेष

### मुख्यमंत्री ने करोड़ों की...

योजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें सदर अस्पताल, साहिबगंज में जेन नेक्स्ट ई -हॉस्पिटल सिस्टम का शुभारंभ, भोगनाडीह में फूलो झानो स्मृति पार्क और रांगा थाना के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन शामिल है। सिस्टम इस मौके पर उन्होंने लाभुकों के बीच 12 करोड़ 80 लाख 27 हजार 900 रुपए की परिसंपत्तियां बांटी। इसके अलावा चिकित्सकों और नवनियुक्तों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर सांसद विजय हांसदा, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मु और साहिबगंज जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत के पदाधिकारी मौजूद थे।

### सिरफिरे नाबालिग ने...

है पुलिस को आशंका है कि इस साजिश में और भी कुछ लोग शामिल हैं। रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने बताया कि नाबालिग के द्वारा ही बसों में आग लगाने की घटना को पारित किया गया था। नाबालिग के पास से एक स्प्रे मिला है जिसमें स्प्रिट भरा हुआ था। इसी स्प्रे के माध्यम से बसों में आग लगाई गई थी।

### जेल अधीक्षक-जेलर से...

प्रेम प्रकाश व छवि रंजन की मुलाकात को लेकर जेल अधिकारियों ने जेल के एक जमादार की भूमिका के विषय में जानकारी दी है। जमादार को जेल में काफी प्रभावशाली बताया गया है।

**प्रेम व पूजा सिंघल को बचाने की कोशिश :** ईडी के अधिकारियों ने पूछताछ के दौरान यह निष्कर्ष निकाला है कि तय अवधि के फूटेज नहीं देकर दिसंबर 2022 के बाद के फूटेज देकर जेल अधीक्षक ने मनी लाउंड्रिंग के केस में बंद प्रेम प्रकाश व निलंबित आईपीएस अधिकारी पूजा सिंघल की मदद की। ऐसे में ईडी अब आने वाले दिनों में केस को प्रभावित करने व साक्ष्यों को नष्ट करने को लेकर हामिद अख्तर पर कार्रवाई कर सकती है। ईडी को अंदेशा है कि जिस अवधि के फूटेज की मांग जेल प्रशासन से की गई थी, उस अवधि के फूटेज को नष्ट कर दिया गया है।

**कहा फूटेज देने पर हुआ शोकॉज :** जेल में बंद प्रेम प्रकाश व निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन के जेल मैनुअल के विपरित मुलाकात पर ईडी ने जब हामिद अख्तर से सवाल पूछे तो उन्होंने बताया कि उन्हें जेल अधिकारियों के द्वारा शोकॉज किया गया है। ईडी को जेल अधीक्षक ने बताया कि प्रेम प्रकाश व छवि रंजन की मुलाकात की फूटेज देने के कारण उन्हें शोकॉज दिया गया है। हालांकि वह शोकॉज की कॉपी ईडी को नहीं दे पाए।

**शोकॉज पर जेल आईजी ने क्या कहा :** जेल आईजी उमाशंकर सिंह ने कहा है कि जेल मैनुअल के विपरित मुलाकात को लेकर जेल अधीक्षक हामिद अख्तर को शोकॉज किया गया था। इस शोकॉज का जवाब उन्होंने भेजा, लेकिन यह जवाब स्पष्ट नहीं था। ऐसे में दुबारा उन्हें शोकॉज दिया गया था। यह जवाब भी स्पष्ट नहीं है। जेल आईजी ने कहा कि मुलाकात की फूटेज ईडी को देने को लेकर जेल अधीक्षक को शोकॉज नहीं हुआ था।

### अग्रवाल बंधु हत्याकांड...

रांची के लालपुर इलाके में रहने वाले अग्रवाल बंधुओं हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल से उधार में बड़ी रकम ली थी। लेनदेन के सिलसिले में उसने 6 मार्च की रात चैनल के सभी कर्मियों के जाने के बाद अग्रवाल बंधुओं को अपने दफ्तर में बुलाया था। जहां दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

अग्रवाल बंधु अपने बैग में लाखों रुपये लेकर पहुंचे थे। इस दौरान लोकेश चौधरी ने उनके रुपए हड़पने की नीयत से अपने दोस्त और बॉडीगार्ड से दफ्तर में आईबी की फर्जी रेड कराई थी। आईबी की फर्जी टीम ने दोनों से रुपए भरे बैग छीन लिए। विरोध करने पर दोनों भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद लोकेश चौधरी रात में जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के वसुंधरा अपार्टमेंट स्थित अपने फ्लैट में पहुंचा और वहां से पत्नी और बच्चों को लेकर सीधे बिहार भाग निकला था। उसने सीसीटीवी फुटेज का डीवीआर भी निकाल लिया था। लोकेश के बॉडीगार्ड सुनील सिंह ने पकड़े जाने के बाद पूरे मामले का खुलासा किया था। उसने बताया था कि व्यवसायी हेमंत तथा महेंद्र अग्रवाल की हत्या रुपये हड़पने के लिए की गई थी। लोकेश के दोस्त एमके सिंह और धर्मेंद्र तिवारी ने अग्रवाल बंधुओं पर गोली चलायी थी। करीब एक साल बाद 9 मार्च 2020 को लोकेश ने रांची कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। लोकेश चौधरी के प्राइवेट बॉडीगार्ड सुनील सिंह उर्फ सुनील कुमार को पुलिस ने बोकारो थर्मल की डीवीसी कॉलोनी से गिरफ्तार किया था। इस संबंध में अरगोड़ा थाना में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। पुलिस ने लोकेश चौधरी और अन्य आरोपियों को गुनहगार साबित करने के लिए 19 गवाह कोर्ट में प्रस्तुत किए। जबकि, लोकेश चौधरी ने अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए एक भी गवाह प्रस्तुत नहीं किया। दोषी करार दिए गए लोगों में लोकेश के अलावा उसके दोस्त सुनील सिंह और उसका बॉडीगार्ड धर्मेंद्र तिवारी शामिल है।

### ओपन एआई पर ...

एआई टूल द्वारा स्क्रैप किया गया डेटा बिना अनुमति के हजारों पुस्तकों से कॉपी किया गया था। चैटजीपीटी और अन्य जेनरेटिव एआई सिस्टम द्वारा बनाई गई कंटेंट इंटरनेट से बड़ी मात्रा में स्क्रैप किए गए डेटा का इस्तेमाल करती है। ट्रेमब्ले और अवद के मुकदमे में दावा किया गया कि किताबों के डेटा बहुत ज्यादा हाई क्वालिटी के हैं, जिन्हें कॉपी करना गलत है। मुकदमे में आरोप लगाया गया कि ओपेन एआई के प्रशिक्षण में लगभग 300,000 से अधिक पुस्तकों का डेटा शामिल था। वादी ने यह भी दावा किया कि चैटजीपीटी के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किया गया डेटा गैरकानूनी स्त्रोतों से प्राप्त किया गया था जिसमें अवैध शैडो लाइब्रेरी शामिल हैं ,जो बिना अनुमति के कॉपीराइट वाली किताबें पेश करते हैं। कई अन्य वादी अन्य एआई प्रणालियों को ट्रेन करने के लिए उपयोग किए जाने वाले डेटा पर भी कानूनी चुनौतियां लेकर आए हैं। कुछ सोर्स -कोड मालिकों ने ओपेन एआई और माइक्रोसॉफ्ट के गिटहब के खिलाफ मुकदमा दायर किया है, जबकि विजुअल आर्टिस्ट ने स्टेबिलिटी एआई, मिड जर्नी और डेवियंट आर्ट सहित इमेज- क्रिएटिंग टूल पर आरोप लगाया है। इस तरह से यह मामला अब कोर्ट में पहुंचने लगा है। संभव है अन्य देशों में भी इस तरह के मुकदमे हों। क्योंकि इन ऐप के मार्फत इन्हें बनाने वाली कंपनियां ही मालामाल हो रही हैं। लेकिन हाई क्वालिटी की पुस्तक लिखने वाले लेखक या शोधकर्ता को कापी राइट के बाद भी कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। एआई टूल के मार्फत उसके लेखन को चुरा कर उपयोग कर लिया जा रहा है, बेचा जा रहा है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# ‘हिंदी’ में है भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधित्व की क्षमता : राजनाथ

**एजेंसी। नई दिल्ली**



'हिंदी' में अखिल भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधित्व की क्षमता है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्वतंत्रता के बाद जिन-जिन महापुरुषों ने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का प्रस्ताव रखा था, उनमें से अधिकांश की मातृभाषा हिंदी नहीं थी। शुक्रवार को यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। शुक्रवार को राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा उत्पादन विभाग के अंतर्गत हिंदी सलाहकार समिति की 14 वीं बैठक का आयोजन किया गया। रक्षा मंत्री ने हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्व पटल पर हिंदी का प्रचार-प्रसार दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदी की बढ़ती प्रतिष्ठा के चलते, आज हिंदी सीखना समय की मांग हो गयी है। ‘एक वैज्ञानिक भाषा होने’ और ‘जैसा बोला जाता है वैसी लिखी जाने’ जैसी विशेषताओं ने इसे लोकप्रिय भाषा बनाया है। प्रधानमंत्री द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा देश-विदेश में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिंदी में किए गए संबोधन की चर्चा करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस तरह हिंदी को वैश्विक मंचों पर गौरवान्वित किया है, हमारे लिए प्रेरणा की बात है। इससे न सिर्फ देश, बल्कि विदेश में रहने वाले भारतीयों को भी बहुत गर्व होता है। रक्षा मंत्रालय में राजभाषा के प्रयोग के बारे में रक्षा मंत्री ने कहा कि उनका मंत्रालय हिंदी के संवैधानिक प्रावधानों और सरकार की राजभाषा नीति संबंधी निदेशों के अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए मंत्रालय ने कुछ अभिनव प्रयोग किए हैं, जिसके परिणाम उत्साहजनक और कारगर रहे हैं। उन्होंने कहा, सन 1918 में महात्मा गांधी ने इंदौर में, हिंदी साहित्य समिति की नींव रखते समय इसे राष्ट्रभाषा के रूप में चिह्नित किया था। केशवचंद्र सेन से लेकर स्वामी दयानंद सरस्वती, काका कालेलकर, बंकिमचंद्र और ईश्वरचंद्र विद्यासागर जैसे महापुरुषों ने भी हिंदी का प्रबल समर्थन किया था। ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि हम हिंदी को बढ़ावा देकर उन महापुरुषों के सपनों को साकार करें।

# ‘डीयू सिर्फ विवि नहीं बल्कि एक आंदोलन है’

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आजादी में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि डीयू केवल एक विश्वविद्यालय नहीं बल्कि एक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में डीयू का लक्ष्य भारत को ‘विकसित भारत’ बनाना होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को डीयू के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। उन्होंने डीयू के उत्तरी परिसर में बनने वाले प्रौद्योगिकी संकाय, कंप्यूटर केंद्र और शैक्षणिक ब्लॉक सहित तीन इमारतों की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर दो कॉफी टेबल बुक्स भी लॉन्च कीं।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली विश्वविद्यालय पहुंचने के लिए मेट्रो की सवारी की। यात्रा के दौरान उन्होंने छात्रों से बातचीत भी की।



इस बातचीत का जिक्र उन्होंने अपने संबोधन में भी किया। उन्होंने कहा, ह्लवे सूरज के नीचे हर चीज के बारे में बात करेंगे। कौन सी फिल्म देखी? ओटीटी पर वो सीरीज अच्छी है। वो वाली रील देखी या नहीं देखी? चर्चा करने के लिए विषयों का एक महासागर है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब किसी व्यक्ति या संस्था का संकल्प देश के प्रति होता है, तो उसकी उपलब्धियां राष्ट्र की उपलब्धियों के बराबर होती हैं। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली विश्वविद्यालय की शुरूआत हुई थी तब इसके अंतर्गत केवल 3 कॉलेज थे लेकिन आज इसके अंतर्गत 90 से अधिक कॉलेज हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत जिसे कभी नाजुक अर्थव्यवस्था माना जाता था वह अब दुनिया की शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है। यह देखते हुए कि डीयू में पढ़ने वाली महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है, प्रधानमंत्री ने बताया कि देश में लिंग अनुपात में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने एक विश्वविद्यालय और एक राष्ट्र के संकल्पों के बीच अंतसंबंध के महत्व पर जोर दिया और कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की जड़ें जितनी गहरी होंगी, देश की प्रगति उतनी ही अधिक होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब दिल्ली विश्वविद्यालय पहली बार शुरू हुआ था तो उसका लक्ष्य भारत की आजादी था, लेकिन अब जब भारत की आजादी के 100 साल पूरे होंगे तो संस्थान के 125 साल पूरे हो जायेंगे, दिल्ली विश्वविद्यालय का लक्ष्य भारत को 'विकसित भारत' बनाना होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्ल'पिछली सदी के तीसरे दशक ने भारत की आजादी के संघर्ष को नई गति दी, अब नई सदी का तीसरा दशक भारत की विकास यात्रा को गति देगा।

## पीएम 7 को गीता प्रेस शताब्दी वर्ष के समापन में ले सकते हैं हिस्सा

**गोरखपुर।** प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी का 07 जुलाई को गोरखपुर और कुशीनगर का दौरा संभावित है। प्रधानमंत्री गोरखपुर में गीता प्रेस शताब्दी वर्ष के समापन समारोह में शिरकत करेंगे और इसके बाद कुशीनगर में प्रस्तावित गौतमबुद्ध कृषि विश्वविद्यालय की आधारशिला भी रख सकते हैं। गोरखपुर और कुशीनगर जिला प्रशासन ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। गोरखपुर जिले के आला अधिकारियों ने गुरुवार को गीता प्रेस पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। गीता प्रेस के प्रबंधक लालमणि तिवारी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। तिवारी ने बताया कि जिला प्रशासन के लोगों ने गीता प्रेस आकर यह बताया है कि 07 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी का दौरा संभावित है। इस दौरान उन्होंने यहां की तैयारियों के बावत विचार-विमर्श भी किया। इस दौरान प्रधानामंत्री मोदी चित्रमय महाशिव पुराण का लोकार्पण भी करेंगे। उधर, भाजपा के विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि कुशीनगर जिले में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम बरवां जंगल में होगा। बरवां जंगल स्थित आलू फार्म की जमीन का समतलीकरण किया जा रहा है। वहां जनसभा होने की उम्मीद है। हालांकि जिले के अधिकारी अभी प्रधानमंत्री के किसी भी कार्यक्रम से इनकार कर रहे हैं।

# विपक्ष की आवाज को दबाने की हो रही कोशिश : खड़गे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार विपक्ष को पसंद नहीं करती। इस लिए विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश हो रही है। खड़गे ने राहुल गांधी की मणिपुर यात्रा को लेकर शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी हिंसा ग्रस्त राज्य मणिपुर में लोगों के सुख-दुख जानने गए हैं। वह मणिपुर में लोगों के हालात समझने, कठिनाई जानने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन उन्हें वहां रोका गया और सत्ता पक्ष ने उनकी यात्रा को ड्रामा करार दिया।

खड़गे ने कहा कि वह सत्ता पक्ष से पूछना चाहते हैं कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मणिपुर का दौरा कर चुके हैं। ऐसे में अगर राहुल की यात्रा ड्रामा है तो गृह मत्री की यात्रा को क्या कहेंगे?

उल्लेखनीय है कि हिंसा प्रभावित राज्य मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को राहुल गांधी मणिपुर पहुंचे। यहां उन्हें कई जगहों पर सुरक्षा कारणों का हवाला देकर रोका गया। जिसको लेकर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है।

# दो कारों की भिड़ंत में तीन की मौत, दो अन्य घायल

**जयपुर।** राजस्थान में हनुमानगढ जिले के रावतसर थाना क्षेत्र में नोहर रोड पर दो कारों के आपस में भीषण टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार देर रात्रि करीब 12 बजे हुए इस हादसे में दोनों कारों की रफ्तार बहुत तेज थी। दुर्घटना में घायल युवकों को हनुमानगढ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मृतकों के शवा कों जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है।

## मणिपुर में अमन की जरूरत, बोले राहुल गांधी

# राहत शिविरों में जरूरी चीजों की कमी है

**एजेंसी। इंफाल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर को शांति की जरूरत है और राहत शिविरों में दवाओं और अन्य जरूरी चीजों की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि सरकार को इन संकटों से उबरने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। हिंसा प्रभावित मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर आए कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की। उनके साथ कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और कई पूर्वोत्तर राज्यों के एआईसीसी प्रभारी अजॉय कुमार भी थे। राज्यपाल से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा कि वह और उनकी पार्टी राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। राहुल गांधी ने राजभवन के सामने मीडिया से कहा, मैं चाहता हूं कि पहले शांति बहाल हो। मैंने कुछ राहत शिविरों का दौरा किया और प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इन राहत शिविरों में दवाओं और अन्य आवश्यक चीजों की कमी है, सरकार को कदम उठाना चाहिए।

# राज्यपाल सीएम से पूछे बिना किसी मंत्री को बर्खास्त कर ही नहीं सकते

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

तमिलनाडु के आरएन रवि इन दिनों अपने तमाम कारनामों के कारण चर्चा में हैं। वैसे तो चर्चा में प.बंगाल के पूर्व राज्यपाल व वर्तमान राज्यपाल भी हैं । महाराष्ट्र के पूर्व व वर्तमान राज्यपाल, झारखंड के पूर्व राज्यपाल , केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी कई कारणों व अपने कर्मों को लेकर हैं।लेकिन तमिलनाडु के राज्यपाल पर सबसे ज्यादा केंद्र का खैरख्वाह बनने का आरोप लगने लगा है। उन्होंने सीधे एक मंत्री को बर्खास्त करके संवैधानिक संकट खड़ा कर दिया। जबकि उनको पता होगा, उनके विधिक सलाहकार ने बताया होगा कि 1974 में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल शमशेर सिंह बनाम पंजाब के फैसले में कहा था कि राज्यपाल अपनी संवैधानिक शक्तियों का इस्तेमाल केवल और केवल मुख्यमंत्री की सलाह पर ही कर सकेगा।हालांकि फंसने व भद्द होने के बाद उन्होंने अपने आदेश को वापस लेकर कानूनी सलाह मांगी है। लेकिन तमिलनाडु के इस महामहिम आरएन रवि ने सेंथिल बालाजी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करके एक नया संकट तो खड़ा कर ही दिया। जबकि सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक बेंच ने अपने एक अहम फैसले में राज्यपाल को उसकी हद बता रखी है। लेकिन फिर भी आरएन रवि ने मंत्री को सरकार से बाहर का रास्ता दिखा ही दिया। हालांकि कुछ घंटों बाद ही उन्होंने अपने आदेश को वापस लेकर कानूनी सलाह मांगी है। लेकिन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने राज्यपाल के पहले के फैसले को कोर्ट में चुनौती दे रहे हैं। इस तरह मामला अब यहीं पर थमने वाला नहीं है। अब राज्यपाल की शक्तियों को अदालत और ज्यादा परिभाषित कर सकती है।

# गुजरात के हालोल में दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत

**हालोल (गुजरात)।** गुजरात के हालोल के एक कारखाने की दीवार अस्थायी तंबू पर गिरने के चलते पांच साल से कम उम्र के चार बच्चों की मौत हो गई। यह घटना गुरुवार को गुजरात के पंचमहल जिले के हालोल तालुका में भारी बारिश के बाद हुई। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में दो बच्चों सहित पांच अन्य लोग घायल हो गए। जिन बच्चों की मौत हुई है, उनमें चिरिराम डामोर (5), अभिषेक भूरिया (4), गुनगुन भूरिया (2) और मुस्कान भूरिया (5) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, प्रभावित परिवार हालोल तालुका के चंद्रपुरा गांव में एक रासायनिक कारखाने के पास स्थित एक निर्माण स्थल पर मजदूर के रूप में काम करते हैं।

# कांग्रेस की सरकार में बहुसंख्यक समाज के साथ हुआ अन्याय : शाह

**एजेंसी। उदयपुर**



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजस्थान में चुनावी बिगुल फूंकते हुए मेवाड़ की धरती से आह्वान किया है कि तीन-डी यानी- दंगा, महिलाओं से दुर्व्यवहार और दलितों पर अत्याचार वाली गहलोत सरकार को मूल समेत उखाड़ फेंकना है। शाह ने 2023 में राजस्थान और 2024 में केंद्र में नरेन्द्र मोदी के हाथ फिर मजबूत करने का भी आह्वान किया। गृहमंत्री शाह शुक्रवार को उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने राजस्थान की गहलोत सरकार को भ्रष्ट और तुष्टीकरण की नीति पर चलकर बहुसंख्यक समाज के साथ अन्याय करने वाली सरकार बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आतंकवाद एवं आतंकवादी संगठन पीएफआई पर लगाम कसती है और यहां कांग्रेस की गहलोत सरकार कोटा में पीएफआई को रैली के लिए अनुमति प्रदान करती है। चित्तौड़ में रतन सोनी हत्याकांड, करौली में हिंदू त्योहारों पर प्रतिबंध, संघ के पथ संचलन पर प्रतिबंध, अलवर में शिव मंदिर ढहाने, भगवा पताकाओं पर प्रतिबंध लगाकर इस सरकार ने तुष्टीकरण को बढ़ावा दिया है। शाह ने जयपुर बम ब्लास्ट मामले में सभी आरोपितों के छूट जाने पर भी गहलोत सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि इस सरकार के एडवोकेट जनरल को पेशी पर जाने की फुर्सत ही नहीं मिली।

## संसदीय समिति ने सरकार से कहा

# दर्जन भर कानून के नियम बनने में हो रहा विलंब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग अधिनियम सहित एक दर्जन कानून बनने के काफी समय गुजर जाने के बाद भी इनके नियम तैयार नहीं हुए है तथा संसद की एक समिति ने शुक्रवार को संबंधित मंत्रालयों से इस कार्य में तेजी लाने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कई कानूनों के अस्तित्व में आने के काफी समय गुजरने के बाद भी नियम तैयार नहीं हुए हैं । ऐसे में राज्यसभा की अधीनस्थ विधान संबंधी समिति ने इन अधिनियमों के तहत नियम या विधान तैयार होने में हुए विलंब के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस विषय पर संबंधित मंत्रालयों/विभागों ने नियम तैयार करने को लेकर कुछ समय मांगा है और उनसे इस कार्य में तेजी लाने को कहा गया है।

सूत्रों के अनुसार राज्यसभा की अधीनस्थ विधान संबंधी समिति ने जिन अधिनियमों तहत अधीनस्थ विधान या नियम तैयार करने में हुई देरी पर विचार किया गया, उनमें वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम 2013, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग अधिनियम 2019, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग अधिनियम 2020, राष्ट्रीय भारतीय आयुर्विज्ञान प्रणाली आयोग अधिनियम 2020, आयुर्वेद शिक्षण और अनुसंधान संस्थान अधिनियम 2020 शामिल हैं।

इसमें सिक्किम विश्वविद्यालय अधिनियम 2006, त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम 2006, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2007, केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009, भारतीय प्रबंध संस्थान अधिनियम 2017, केंद्रीय विश्वविद्यालय संशोधन अधिनियम 2019 और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम 2020 शामिल हैं।

## विकास | पीएम 4 राज्यों को जोड़ने वाले ग्रीन कॉरिडोर का 8 को करेंगे लोकार्पण

# अमृतसर से जामनगर अब 12 घंटे में होगा पूरा

**एजेंसी। बीकानेर**



प्रधानमंत्री 8 जुलाई को राजस्थान के बीकानेर में अमृतसर से जामनगर के बीच ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान बीकानेर के पास ही नौरंगदेसर में प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

केन्द्रीय कानून मंत्री और बीकानेर के सांसद अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को बताया कि 8 जुलाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे के साथ ही केंद्र सरकार के अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने बताया कि रेत के धोरों के बीच ग्रीन कॉरिडोर काफी आकर्षक नजर आता है। हाईवे से नीचे उतरने व चढ़ने के लिए कई मोड़ बनाए गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम को लेकर केंद्रीय मंत्री मेघवाल शनिवार, 1 जुलाई को बीकानेर में जिला प्रशासन के साथ एक बैठक करेंगे। उल्लेखनीय है कि 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत से एक्सप्रेस हाईवे के बनने से अमृतसर से जामनगर के बीच 23 घंटे का सफर घटकर महज 12 घंटे रह जाएगा। इस एक्सप्रेस-वे से राजस्थान के 5 जिले भी जुड़ेंगे। हाईवे के बीच में जगह-जगह मिड-वे होटल्स, टोल प्लाजा, पेट्रोल पंप व चार्जिंग सेंटर भी बनाए जा रहे हैं। छह लेन का हाईवे चार राज्यों को जोड़ेगा। यह छह लेन हाईवे पंजाब के अमृतसर से प्रारंभ होकर गुजरात के जामनगर तक कुल 1316 किलोमीटर दूरी को तय करता है। इस हाईवे की कुल लागत 20 हजार 868 करोड़ रुपये हैं। यह हाईवे चार राज्यों पंजाब, हरियाणा राजस्थान व गुजरात को जोड़गा। महत्वपूर्ण ग्रीन फील्ड परियोजना अमृतसर, बठिंडा, सनारिया, बीकानेर, सांचौर, समाखियाली, जामनगर जैसे औद्योगिक केन्द्रों को आपस में जोड़ता है।

पश्चिमी राजस्थान के ये जिले जुड़ेंगे इस हाईवे राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी सीमा से निकलकर हनुमानगढ़, बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर जिलों से गुजरेगा। इससे बीकानेर से जोधपुर, बाड़मेर व जालोर के बीच का समय भी कम हो जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी भारतमाला योजना के अन्तर्गत 820.26 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रायसिंहनगर-अनूपगढ़- पूगल तक की 162.46 किलोमीटर लंबी सड़क का भी शुभारंभ करेंगे।




# हर साल सिर्फ 2 ही फिल्में करूंगी: सोनम कपूर



**मैटरनिटी** ब्रेक से लौटी बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर आहूजा ने कहा है कि वह फिल्मों को लेकर बहुत सेलेक्टिव रहेंगी और हर साल दो ही प्रोजेक्ट करेगी। एक्ट्रेस अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहती हैं और साल में दो फिल्में करने से वह बेहतर तरीके से टाइम को मैनेज कर सकती हैं। उसी के बारे में बात करते हुए, सोनम ने कहा, मैंने दो साल की छुट्टी ले ली क्योंकि मैं प्रेग्नेंट थी और फिर अपने बेटे के साथ कुछ समय बिताना चाहती थी। अभी दो साल पूरे नहीं हुए हैं और मैंने दो प्रोजेक्ट पर साइन किए हैं, एक शो और एक फिल्म, जिस पर मैं काम करना शुरू करूंगी। यह अगले साल रिलीज होगी, क्योंकि फिल्में इसी तरह चलती हैं।

# रितेश पांडेय की अपकमिंग फिल्म ‘तू तू मैं मैं’ का फर्स्ट लुक आउट



**भोजपुरी** सिने जगत में अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने वाले अभिनेता रितेश पांडेय की अपकमिंग फिल्म "तू तू मैं मैं" का फर्स्ट लुक आउट हो गया। फिल्म का फर्स्ट लुक जियो स्टूडियोज ने जारी किया है, जो एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। विभिन्न भाषाओं के समृद्ध कंटेन्ट के साथ जियो स्टूडियोज ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है, जिसका एक उदाहरण भोजपुरी भी है। जहां एक बार फिर से भोजपुरी के सुपरस्टार के साथ फिल्म ‘तू तू मैं मैं’ पर जियो स्टूडियोज की मुहर लग गई है। बहरहाल, जियो स्टूडियोज प्रस्तुत फिल्म "तू तू मैं मैं" में रितेश पांडेय, विक्रांत सिंह राजपूत, मधु शर्मा, यामिनी सिंह प्रमुख भूमिका में हैं। जबकि फिल्म में भोजपुरी के सबसे वसेटाइल एक्टर अवधेश मिश्रा, प्रकाश जैश, केके गोस्वामी, महेश आचार्य और देव सिंह जैसे दिग्गज कलाकारों की मौजूदगी में यह फिल्म और भी खास नजर आ रही है, जिसकी एक झलक फिल्म के फर्स्ट लुक में भी दिखाई दे रही है। फिल्म का ट्रेलर 1 जुलाई 2023 को रिलीज होने वाला है, लेकिन उससे पहले फिल्म के फर्स्ट लुक दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसमें सभी कलाकारों के चेहरे की भाव-भंगिमा फिल्म को लेकर उत्सुकता पैदा करने वाली है। यूं कहें कि फिल्म के फर्स्ट लुक ने सिने प्रेमियों के बीच निश्चित रूप से उत्साह और दिलचस्पी पैदा कर दी है। वैसे आपको बता दें कि जियो स्टूडियोज प्रेजेंट्स व मैडज मूवीज और एक्कुअल मूवीज प्रोडक्शन की फिल्म ‘तू तू मैं मैं’ की निमार्ता ज्योति देशपांडे, अविनाश रोहरा, समीर आफताब और वेंकट महेश हैं।